रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 26.6° | अधिक. 28.6°
न्यून. 14.5° | न्यून. 15.6°
रांची, शनिवार
22 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 23, पृष्ठ-12

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹3.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

₹ 80200 10 ग्राम
₹ 100000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,311.06 | 86.538 |
| -424.90 | -0.023 |

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

# विस अध्यक्ष ने सभी दलों से की सहयोग की अपेक्षा

- भाजपा और आजसू ने बैठक में नहीं लिया हिस्सा
- स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष की गैर मौजूदगी पर जताई चिंता

नवीन मेल डेस्क



बजट सत्र 24 फरवरी से

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में सर्वदलीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री एवं नेता, झारखंड मुक्ति मोर्चा, हेमंत सोरेन, संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, राजद विधायक सुरेश पासवान, जदयू विधायक सरयू राय, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, जेएलकेएम विधायक जयराम महतो एवं झामुमो विधायक देवेंद्र कुंवर उपस्थित थे। इस सर्वदलीय बैठक में भाजपा और आजसू ने हिस्सा नहीं लिया।

ज्ञात हो कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी 2025 से शुरू हो रहा है।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने दलीय नेताओं एवं प्रतिनिधियों से बजट सत्र के लिए सुझाव मांगे। बैठक में बजट सत्र के कुल 20 दिनों के औपबंधिक कार्यदिवसों के संबंध में चर्चाएं हुईं। आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद के लिए पूर्व से निर्धारित एक दिन की चर्चा को बढ़ाकर दो दिन किया गया, और अनुदान मांगों के लिए पूर्व निर्धारित 11 दिन की चर्चा को घटाकर 10 दिन किया गया है। इसकी संपुष्टि कार्यमंत्रणा की बैठक में ली जाएगी। बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सभी दलों से प्रर्याप्त सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव, माणिक लाल हेंब्रम एवं संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज भी उपस्थित थे।

बैठक के बाद विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्ष का सहयोग आवश्यक है।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### आईएएस पूजा सिंघल को मिली बड़ी राहत

**रांची।** रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) के



विशेष कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए। इस आदेश से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी करने के बाद कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया है।

### पांच राज्यों में जाली नोट छपाई का खुलासा

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, तेलंगाना और तमिलनाडु में 11 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ तलाशी के दौरान जाली भारतीय मुद्रा की छपाई में शामिल सात मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस दौरान नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय ने जाली भारतीय मुद्रा की छपाई में शामिल मॉड्यूल के खिलाफ जारी अभियान के तहत गुरुवार को यह कार्रवाई की है। 8 फरवरी को राजस्व खुफिया निदेशालय ने यूपी के गाजीपुर और कर्नाटक के बेंगलुरु में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

हेमंत सोरेन से मिले अंतरराष्ट्रीय संस्था 'वर्ल्डबीइंग' के सीईओ, सीएम ने कहा

# आदिवासी युवा को सशक्त बनाने को सरकार प्रतिबद्ध

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अंतरराष्ट्रीय संस्था 'वर्ल्डबीइंग' के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) स्टीव लेवेंथल (यूएसए) ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की ओर से 'आरोहण' कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के साथ उनके कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। स्टीव लेवेंथल ने 'आरोहण' कार्यक्रम के जरिए आश्रम आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में आए सकारात्मक बदलावों को भी मुख्यमंत्री सोरेन के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने वर्ल्डबीइंग संस्था द्वारा झारखंड के आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से जाना और उसकी सराहना की।

शेष पेज 11 पर



## युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की जरूरत

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की झारखंड प्रभारी सुनीता मुंडा ने इस संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देने के क्रम में कहा कि यहां के आदिवासी युवाओं में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। विपरीत परिस्थितियों से भी वे लड़ने की पूरी क्षमता रखते हैं। लेकिन, मानसिक रूप से उन्हें थोड़ा मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में यह संस्था अपने 'आरोहण' कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री सोरेन ने भी कहा कि आदिवासी युवा मानसिक रूप से कैसे मजबूत हों, इसमें सरकार आपके द्वारा किए गए कार्यों का गहराई से आकलन कर आगे बढ़ेगी।

**मुख्यमंत्री ने कहा**
- युवा पीढ़ी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उठा रहे ठोस कदम
- 'आरोहण' को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने को सरकार करेगी विचार

### 'आरोहण' को शिक्षा की मुख्य प्रणाली से जोड़ने की जरूरत

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि यह संस्था 'आरोहण' के जरिए बिहार की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भी 'आरोहण' को शिक्षा की मुख्य प्रणाली में कैसे शामिल किया जाए, इसके लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी। इस दिशा में झारखंड के शिक्षकों एवं अधिकारियों की टीम को बिहार में आपके द्वारा किए गए कार्यों को देखने के लिए भेजा जाएगा।

# जैक 10वीं बोर्ड के पेपर लीक मामले में दो किए गए गिरफ्तार


- कोडरमा पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों व्यक्ति स्कूल कोचिंग के हैं संचालक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक मामले पर झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मामले में जांच तेज कर दी है। कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मामले पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की, जिसके बाद जांच टीम द्वारा पेपर लीक मामले में 12 घंटे के अंदर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि पेपर लीक मामले पर पुलिस विभाग ने अपने साइबर सेल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की हर गतिविधि पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मरकच्चो थाने में मामला दर्ज किया गया है। दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव शामिल हैं। इधर, कोषागार से पेपर लीक होने की बात को उपायुक्त ने सीधे तौर पर खारिज किया है। वहीं, पेपर लीक मामले ने राजनितिक तूल भी पकड़ लिया है। झारखंड में पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी तेज हो गई है।

झारखंड अधिविद्य परिषद के 10वीं बोर्ड के हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक कराने के मामले में पुलिस ने कोडरमा जिले के जामु निवासी स्कूल कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव को गिरफ्तार किया है। प्रशांत मरकच्चो प्रखंड के जामू में एक प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर चलाता है। वह भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता प्रकाश साहा का पुत्र है। प्रशांत ने पुलिस को बताया कि उसे मरकच्चो निवासी प्रिंस राणा नामक छात्र ने प्रश्न पत्र दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रिंस मूक-बधिर है, जो खुद इस बार परीक्षा में शामिल होने वाला था। प्रिंस अपने पिता इंद्रदेव विश्वकर्मा और मां आरती देवी के साथ इलाज के लिए बेंगलुरु गया था।

शेष पेज 11 पर



**देवघर-गिरिडीह के अलावा महाराष्ट्र से भी जुड़े हैं तार**

पुलिस सूत्रों के अनुसार पेपर लीक मामले में कई कोचिंग संचालकों के शामिल होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। पूछताछ में महाराष्ट्र और देवघर, गिरिडीह से भी इसके तार जुड़े होने के सबूत मिल रहे हैं, जहां टीम को भेजा गया है। सभी मामलों की जानकारी जैक द्वारा बनाई गई समिति को दे दी गई है।

## दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में आज होगी बारिश-ओलावृष्टि

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में शनिवार को हल्की बारिश और ओलावृष्टि की आशंका है। जिन जिलों में बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है, उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चल सकती है। इनसे सटे मध्यवर्ती जिलों रांची, खूंटी और गुमला में भी हल्की बारिश और

**वज्रपात की भी है आशंका**



वज्रपात होने की आशंका है। वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, रांची और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को मौसम साफ रहा

शेष पेज 11 पर

### ईडी ने बीबीसी वर्ल्ड सर्विस पर लगाया 3.44 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** 'बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया' पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 3.44 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। उसके तीन निदेशकों में से प्रत्येक पर भी 1.14 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। ईडी के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह जुर्माना प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर लगाया गया है।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड के आईआरएस का केरल में मिला शव

कोच्चि (आईएएनएस)



- कोच्चि के सेंट्रल एक्साइज स्टाफ क्वार्टर में मां-बहन का भी शव बरामद
- घर में हिंदी में लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला, आत्महत्या की आशंका

कोच्चि के पास कक्कनाड स्थित सेंट्रल एक्साइज स्टाफ क्वार्टर में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अफसर और उनकी मां-बहन का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। अफसर झारखंड के रहने वाले थे। घर से हिंदी में लिखा एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। आत्महत्या का पता गुरुवार (20 फरवरी) की रात को चला। मृतकों की पहचान जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त मनीष विजय अग्रवाल, उनकी मां शकुंतला और बहन शालिनी के रूप में हुई है। वे झारखंड के मूल निवासी हैं। पुलिस को संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। अफसर के परिजनों को मौत की जानकारी दे दी गई है। पुलिस के मुताबिक उनके परिजनों का इंतजार किया जा रहा है। सुसाइड नोट में विदेश में रह रही बहन को सूचित करने का आग्रह किया गया है।

मनीष एक सप्ताह से ऑफिस नहीं पहुंचे थे। वह छुट्टी पर थे। उन्हें गुरुवार को वापस ड्यूटी पर लौटना था। जब उन्होंने कॉल का जवाब नहीं दिया, तो सहकर्मी घर पहुंचे। यहां मनीष और उनकी बहन के शव फंदे पर लटके मिले थे। बाद में उनकी मां शकुंतला का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। केरल पुलिस की जांच टीम ने जब घर का दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि मां का शव सफेद कपड़े में लिपटा हुआ था और उसके दोनों ओर फूल रखे हुए थे। मनीष और उनकी बहन शालिनी दोनों ही अविवाहित थे। पुलिस को केवल हिंदी में लिखा एक सुसाइड नोट ही मिल सका, जिसमें कहा गया था कि उनकी बहन, जो विदेश में है, को सूचित किया जाए।

शेष पेज 11 पर

इंडिया

# हीन भावना से मिटती भाषाई अस्मिता और संस्कृति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

संस्कृति के साथ भाषाओं को मिटाने का जो संगठित और सुविचारित कुचक्र लॉर्ड मैकाले ने 1835 में भारत को गुलाम बनाने के लिए रचा उसका स्पष्ट प्रभाव आज हम देख रहे हैं।मैकाले ने इसके तहत 'अधोगामी निस्पंदन का सिद्धांत' दिया था जिसमें भारत के उच्च तथा मध्यम वर्ग के एक छोटे से हिस्से को शिक्षित करना था। जिससे, एक ऐसा वर्ग तैयार हो, जो रंग और खून से भारतीय हो, लेकिन विचारों और नैतिकता में ब्रिटिश हो। यह वर्ग सरकार तथा आम जनता के मध्य एक कड़ी की तरह कार्य करे। मैकाले ने प्राच्य साहित्य की आलोचना करते हुए कहा था कि, भारतीय संस्कृति और साहित्य की क्षमता यूरोप की किसी एक पुस्तकालय की एक अलमारी के बराबर है। यह मानकर मैकाले ने भारतीय संस्कृति तथा धर्म की महानता व सहिष्णुता का अपमान किया है।आज जब अंग्रेजी स्कूलों के बच्चे यह पूछते हैं कि अंकल आपने ग्वाभा या बनाना ट्री देखा है? क्या आप भी हिंसक हिंदू हैं और मंकी गॉड को मानते हैं?हर भारतीय जो महानगरों से लेकर विदेशों तक में बसा है उसकी पहचान किसी न किसी गांव,भाषा और संस्कृति से जुड़ी है जिसे वह या तो भूल गया है या भूलने की प्रक्रिया में है क्योंकि उसे यह बताया गया कि उसकी गंवारू पहचान और भाषा संस्कृति बहुत घटिया और अवैज्ञानिक है जबकि पश्चिमी संस्कृति बहुत ही शानदार और वैश्विक है। दूसरी ओर भारत के आध्यात्मिक स्थलों में दिनों दिन बढ़ती भीड़ में वैसे लोग हैं जो भौतिकवादी और भोगवादी पश्चिमी संस्कृति से हताश होकर गरीबी के बीच शांति और संतुष्टि खोज रहे हैं। हरिद्वार में एक जर्मन दंपति पूरे भक्तिभाव से गंगाजी की पूजा का संकल्प कराने का कठिन अभ्यास करते देखकर पूछा कि आप अपने धर्म से अलग सनातन धर्म पीपी 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर असम के डिब्रूगढ़ स्थित एक कार्यालय में आयोजित अपनी मातृभाषा में लिखित अभिव्यक्ति प्रतियोगिता में जब वहां के कर्मचारियों से उनकी मातृभाषा में लिखने को कहा गया, तो 'आई एम वैरी पुअर इन हिंदी' वाली प्रसिद्ध कहावत मातृभाषाओं पर भी लागू होती नजर आई।

अधिकांश कर्मचारियों ने यह कहा कि उन्हें अपनी मातृभाषा में कुछ लिखे तो अरसा बीत गया है। जब से नौकरी लगी है, तब से कार्यालय में अधिकांशतः लिखित कार्य अंग्रेजी तथा मौखिक वार्ता हिंदी में ही होती है। अपने समुदाय के लोगों से हम मातृभाषा में बात अवश्य कर लेते हैं, परंतु लिखना तो लगभग छूट ही गया है। जब घर-परिवार से लेकर बाजार और कार्यालय तक हर जगह अंग्रेजी और हिंदी का ही बोलबाला है, तो मातृभाषा में लिखित अभिव्यक्ति कहां संभव हो पाएगी !कोई शक नहीं कि विगत कुछ वर्षों से लोगों में अपनी मातृभाषा के प्रति आकर्षण बढ़ा है और इसलिए भाषाई मीडिया एवं समाचार पत्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। क्या सिर्फ इसी से मातृभाषाएं बच पाएंगी? विश्व के प्रसिद्ध भाषाविदों द्वारा किसी भी भाषा की जीवंतता मापने हेतु कुछ कसौटियां निर्धारित की गई हैं, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक उस भाषा का अंतरण, उस भाषा में ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्रों में होने वाले कार्य, उस भाषा द्वारा नई तकनीक को अपनाना, भाषा के विविध रूपों का दस्तावेजीकरण तथा उस भाषा के बारे में महत्वपूर्ण संस्थाओं की नीतियां शामिल हैं। यदि हम इन कसौटियों पर भारतीय भाषाओं को परखेंगे, तो स्थिति स्वतः स्पष्ट हो जाएगी कि भारतीय मातृभाषाओं की वर्तमान स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि, दुनिया भर में कमोबेश अधिकांश मातृभाषाओं की स्थिति यही है।



यूनेस्को के अनुसार, विश्व में अभी लगभग 7000 भाषाएं बोली जाती हैं, परंतु बड़ी संख्या में भाषाओं के विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है। किसी भी एक भाषा के विलुप्त होने से वह अपने साथ संबंधित समुदाय की संपूर्ण संस्कृति एवं बौद्धिक विरासत भी ले जाती है। भारत में लगभग 550 आदिवासी समुदायों की अपनी-अपनी बोलियां हैं, परंतु इनमें से कई बोलियां विलुप्ति के कगार पर हैं, क्योंकि इन्हें बोलने वाले सिर्फ हजारों में ही बचे हैं। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 197 भाषाएं संकटग्रस्त श्रेणी में हैं। इनमें से 81 भाषाएं संकटग्रस्त, 63 भाषाएं लुप्तप्राय, छह खतरे में तथा 42 भाषाओं पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है तथा पांच भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं।छत्तीसगढ़ी को छत्तीसगढ़ की राजभाषा का दर्जा देने के बाद भी वहां के लोग इसके भविष्य के प्रति चिंतित हैं। हिंदी भाषी राज्यों में बोली जाने वाली मातृभाषाओं की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां के लोगों ने अपनी मातृभाषाओं के स्थान पर हिंदी को ही मातृभाषा बताना शुरू कर दिया है। बिहार और पूर्वांचल इलाके में करोड़ों लोगों द्वारा बोली जानेवाली भाषा भोजपुरी सिर्फ गांव-देहात में ही बोली जानेवाली भाषा बन गई है। वहां के शहरी एवं आप्रवासी परिवार अपने बच्चों को भोजपुरी के स्थान पर हिंदी बोलने के लिए बाध्य करते हैं। यही हाल राजस्थान, मध्य प्रदेश व अन्य उत्तर भारतीय राज्यों का है, जहां हिंदी तेजी से मातृभाषाओं का स्थान लेती जा रही है। हालांकि, मातृभाषाओं के प्रति बढ़ती अरुचि के पीछे स्थानीय भाषा के बजाय बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने को वरीयता देना भी है। यदि भाषाई अस्मिता ही सीखनी है, तो इस्राइली लोगों से सीखनी चाहिए, जिन्होंने 2,000 साल से मृत पड़ी हिब्रू भाषा को न सिर्फ जीवित किया, बल्कि आज उन्होंने उसे वैज्ञानिक शोध, नवाचार और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान व निर्माण की श्रेष्ठतम वैश्विक भाषाओं में से एक बना दिया है। सिर्फ अपनी भाषा के बल पर मात्र 40 लाख की जनसंख्या वाला देश इस्राइल विज्ञान के दर्जनों नोबेल पुरस्कार जीत चुका है, जबकि हम आज भी अंग्रेजी के पिछलग्गू बने हुए हैं। अच्छी बात यह है कि महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारतीय, पूर्वी तथा पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय भाषाओं में साइन बोर्ड, बैनर आदि प्रदर्शित करना किसी भी संस्थान के लिए अनिवार्य है, परंतु इन राज्यों में भाषाई अस्मिता के नाम पर अंग्रेजी को हिंदी के ऊपर वरीयता दी जाती है। हालांकि, यह व्यवस्था भी सिर्फ बड़े संस्थानों की नाम पट्टिकाओं तक ही सीमित है। हिंदी भाषी राज्यों में तो यह अनिवार्यता भी नहीं दिखती। एक तरह से सरकार, प्रशासन और संस्थाएं स्थानीय लोगों को मातृभाषाओं के स्थान पर अंग्रेजी और हिंदी लिखने, समझने और बोलने के लिए बाध्य करती हैं।1980 में झारखंड की अस्मिता के नाम पर जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग की स्थापना हुई जिसमें एमए स्तर तक पढ़ाई को मान्यता है पर स्नातकोत्तर विभाग की 9 भाषाओं में के स्वीकृत 54 पदों के विरुद्ध सिर्फ 15 शिक्षक हैं और किसी तरह पढ़ाई की औपचारिकता पूरी हो रही है जिससे विद्यार्थी इसमें रुचि नहीं लेते । झारखंडी भाषाओं की ऐसी दुर्गति राजधानी रांची में हो रही है तो शेष का अंदाजा लगाया जा सकता है।

यूएसएआईडी की 'चुनाव फंडिंग'

## यह बहुत ही परेशान करने वाली बात है : जायसवाल

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) से संबंधित जो जानकारी दी है, उसकी जांच संबंधित विभाग और एजेंसियां कर रही हैं। बता दें डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी की 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग रद्द कर दी है। इसके बारे में उनका दावा है कि इसका इस्तेमाल भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान संवाददाताओं से कहा, हमने अमेरिकी प्रशासन की ओर से यूएसएआईडी की कुछ गतिविधियों और फंडिंग के बारे में दी गई जानकारी देखी है। ये स्पष्ट रूप से बहुत ही परेशान करने वाली हैं। इससे भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं पैदा हुई हैं। जायसवाल ने कहा, संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय कोई सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उम्मीद है कि हम बाद में इस पर कोई अपडेट दे पाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी के माध्यम से 21 मिलियन डॉलर खर्च करने के पीछे बाइडेन प्रशासन की मंशा पर बार-बार सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में भारतीय समयानुसार एफआईआई प्राथमिकता शिखर सम्मेलन में बोलते हुए कहा



- विदेश मंत्रालय ने कहा, आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप चिंताजनक
- संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की कर रही हैं जांच

शेष पेज 11 पर

# पोस्ते की फसल पूर्णत: नष्ट करें : मुख्य सचिव

## पोस्ते की खेती पर रोकथाम के लिए दो माह पहले दिए निर्देश पर हुई कार्रवाई की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान का सकारात्मक परिणाम दिख रहा है, लेकिन पोस्ते की फसल की सौ फीसदी विनष्टीकरण सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े अधिकारी आपसी समन्वय को और मजबूत तथा कारगर करें। जितने कांड दर्ज हुए हैं, उससे कम गिरफ्तारी को इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा गिरफ्तारी और उन्हें सजा दिलाने पर फोकस करें। उन्होंने विनष्टीकरण की प्रक्रिया में जरूरी संसाधनों का वास्तविक आकलन करने पर बल देते हुए कहा कि जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल लगी होने की सूचना पर उन्होंने पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान को 15 मार्च तक जारी रखने का निर्देश दिया। वह शुक्रवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ दो माह पहले अपनी अध्यक्षता में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर रही थीं।



समीक्षा के दौरान गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीक, पंचायती राज विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे समेत संबंधित प्रमंडलों के आइजी, संबंधित जिलों के एसपी और डीसी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### 243 कांड किए गए दर्ज, 190 की हुई गिरफ्तारी

समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की फसल के विनष्टीकरण के दौरान कुल 283 कांड और 958 सनहा दर्ज किये गये है। इस संदर्भ में कुल 190 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस प्रमुख श्री अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वन विभाग द्वारा पोस्ते की खेती को लेकर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट को आधार बना कर संबंधित लोगों पर एफआइआर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में वन विभाग कानूनन सिर्फ अतिक्रमण का मामला दर्ज करता है, जो पोस्ते की खेती की गंभीरता को देखते हुए कमतर कार्रवाई होती है।

### 19 हजार एकड़ से अधिक भूमि पर लगी पोस्ते की फसल की गई नष्ट

समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान कुल 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया है, जो पिछले कुछ वर्षो से चार गुणा अधिक है। सबसे अधिक खूंटी में 10,520 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची जिला है, जहां 4624 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई है। सबसे कम पलामू में 396 एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया गया है। बताया गया कि कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल को नष्ट करना बाकी है, जहां स्पेशल ड्राइव चलाकर कार्रवाई चल रही है। गौरतलब है कि पोस्ते की खेती से झारखंड के कुल आठ जिले चतरा, खूंटी, लातेहार, रांची, पलामू,चाईबासा, सरायकेला, और हजारीबाग प्रभावित हैं।

### जन जागरूकता पर दिया बल

इस दौरान मुख्य सचिव ने एक बार फिर पोस्ते की खेती के खिलाफ जनजागरूकता पर बल दिया। उन्होंने पोस्ते की खेती को हतोत्साहित करने के लिए लोगों को फसल के अन्य विकल्पों से जोड़ने को जरूरी बताया। कहा, कुछ जगहों पर वैकल्पिक खेती से जोड़े गये लोगों द्वारा उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ते की खेती का भौतिक सत्यापन के साथ सेटेलाइट की सहायता से भी प्रभावित क्षेत्र को चिह्नित करने का निर्देश दिया।

# पेपर कैसे लीक हुआ यह जांच का मुद्दा : अन्नपूर्णा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मैट्रिक जैक बोर्ड के हिंदी और विज्ञान पेपर लीक मामले में कोडरमा से गिरफ्तार भाजपा नेता के पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। इस में संबंध में केंद्रीय मंत्री से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मामले में चाहे जो भी शामिल हो, उसपर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मामला यह नहीं है कि गिरफ्तार कौन हुआ है, मुद्दा ये है कि पेपर लीक कैसे हुआ। जैक बोर्ड की परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र की छपाई से लेकर उसे जिलावार भेजने तक में काफी गोपनीयता रखी जाती है। ऐसे में यह जांच का मुद्दा है कि पेपर कैसे लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य झारखंड सरकार ऐसे मामलों पर बिल्कुल संवेदनहीन है।



### पेपर लीक गिरोह भाजपा के संरक्षण में फला फूला : मनोज



**रांची।** मैट्रिक जैक बोर्ड के हिंदी और विज्ञान पेपर लीक मामले पर झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा कि पेपर लीक का गिरोह भाजपा के संरक्षण में फला फूला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसे कई मामलों में शामिल है। उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती घोटाला और अन्य कई मामले शामिल हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के बयान पर कहा कि झारखंड सरकार गोपनीयता का प्रयास करती है।

### भाजपा की फितरत है चोरी और सीना जोरी : कमल ठाकुर



**रांची।** मैट्रिक पेपर लीक मामले कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा भाजपा की फितरत में है चोरी करके सीना जोरी करना। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के बयान पर उन्होंने कहा कि सरकार गोपनीयता रखने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में झारखंड सरकार जिम्मेदारी से काम कर रही है। चाहे वह कोई अधिकारी हो या कोई भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# थाने के सामने से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई

- *बेटी के एडमिशन के लिए मां ने बैंक से निकले थे रुपए*
- *पुलिस कर रही जांच*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में आए दिन लूट और चोरी की वारदातें सामने आती है। शुक्रवार को भी अपराधियों ने अपने बढ़ते मनोबल का नमूना पेश किया। दरअसल धुर्वा थाना क्षेत्र के बैंक से पैसे निकाल कर जा रही एक महिला से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई की वारदात को अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिंदु देवी नाम की महिला से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई की गई है। पीड़ित महिला बेटी के नर्सिंग में एडमिशन के लिए बैंक से रुपयों निकलने गई थी। वो अपने देवर के साथ धुर्वा स्थित एसबीआई बैंक कैश निकालने पहुंची थी। जब वो बैंक से पैसे निकाल कर वापस लौट रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने महिला से डेढ़ लाख रखे बैग को छीन लिया।

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन में जुटी पुलिस :** पीड़ित महिला ने शोर भी मचाया लेकिन तब तक अपराधी बाइक से तेज गति से वहां से फरार हो गए। इसके बाद महिला ने धुर्वा थाना में मामला दर्ज कराया है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच धुर्वा पुलिस कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। साथ ही चश्मदीद से जानकारी ली जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस छिनतई को लेकर आशंका जताई जा रही है कि रेकी करने के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है।

### किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का हुआ समापन, डॉ एनबी चौधरी ने कहा

# वैज्ञानिकों व कृषकों के बीच आपसी समन्वय आवश्यक




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आईसीएआर-निसा-नामकुम ने किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2025 के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य-अतिथि पद्मश्री अशोक भगत थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ एनबी चौधरी सीएसबी सीटीआरटीआई एवं डॉ अमित पांडेय निदेशक आईसीएफआरई वन उत्पादकता संस्थान ने सहभागिता किया। डॉ एनबी चौधरी ने वैज्ञानिकों एवं कृषकों के सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इन दोनों का आपसी समन्वय, चर्चा एवं तकनीकी जानकारी, अनुभव साझाकरण आवश्यक है। इस अवसर पर सस्थान द्वारा तसर रेशम उद्योग की गतिविधियों पर प्रदर्शनी भी लगाई गयी जिसके बारे में तसर कृषकों को जानकारी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य सरक्षक एवं आयोजन अभिजित कर, निदेशक, आईसीएआर-निसा-नामकुम रांची ने तसर कृषि मेला के कार्यक्रम की महत्ता एवं संस्थान के योगदान पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संसथानों एवं स्टाल को पुरस्कृत किया गया।

### जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का विकास भारती में हुआ स्वागत

**रांची।** जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का आगमन गुरुवार शाम विकास भारती में हुई। इस दौरान उप-राज्यपाल के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने स्मृति चिह्न व विकास भारती के अध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने झारखंडी अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभुद्धजनों द्वारा जम्मू- कश्मीर के विषय पर उपराज्यपाल के साथ खुला संवाद हुआ। इस दौरान तकनीकी संस्थानों के शिक्षाविद, जनजातीय चिंतक, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत सिन्हा, डीएसपीएमयू विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य, कई निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति व पूर्व कुलपति, विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधि, प्रतिष्ठित व्यवसायीगण, वरिष्ठ प्रचारक गुरुशरण, अनिल ठाकुर, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक सीपी सिंह व नवीन जायसवाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, सुदर्शन भगत, महेश पोद्दार, पूर्व विधायक समरी लाल व गंगोत्री कुजूर सहित विभिन्न संगठनों के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



# झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी के राजू का रांची में जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुलाम अहमद मीर की जगह पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी नियुक्त किए गए राष्ट्रीय महासचिव के. राजू आज सेवा विमान से रांची पहुंचे। प्रदेश प्रभारी के रूप में पहली बार रांची पहुंचने पर उनका एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित कई नेताओं ने नए प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी के स्वागत के लिए टाना भगत भी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे थे। पारंपरिक ढोल-नगाड़े और छऊ नृत्य, कलश नृत्य का भी प्रदर्शन किया गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू ने सीधे डोरंडा जाकर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



# उर्दू किसी जाति या धर्म विशेष की भाषा नहीं : डॉ इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उर्दू भाषा पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को अपनी भाषा पर संयम रखना चाहिए और अनावश्यक, भड़काऊ टिप्पणियों से बचना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे इस तरह की बयानबाजी जारी रखते हैं, तो उन्हें रांची लाकर कांके मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती कराना पड़ेगा। मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि उर्दू किसी जाति या धर्म विशेष की भाषा नहीं है, बल्कि यह सभी समाज को जोड़ने वाली भाषा है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वे अपनी हरकतों से बाज आएं और किसी विशेष समुदाय को बार-बार निशाना बनाना बंद करें। मंत्री डॉ. अंसारी ने स्पष्ट किया कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य में इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी जारी रखी, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि राजनीति में ऐसे विचारधारा रखने वाले लोगों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।



ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उर्दू भाषा पर अवांछित और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसे लेकर कई बुद्धिजीवियों और भाषा प्रेमियों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि उर्दू एक समृद्ध, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक भाषा है, जिसे किसी विशेष समुदाय से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

# सर्वदलीय बैठक में भाजपा विधायक हुए शामिल, फिर बोले-गलती हो गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल होने को लेकर भाजपा में असमंजस की स्थिति उत्पन हो गई। विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा पूरे मामले की सूचना वरिष्ठ भाजपा विधायक सीपी सिंह को दी गई थी। उन्होंने यह कहते हुए बैठक में जाने से इंकार किया कि स्पीकर के द्वारा दल के प्रदेश अध्यक्ष को सूचना नहीं दी गई। साथ ही नेता विधायक दल का चयन अभी नहीं हो पाया है। ऐसे में वह बैठक में शामिल नहीं हो सकते। लेकिन दूसरी तरफ भाजपा के जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर बैठक में शामिल हो गए। पूछने पर उन्होंने कहा कि उन्हें बैठक में शामिल होने के लिए अधिकृत नहीं किया गया था। वह अपने आवास के विषय पर अध्यक्ष से मिलने गए थे। लेकिन गलती से उन्होंने सर्वदलीय बैठक के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए। देवेंद्र कुंवर ने स्वीकार किया कि उनसे बैठक में शामिल होने की गलती हो गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस संबंध में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा उन्हें या पार्टी को कोई सूचना नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किसी को बैठक में शामिल होने के लिए अधिकृत भी नहीं किया गया था। अगर स्पीकर ने किसी को बैठक की सूचना दी तो यह उनकी जानकारी में नहीं है।

# राज्य के शहरों के समेकित विकास की योजनाए बनाएं : प्रधान सचिव

- *जुडको के साथ पेयजलापूर्ति की प्रगति पर हुई चर्चा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि शहरीकरण से संबंधित दूसरे राज्यों में विकास की योजनाओं पर एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा काम किया जा रहा है। उसका अध्यन कर परियोजनाएं बनाई जाए। कुमार ने यह निर्देश जुडको के अधिकारियों को दिया। बता दें कि शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में जुडको के साथ कार्य कर रही एशियन डेवलपमेंट बैंक के वरीय अधिकारियों ने प्रधान सचिव से मुलाकात की।



प्रधान सचिव से मुलाकात के दौरान एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की वरीय शहरीकरण विशेषज्ञ मोमोटो नीटा टाडा और वरीय परियोजना अधिकारी विशाल कुमार ने जुडको के साथ चल रही पेयजलापूर्ति एवं अन्य योजनाओ की प्रगति पर चर्चा की। एडीबी के प्रतिनिधियों ने प्रधान सचिव से कहा कि उनका बैंक रांची और धनबाद सीवरेज परियोजना पर कार्य करना चाह रहे है। इसके लिए सभी सभी जरूरी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। डीपीआर भी बन कर तैयार है।

प्रधान सचिव ने जुडको के उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र एवं एडीबी के प्रतिनिधियों से कहा कि समेकित शहरी आधारभूत संरचन विकसित करने के लिए योजनाएं बनाई जाए। जिससे शहरों में रहने वालों को हर प्रकार की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि तेजी से शहरीकरण हो रहा है। इसलिए शहरीकरण के हिसाब से काम होना चाहिए और परियोजनाएं बननी चाहिए।

### मंत्रियों का आशियाना तैयार

# बंगले आबंटित, 3 नंबर बंगले में रहेंगे वित्त मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 11 मंत्रियों के लिए धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में तैयार बंगलों का आबंटन कर दिया गया है। इन बंगलों का निर्माण लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। स्मार्ट सिटी के एक ही कैंपस में बनाए गए इन बंगलों में रहने वाले मंत्रियों के लिए तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### क्या हैं बंगले की खासियत

हर एक बंगले का क्षेत्रफल 16,321 वर्ग फीट है, जबकि बिल्टअप एरिया लगभग 8,000 वर्ग फीट है। इन बंगलों को दो हिस्सों में बांटा गया है, जिनमें पहला हिस्सा रेजिडेंशियल ब्लॉक है और दूसरा हिस्सा एनेक्स ब्लॉक है। एनेक्स ब्लॉक का निर्माण मंत्रियों के कामकाज की जरूरतों के हिसाब से किया गया है।

### मंत्रियों को आबंटित बंगले

**बांगला नंबर 1 :** नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च शिक्षा, पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू

**बांगला नंबर 2 :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

**बांगला नंबर 3 :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

**बांगला नंबर 4 :** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण, खाद्य सार्वजनिक एवं उपभोक्ता मंत्री इरफान अंसारी

**बांगला नंबर 5 :** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**बांगला नंबर 6 :** जल संसाधन विभाग, अल्प संख्यक विभाग मंत्री हफीजुल हसन

**बांगला नंबर 7 :** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा

**बांगला नंबर 8:** राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ

**बांगला नंबर 9 :** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह

**बांगला नंबर 10 :** स्कूली, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्री रामदास सोरेन

**बांगला नंबर 11:** श्रम, नियोजन , प्रशिक्षण, उधोग मंत्री संजय प्रसाद यादव

# 'आजसू को झारखंड की जनता का चौकीदार बनकर खड़ा होना होगा'

- *झारखंड की राजनीति को नई दिशा देने के संकल्प के साथ उत्तरी छोटानागपुर स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक मधुबन, गिरिडीह में संपन्न*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजनीति में एक नई ऊर्जा और दिशा देने के संकल्प के साथ उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक मधुबन, गिरिडीह में संपन्न हुई। इस बैठक में धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग और चतरा जिले के केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला एवं नगर स्तर के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, संगठन के विस्तार, आगामी चुनावी तैयारियों और जनसंपर्क अभियान को लेकर गहन चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में सुदेश महतो ने की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी को झारखंड की जनता का चौकीदार बनकर खड़ा होना होगा और झारखंडी जनमानस के नेतृत्व को अपना लक्ष्य बनाना होगा। एक मजबूत विपक्ष के रूप में स्थापित होने के लिए यह जरूरी है कि पार्टी के कार्यकर्ता सरकार की घोषणाओं का मूल्यांकन करें और देखें कि वे जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी हो रही हैं। जवाबदेह और जिम्मेदार कार्यकर्ता ही पार्टी को प्रतिष्ठित कर सकते हैं, इसलिए कार्यकर्ताओं को राजनीतिक रूप से परिपक्व होना आवश्यक है।



### महत्वपूर्ण निर्णय व संगठन विस्तार पर विशेष जोर

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि झारखंड केवल किसी एक व्यक्ति के निर्णय से नहीं, बल्कि सामूहिक सहमति से चलेगा। व्यापक वैचारिक एकता को बल देने के लिए सभी स्तरों पर संवाद और समन्वय को प्राथमिकता दी जाएगी। संगठन के विस्तार पर विशेष रूप से चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र के 24 विधानसभा, 5 लोकसभा और 6 जिलों के सभी गांवों तक संगठन को मजबूत किया जाएगा।

बैठक को पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, दीपक महतो समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

इसके अलावा, आगामी नगर निकाय चुनावों को देखते हुए नगर क्षेत्रों में भी संगठन के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए 'युवा संवाद' कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी, जिसके तहत श्री सुदेश महतो स्वयं हर जिले और प्रखंड में जाकर युवाओं से संवाद स्थापित करेंगे। महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई जाएगी, जिससे संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका बढ़े।

बैठक में सोशल मीडिया की भूमिका को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। यह तय किया गया कि संगठन के विस्तार में सोशल मीडिया को एक प्रभावी माध्यम के रूप में उपयोग किया जाएगा और इसके लिए विशेष रूप से विषयों का चयन किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पार्टी को झारखंड के सबसे बड़े विपक्ष के रूप में मजबूती से खड़ा करने के संकल्प को दोहराया और झारखंड की जनता के हक और अधिकार की लड़ाई को और अधिक प्रभावी बनाने पर सहमति जताई।

बैठक में पार्टी के महासचिव यशोदा देवी, महासचिव विजय साहू, सुधा देवी, बबीता कुमारी, टिकैत महतो, गुड्डू यादव, सचिन महतो, दिलीप दांगी, मंटू महतो, परमेश्वर महतो, शिवलाल दांगी, प्रियंका शर्मा, खुशबू कुमारी, नवीन महतो, परवाज खान, संजय साहू, कम्पू यादव, करण महतो, संजय मेहता, बबलू महतो समेत प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिलों के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मार्गों पर मार्किंग व साइनेज का संकेतक लगाएं : सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने विभागीय अभियंताओं को निर्देश दिया है कि राज्य में पथ प्रमंडलों एवं राष्ट्रीय उच्च पथ की सड़कों पर जहां-जहां भी आवश्यकता हो मरम्मत करा कर सरफेश को समतल बना कर सुलभ यातातात उपलब्ध कराया जाए।

श्री कुमार ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में आयोजित पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में यह निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उन्नत और यातायात के लिए सुचारू सड़कें ही राज्य की गरिमा बढाएंगी। लोगों के मन में अच्छी धारणा बनेगी। इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएं।

प्रधान सचिव ने कहा कि यातायात संचालन एवं वाहन चालकों की सुविधा के लिए सड़क पर सभी आवश्यक संकेतक और साइनेज लगाए जाएं। जिससे दुर्घटना की संभावना नहीं रहे। इसके अलावा सड़कों पर जेब्रा निशान व अन्य सभी जरूरी मार्किंग कराई जाए। रोड स्टैंड (कैट आईज )से संबंधित कार्य जल्द से जल्द कराया जाए।

### योजनाओं के लिए आवंटित राशि का हरहाल में उपयोग किया जाए

श्री कुमार ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि योजनाओं के लिए आवंटित राशि का हरहाल में उपयोग किया जाए। राशि किसी भी हालत में लैप्स नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग में चल रही जो भी योजनाएं अधूरी हैं या पूरा होने के करीब हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही सड़क निर्माण से संबंधित भूमि अधिग्रहण के मामलों का निष्पादन जल्द करा का कार्य आरंभ किया जाए। इसके अलावा पथों के निर्माण के लिए वांछित वन भूमि अपयोजन के मामलों का निपटारा भी किया जाए।

## झारखंड जगुआर का 17 वां स्थापना दिवस

# उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में झारखंड जगुआर ने बनाई अलग पहचान : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड जगुआर (एसटीएफ) का शुक्रवार को 17 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के तौर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने परेड की सलामी ली। साथ ही झारखंड जगुआर के कमांडो दस्ते ने नक्सलियों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई का प्रदर्शन भी किया। मौके पर डीजीपी ने उग्रवाद उन्मुलन में झारखंड जगुआर की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में कार्यरत अर्द्ध सैनिक बलों के साथ मिलकर इस बल ने अत्यंत दुर्गम एवं संवेदनशील बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्र एवं अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र को नक्सल मुक्त बनाने में अपना अप्रतिम योगदान दिया है। नक्सलियों की संख्या एवं नक्सल हिंसा में जो कमी आई है, यह झारखंड जगुआर के उच्च नेतृत्व व उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिचायक है। आज झारखंड जगुआर राज्य में उग्रवादी गतिविधियों में शामिल सभी संगठनों का मुंहतोड़ जवाब देने और उन्हें जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह तत्पर है।

आईजी अनुप बिरथरे ने कहा कि झारखंड जगुआर के विगत 17 वर्षों में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में उपलब्धियों को साझा किया है। चाहे पारसनाथ की ऊंची पहाड़ियां हो या सारंडा के घने जंगल, चाहे बूढ़ा पहाड़ का दुरूह इलाका हो अथवा पारसनाथ पहाड़ का दुर्गम क्षेत्र, झारखंड जगुआर ने अपनी शौर्यपूर्ण उपस्थिति सभी जगह दर्ज कराई है। पिछले 17 वर्षों में इस बल नें अनेकानेक अभियानों में सफलताएं पाई है जिसमें झारखंड जगुआर के विभिन्न वर्गों द्वारा 297 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है और विभिन्न अभियानों के दौरान 34 दुर्दान्त उग्रवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। झारखंड जगुआर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अब तक 02 अत्ति उत्कृष्ट सेवा पदक, 07 उत्कृष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा के लिए 56 पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 02 राष्ट्रपति पुलिस पदक, वीरता के लिए 17 राष्ट्रपति पुलिस पदक, 54 आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक, वीरता के लिए 76 झारखण्ड मुख्यमंत्री पदक, सराहनीय सेवा के लिए 63 झारखण्ड पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 03 झारखंड राज्यपाल पदक तथा 04 केन्द्रीय गृहमंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक से सम्मानित किया जा चुका है। आज झारखंड जगुआर राज्य में उग्रवादी गतिविधियों में शामिल सभी संगठनों का मुंहतोड़ जवाब देने और उन्हें जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह तत्पर है। झारखण्ड राज्य को देश में एक उग्रवाद राज्य मुक्त बनाने की दिशा में झारखण्ड जगुआर अहम भूमिका निभा रही है।



### डीजीपी ने सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा की

रांची। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सभागार सहारा ग्रुप से संबंधित कांडों का किए जा रहे अनुसंधान के मद्देनजर व्यापक रूप से समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक ने सहारा ग्रुप से संबंधित लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का सार्थक प्रयास करने, अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता को आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग करने, काण्डों के पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य का गहराई से विश्लेषण कर दोषियों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### शहीद के परिजनों को सम्मान, रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

स्थापना दिवस के इस अवसर पर झारखण्ड जगुआर के 23 शहीद पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के शहादत को नमन करते हुए उनके गृह जिला जाकर उनके परिवारों को सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर झारखण्ड जगुआर मुख्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस पदाधिकारी/ कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### भारत बहुभाषिक और बहुजातीय देश है : डॉ. तपन कुमार

**रांची।** अंतरराष्टNीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र रांची और डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतर राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2025 स्मरणोत्सव एकदिवसीय संगोष्टी श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। इस दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ। कुमार संजय झा ने कहा कि मातृभाषा में हमारी संस्कृति को सुरक्षित रखने की अपार शक्ति है। लेकिन वर्तमान समय में यह कमजोर हो रही है। पहले शादी-विवाह और पारिवारिक अवसरों पर जो पारंपरिक गीत गाए जाते थे, वे आज की पीढ़ी अनजान हो रहे हैं। इसके कारण यह केवल भाषा का नहीं, बल्कि संस्कृति का भी ह्रास है। डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ। तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत बहुभाषिक और बहुजातीय देश है, जहां अनेकता में एकता इसकी विशेषता है। चिंतन, मनन, ज्ञान-विज्ञान और सृजन का आधार भी है। डॉ।रामदयाल मुंडा आदिवासी कल्याण शोध संस्थान, के पूर्व निदेशक रणेन्द्र कुमार ने कहा कि भाखा और भाषा के बीच विभाजन अंग्रेजों की विभाजनकारी नीति का परिणाम रहा है। झारखंड में 32 जनजातियों की अपनी अपनी भाषाएं हैं। ये सभी भाषाए लुप्त हो रही हैं। इसे बचाने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है।

## न्यूज बॉक्स

### सीएमपीडीआई व सीआईपीईटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**रांची।** सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआई) एवं सेन्ट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा तथा सीआईपीईटीः सीएसटीएस के संयुक्त निदेशक/प्रमुख प्रवीण बी बछव के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई की ओर से सीएसआर टीम तथा सीआईपीईटी की ओर से अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस समझौता ज्ञापन के तहत सीआईपीईटी, हेहल में झारखंड के 40 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग (एमओ-पीपी) तथा 40 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग (एमओ-आईएम) टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप पाठ्यक्रम छह महीने की अवधि का होगा जिसमें भोजन और आवास भी शामिल होगा। नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से जुड़ा है तथा नेशनल स्कील्स क्वालिफिकेशन कमिटी (एनएसक्यूसी)-नेशनल स्कील डेवलपमेंट एजेंसी (एनएसडीए), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृत है। सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के निमित्त सीएसआर के तहत 68 लाख रुपए का निधि स्वीकृत किया है। कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं के कौशल को उन्नत करने और औद्योगिक अनुभव और विशेषज्ञता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है जिसके परिणामस्वरूप प्लास्टिक इंजीनियरिंग क्षेत्र में नौकरियां सुरक्षित होती हैं।

### पिया बर्मन आईपीजीसी महिला प्रकोष्ठ की सचिव बनी



**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ (आईपीजीसी)की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सागरिका सरकार (वीणाश्री)के अनुमोदन पर पिया बर्मन को प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ एवं राजीव रंजन मिश्रा को वाइस प्रेसिडेंट के पद पर नियुक्त किया गया है। विदित हो पिया बर्मन एवं राजीव रंजन मिश्रा मे सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है उन लोगों का एक ही सोच है गरीब जरूरतमंद के चेहरे पर हमेशा खुशियां छाई रहे। उन लोगों ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत विगत दिनों एक लड़की की शादी में पलंग,अलमीरा आदि भेंटकर लड़की के परिवार में खुशियां लाई थी।पिया बर्मन,राजीव रंजन मिश्रा,जी छात्र क्लब पर्यावरण मंच,चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप),भगवा नारी सेना,संगीत सरिता आदि अनेक सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़ी हुई है। उन दोनों के सामाजिक सेवा भावना को देखते हुए नियुक्त किया गया है। दोनों को आईपीजीसी संस्था में महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किए जाने पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, कुमारी प्रीति, नम्रता सोनी, सीमा प्रीति, आराधना झा, रीता सेन, कुमारी पूनम, ललिता, रवि मेहता, राजकिशोर राणा, सुबोध कुमार शर्मा, संदीप कुमार आदि ने बधाई दी।

### नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रांची।** राजधानी रांची को जाम मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है। मेन रोड, कचहरी रोड, रातु रोड, अपर बाजार के बाद शुक्रवार को सेवा सदन रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगम निगम ने फुटपाथ पर लगी दुकानों के सामान जब्त कर लिये। नगर निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से सामान को उठवाकर ट्रैक्टर में लोड किया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। प्रशासन की टीम ने दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी कि दोबारा सड़कों के फुटपाथ का अतिक्रमण होने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि दुकानदार फुटपाथ पर अवैध रूप से कब्जा कर लेते हैं। इससे राहगीरों को काफी परेशानी होती है। अतिक्रमण की वजह से मुख्य मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

## आरबीआई ने मातृभाषा दिवस महोत्सव का किया आयोजन

# हमारी भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान है : प्रेम रंजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय रिजर्व बैंक के रांची कार्यालय ने शुक्रवार को मातृभाषा दिवस महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने किया। अपने उद्‌घाटन भाषण में उन्होंने मातृभाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा संवाद की सहजता और आत्मीयता का माध्यम है, इसे सहेजना व सम्मान देना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी से अपनी मातृभाषा के संरक्षण और प्रसार में योगदान देने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसकी समृद्ध धरोहर सौंपी जा सके। मौके पर डॉ. अशोक प्रियदर्शी ने अपनी बोली अपनी बानी विषय पर एक सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने भाषायी विविधता और मातृभाषा की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए बताया कि अपनी भाषा के प्रति प्रेम और गर्व का भाव ही समाज को समृद्ध और सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि अपनी मातृभाषा में पकड़ मजबूत होगी तो दूसरे भाषाओं में आसानी से पकड़ बनेगी ।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के कर्मियों ने अपनी मातृभाषाओं में विविध प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम को और अधिक रोचक और जीवंत बना दिया। कविताओं, गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने मातृभाषा के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को प्रकट किया। महोत्सव का उत्कर्ष मृणालिनी अखौरी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सुरमयी संगीत संध्या से हुआ। उनकी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और समारोह को एक यादगार अनुभव बना दिया। संगीत की मिठास ने न केवल कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया, बल्कि यह दशार्या कि भाषा और संगीत दोनों ही हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाये रखते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित ये आयोजन न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह मातृभाषा और जीवन के सकारात्मक पक्षों के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ाने और उनके सतत संरक्षण, संपोषण एवं संवर्द्धन के प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुए हैं । इस प्रकार के आयोजनों से भाषायी विविधता को संरक्षित रखने और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का अनवरत संदेश प्रसारित होता है। मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रांची के उपमहाप्रबंधक अनामिका शर्मा, सहायक महाप्रबंधक बिमला भगत, सहायक महाप्रबंधक बसंत मिंज, सहायक महाप्रबंधक अरविंद एक्का उपस्थित थे।

### आज / कल




# ऑरोरा 2025 का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बीआईटी मेसरा लालपुर में ऑरोरा 2025 के अंतिम दिन छात्र- छात्राओं ने पूरे प्रांगण को गुलजार बना दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ श्रद्धा शिवानी उपस्थित थी। उन्होंने इस आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागियों और आयोजन करने वाली सभी सदस्यों को बधाई दी। लालपुर के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार ने खेल और स्टॉल के समन्वय बनाने और उससे सफलता से संचालित करने के लिए डॉ संदीप नाथ शाहदेव की पूरी टीम को बधाई दिया।

इससे पहले आज लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले को गुलाबी गैंग की टीम ने जीत हासिल कर चैंपियन बनी। वहीं लड़को की टीम का विजेता टीम गांडीव रहा। खो खो की विजेता सील्ड को घोषित किया गया कबड्डी में कंगना, खुशी आकांशा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया वही लड़को की मैच में प्रांजल, विनीत मोही ने बढिया खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबला जीत लिया।

ऑरोरा 25 के अलग अलग प्रतियोगिता में कला स्टेप के प्रथम पुरस्कार हर्षिता प्रसाद को, दूसरा पुरुस्कार यीशु को और तीसरा आयुषी सिन्हा को मिला। वही बिट गोट टेलेंट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रेया किरण, दूसरा पुरस्कार समृद्धि, और तीसरा दीपिका खलखो , मानशी को प्राप्त हुआ।

## अधिवक्ता(संशोधन) विधेयक-2025 का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

# विधेयक-2025 पूरी तरह से अधिवक्ता की आजादी के खिलाफ : संजय कुमार विद्रोही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को अधिवक्ता(संशोधन) विधेयक-2025 का जबदस्त विरोध प्रदर्शन किया। विधेयक के विरोध में अधिवक्ताओं ने एक जूट होकर नए बार भवन परिसर में गोलबंद हुए और वहां से अल्बर्ट एक्का चौक पर शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाल कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल एवं महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने किया। कहा कि विधेयक पूरी तरह से अधिवक्ता की आजादी के खिलाफ है। इसको कोई भी अधिवक्ता समाज नहीं मानेगा। साथ ही अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को अपने आप से न्यायिक कार्य से अलग रखा। जिसके कारण हजारों मामलों की सुनवाई पूरी तरह से बाधित रही। विरोध प्रदर्शन को लेकर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई थी। जिसमें शांति मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया था।




### अधिवक्ता नहीं कर सकेंगे न्यायिक कार्य का बहिष्कार

अधिवक्ता की किसी भी लापरवाही या कदाचार के कारण उनके मुवक्किल को नुकसान होता है तो प्रस्तावित नई कानून के तहत उनको इसकी भरपाई करनी होगी। इतना ही नहीं आए दिन किसी बड़ी घटना के बाद अधिवक्ता हड़ताल या न्यायालय का बहिष्कार करते हैं। इस पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई जा रही है। हाल ही में प्रस्तावित अधिवक्ता(संशोधन) विधेयक-2025 का मसौदा जारी किया गया है। इस प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ बार काउंसिल ऑफ इंडिया समेत देश भर के जिला बार एसोसिएशन विरोध कर रहे है। पिछले दिनों इस संशोधन के खिलाफ बीसीआई ने देश भर के जिला बार एसोसिएशन को न्यायिक कार्य से दूर रहने का निर्देश दिया था।



### दो दिवसीय मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में झारखंड ने लिया भाग

# झारखंड में फिल्म बनाने के लिए सरकार दे रही है अनुदान : बीरू कुशवाहा

### फिल्मकारों को झारखंड में फिल्म की शूटिंग के लिए किया गया आमंत्रित




**नवीन मेल संवाददाता**

**चेन्नई/रांची।** फिक्की (एफआईसीसीआई) द्वारा 21 और 22 फरवरी को चेन्नई में आयोजित मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ने भी भाग लिया है। इस कॉनक्लेव में झारखंड, महाराष्ट्र और गुजरात पार्टनर स्टेट की भूमिका में हैं। कॉनक्लेव का उद्घाटन तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा किया गया । इस अवसर पर साउथ के प्रसिद्ध फिल्मकलाकार कमल हसन, तृषा कृष्णन सहित दक्षिण भारत के कई फिल्मकार और कलाकारों ने भाग लिया । कॉनक्लेव में झारखंड की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक बीरू कुशवाहा और जेएफडीसीएल के सहायक कंपनी सचिव अमन कुमार ने भाग लिया। बीरू कुशवाहा ने बताया कि नॉलेज सीरीज सेशन के दौरान उपस्थित सभी फिल्मकारों को झारखंड में फिल्म की शूटिंग के लिए आमंत्रित किया गया। बताया गया कि झारखंड में फिल्म की शूटिंग करने का काफी अनुकूल माहौल है। झारखंड की खूबसूरत वादियां और कई मनमोहक पर्यटक स्थल है जो फिल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन हैं। इस दौरान झारखंड के पर्यटक स्थल, कला संस्कृति , माइंस सहित झारखंड की विशेषताओं पर आधारित एक वीडियो डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

श्री कुशवाहा ने बताया कि मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिजनेस कॉनक्लेव में उपस्थित फिल्मकारों को जेएफडीसीएल द्वारा फिल्मकारों को दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी गई । उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार, झारखंड में फि ल्म को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। झारखंड में फि ल्म के बनाने के लिए सरकार अनुदान भी दे रही है । झारखंड में फि ल्म और फि ल्मकारों एवं कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (जेएफडीसीएल) की स्थापना की गई है ।

### जैविक खेती से भूमि को उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती करें किसान : अनुज कुमार

**लापुंग।** किसान भाई जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। उक्त बातें लापुंग प्रखंड मुख्यालय के सभागार एवं देवगांव पंचायत के सकरपुर गांव में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी रांची के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार एवं मुखिया दुर्गा उरांव सहित क्षेत्र पदाधिकारी संतोष उरांव के द्वारा किया गया। इस मौके पर देवगांव पंचायत मुखिया दुर्गा उराँव ने जैविक खेती को गांव समाज और व्यक्ति के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के उपयोग से ही हम रसायन के घातक दुष्प्रभाव से बच सकते हैं।

## स्कूली स्तर पर मातृभाषा को देना होगा बढ़ावा : डॉ उमेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मौके पर संगोष्ठी का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागपुरी विभाग के अध्यक्ष डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि मातृभाषा को बचाने के लिये हमें अपनी संस्कृति को बचाना होगा। जिस समाज के मातृभाषा का विकास नहीं हुआ, वह समाज और क्षेत्र विपुल संसाधनों के बावजूद भी कभी विकास नहीं कर पाया। डॉ तिवारी ने कहा कि हमें अपनी भाषा को चैलेंज के रूप में लेना होगा, क्योंकि जिस समाज की अपनी मातृभाषा और अपनी संस्कृति नहीं होती है उसकी अपनी कोई पहचान नहीं होती है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं पर रिसर्च करना होगा। स्कूली स्तर पर इन्हें बढ़ावा देना होगा। इन्हें रोजगार परक बनाना होगा।

### अपनी मातृभाषा की रक्षा का दायित्व हम सब को : डॉ मनय मुंडा

खड़िया विभाग के अध्यक्ष डॉ बन्धु भगत ने कहा कि भाषा अपने समाज की प्रतिबिम्ब होती है। यदि वह संरक्षित व सुरक्षित नहीं रहेगी तो प्रतिबिम्ब की कल्पना नहीं की जा सकती है। लुप्त हो रही भाषाओं पर सिर्फ चिंता व्यक्त करने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता है, बल्कि हम सबों को इस दिशा में मिलकर काम करना होगा। इसके अलावा डॉ मेरी एस सोरेंग, डॉ कुमारी शशि, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ रीझू नायक, डॉ दिनेश कुमार, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, करम सिंह मुंडा, डॉ दमयंती सिंकू, डॉ बन्दे खलखो, अनुराधा मुंडू, अबनेजर टेटे, शकुन्तला बेसरा, गुरूचरण पूर्ति, विक्की मिंज, प्रेम मुर्मू, राजकुमार बास्के, तारकेश्वर सिंह मुंडा ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र के छात्रों एवं शोधार्थियों ने गीत प्रस्तुत किया।

### अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

## अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए प्रशासन का गलत उपयोग कर रही झारखंड सरकार : अभाविप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बोर्ड 10वीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के कार्यकर्ताओं ने जैक अध्यक्ष को इस मामले के निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग के लिए ज्ञापन देने जब अभाविप का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा तो प्रशासन के द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया। साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश सह मंत्री ऋतुराज सहदेव और सौरभ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। परिषद कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से विद्यार्थियों के मुद्दों को लेकर जैक अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने गए थे लेकिन प्रशासन सरकार के इशारे पर छात्रों की आवाज को दबाने का भरसक प्रयत्न कर रही है। अभाविप की केंद्रीय कार्य समिति सदस्य दिशा दित्या ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों की सबसे सशक्त आवाज है और कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज या गिरफ्तार कर सरकार उनकी आवाज को नहीं दबा सकती है। 10वीं के परीक्षा का संचालन में सरकार शिक्षा मंत्रालय और जैक बोर्ड बुरी तरह से विफल रहा है और इसे छुपाने के लिए सरकार प्रशासन को आगे कर रही है।



### झारखंड सरकार गैर-लोकतांत्रिक तरीके से करती है कार्य

रांची जिला संयोजक पवन नाग ने कहा कि झारखंड के सरकार पूरी तरह से गैर-लोकतांत्रिक तरीके से कार्य कर रही है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से झारखंड के छात्र समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे लेकिन छात्र विरोधी है सरकार विद्यार्थियों के आवाज को दबाने के लिए प्रशासन का गलत तरीके से उपयोग कर रही है लेकिन परिषद कार्यकर्ता जेल के अंदर जेल के बाहर हर स्थान पर झारखंड के छात्र समुदाय का नेतृत्व करने में सक्षम है और पेपर लीक के इस मुद्दे को लेकर हम सरकार के साथ संघर्ष के लिए तैयार है।

## भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप में दो मैच खेले गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ द्वारा हटिया स्थित सेरसा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 82वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप 2024-25 (लीग चरण) का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को इस चैंपियनशिप के अंतर्गत दो मैच क्रमशः सुबह 07:30 बजे पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर बनाम उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज तथा दोपहर 13:30 बजे मध्य रेलवे, मुम्बई बनाम इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई के बीच, हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला गया`

आज के पहले मैच में उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज ने 5-2 गोल के अंतर से पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर को पराजित किया। विजेता टीम की ओर से सुवर्ण सुबोध खांडेकर ने 3 गोल तथा अर्जुन शर्मा एवं अजय यादव ने 1-1 गोल किए।



दूसरे मैच में मध्य रेलवे, मुम्बई की टीम 3-0 गोल के अंतर से इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई को पराजित कर विजेता रही। विजेता टीम की ओर से युवराज वाल्मीकि ने 2 तथा पंकज सिंह ने 1 गोल किए।

इन मैचों के दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एन श्रीनिवासन, वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक लक्ष्मण कुमार, मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार, सेरसा रांची के सचिव ओम प्रकाश ठाकुर, भूतपूर्व अंतराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी अलमा गुड़िया, असुंता लकड़ा, पुष्पा प्रधान, सरिता लकड़ा, कांति बा एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक हॉकी स्टेडियम में मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### मेकॉन स्पोर्टिंग क्लब ने 21 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन ग्राउंड में मेकॉन स्पोर्टिंग क्लब व हेहल स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेकॉन स्पोर्टिंग क्लब ने 42 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बनाया। सिद्धांत ने 57, सत्यम ने 49, अनिर्बान ने 26 व राजू ने 21 रन बनाया। विशाल ने 2 विकेट लेकर 48 रन व श्रवण ने 4 विकेट लेकर 33 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी हेहल स्पोर्टिंग ने 42 ओवर में नौ विकेट पर 200 रन बनाया। श्रवण ने 45, राकेश ने 46, सत्यम ने 35, साहिल ने 25, ज्ञानू ने 15 व अनुराग ने 17 रन बनाया। गौरव ने 3 विकेट लेकर 23 रन व अनुज ने 4 विकेट लेकर 26 रन दिया। मेकॉन स्पोर्टिंग क्लब ने 21 रन से जीत दर्ज की।

### गैलेक्सी सीए 163 रन से जीता

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में गैलेक्सी सीए बनाम जस्टिस येलो के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गैलेक्सी सीए ने 28.4 ओवर में 10 विकेट पर 254 रन बनाया। शाहिद ने 116 रन, जुनैद ने 34 रन, हिमांशु ने 26 रन व परवेज ने 14 रन बनाया। सूरज ने 34 रन देकर 3 विकेट, अमन ने 54 रन देकर 3 विकेट, आसिफ ने 43 रन देकर 2 विकेट, अरमान ने 41 रन देकर 1 विकेट व दीपांशु ने 71 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जस्टिस येलो ने 22.1 ओवर में 10 ओवर पर 91 रन बनाया। सूरज ने 17, दीपांशु ने 16, रंजीत ने 11, करण ने 10 व फरहान ने 10 रन बनाया। विवेक ने 30 रन देकर 5 विकेट, हिमांशु ने 7 रन देकर 2 विकेट, परवेज ने 22 रन देकर 1 विकेट, आकाश ने 9 रन देकर 1 विकेट लिया। गैलेक्सी सीए 163 रन से जीता।

### गुरुनानक स्कूल ने 11 रन से आचार्यकुलम को हराया

**रांची।** वेंचुरा स्किल अंडर 16 स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में गुरुनानक बनाम आचार्यकुलम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुरुनानक टीम ने 29.1 ओवर में 10 ओवर में 184 रन बनाया। अरहम अली ने 61, एमडी कासिफ इकबाल ने 33 व अनवारूल ने 18 रन बनाया। हिमांशु राय ने 3 विकेट लेकर 43 रन, राहुल मुंडा ने 2 विकेट लेकर 20 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आचार्यकुलम की टीम ने 29 ओवर में 10 विकेट पर 173 रन बनाया। प्रथम ने 45, समर ने 37, हिमांशु राय ने 16 रन बनाया। एमडी दिलशान ने 4 विकेट लेकर 16 रन, अमन कुमार ने 2 विकेट लेकर 27 रन व कमल ने 2 विकेट लेकर 46 रन दिया। गुरुनानक स्कूल 11 रन से जीता।

### विवेकानंद विद्या मंदिर 5 विकेट से जीता

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) बनाम विवेकानन्द विद्या मंदिर के बीच साखा ग्राउंड में खेला गया। जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) ने 25.1 ओवर में 10 विकेट पर 127 रन बनाया। शोर्या सिंह ने 45 रन व उज्जवल तिवारी ने 32 रन बनाया। अनुकृष्ण वत्स ने 5 विकेट लेकर 35 रन व आरव सिहना ने 3 विकेट लेकर 23 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी विवेकानन्द विद्या मंदिर ने 10.1 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन बनाया। यशराज सिंह ने 72 व प्रिंस कुमार ने 23 रन बनाया। जगदीश ने 4 विकेट लेकर 24 रन दिया। विवेकानंद विद्या मंदिर 5 विकेट से जीता।

### गरीब परिवार की मजदूर नेता ने की आर्थिक मदद



**खलारी।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के अंबाटोंगरी निवासी दिवंगत किशुन मुंडा के स्वजनों को आर्थिक सहयोग किया। कुछ दिन पूर्व अज्ञात बीमारी से किशुन मुंडा की मौत हो गई थी। जानकारी मिलने पर अब्दुल्ला अंसारी अंबाटोंगरी जाकर उसके परिवारवालों से मिले। घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए स्वजनों को 50 किलो चावल, 50 किलो आटा, 5 किलो तेल दिया। किशुन मुंडा बहुत गरीब परिवार से था। उनके परिवार के पास रहने के लिए पक्का घर भी नहीं है। अंसारी ने खलारी बीडीओ से बात कर आवास देने तथा विधवा पेंशन चालू करने का आग्रह किया है।

### भाजपा रांची जिला ग्रामीण का बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

## तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करेगा बजट : डॉ प्रदीप वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

भाजपा रांची जिला ग्रामीण ने सिल्ली स्थित धर्मशाला में बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो वित्तीय वर्ष 2025 - 26 का बजट पेश किया है वह बजट देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक पटेल पर जबरदस्त उछाल देने वाला बजट है। यह बजट भारतवासियों के एवं पीएम मोदी के लक्ष्य जो विश्व की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनने पर इस सपने को साकार करता है। बजट में मध्यम वर्ग के लिए प्रति माह 1 लाख रुपए आय वाले परिवारों के लिए टैक्स फ्री किया गया है।को भारत सोने की चिड़िया बने इसके लिए केंद्रीय बजट में कृषि क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के अंतर्गत 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इनमें 100 निम्न उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। अरहर ,उड़द व मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए दालों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया जाएगा। संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ने किया। मौके पर भगीरथ महतो, मनोज साव, अजित साहू,विनय साव,राजेश अग्रवाल, गणेश साहू, नरोत्तम गोराई,पिन्टू साव, प्रवीण गुप्ता,भागवत सोनार, प्रमोद अग्रवाल,शायन त्रिपाठी , वीणा देवी, स्नेहलता देवी,अमिता कुमारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



### खलारी प्रखंड स्थापना का 16वां वर्षगांठ आज

**खलारी।** खलारी प्रखंड स्थापना का 16वां वर्षगांठ आज (शनिवार) है। बुढ़मू प्रखंड से अलग होकर 22 फरवरी 2009 को खलारी प्रखंड अस्तित्व में आया था। प्रखंड बनने के 16 साल के बाद भी खलारी प्रखंड बुढ़मू से पूरी तरह स्वतंत्र नहीं हो पाया है। आज भी खलारी प्रखंड के कई विभाग प्रभार में चल रहे हैं। प्रखंड स्तरीय कई पदाधिकारियों की पदस्थापना खलारी में नहीं हुई। प्रखंड के पंचायती राज, आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग जैसे कई महत्वपूर्ण विभाग प्रभार में चल रहे हैं। कई पदाधिकारी तो ऐसे हैं जिन्हें दो दो प्रखंड प्रभार में मिला हुआ है। सीडीपीओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी सहित कई पद का सृजन ही नहीं हुआ है। संबंधित विभाग की समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी उपलब्ध नहीं होते हैं जिससे ग्रामीणों का काम नहीं हो पाता है।

## छात्र-शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव**

शुक्रवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुढ़मू के सभागार भवन में छात्र-शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत करके किया गया। विद्यालय के बच्चों ने पुष्प गुच्छ देकर व स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। डीएसई बादल राज, निवर्तमान बीईईओ सुरेश चौधरी, डीडीओ प्रदीप कुमार भगत व अन्य अतिथियों ने शिक्षकों और छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

सहायक अध्यापक संघ की बुढ़मू ईकाई के द्वारा सेवानिवृत 5 शिक्षकों को 15 हजार नकद व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही सहायक अध्यापिका स्व. सावित्री देवी के परिजन को 75 हजार रूपया का सहानुभूति राशि दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसई बादल राज ने कहा कि रांची जिला में बुढ़मू प्रखंड के छात्रों का आठवीं प्री बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन रहा साथ ही कहा कि आने वाले 6 माह तक मैं रांची में रहूंगा और इस दौरान शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। डीडीओ सुरेश चैधरी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का संचालन पनेश्वर महतो व धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप कुमार भगत ने किया। मौके पर विष्णु यादव, रमेश झा, शमीम अहमद, शमी रजा, रविकांत तिवारी, विनोद सिंह, मरियम कुजूर, उमेश्वरी देवी, रामेश्वर महतो, बीरबल कश्यप, गिरधारी गोप, अजय कुमार साहु, दीपक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## बच्चे की चाहत में महिला ने किया नवजात का अपहरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के सदर अस्पताल में नवजात बच्चे की 3 दिनों के बाद अपहरण कर लिया गया था। 17 फरवरी की रात बच्चे का अपहरण कर आरोपी फरार हो गई थी। इसकी शिकायत अगली सुबह यानि 18 तारीख थाने में दर्ज कराई गई और फिर पुलिस ने जांच शुरू की परिणाम स्वरुप कुछ घंटों में ही अपहत नवजात को बरामद कर लिया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इस अपहरण कांड के पीछे की पूरी कहानी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताई। दरअसल, आरोपी महिला जिसने नवजात का अपहरण किया था बच्चों की चाहत में अपने मोहल्ले में यह बात फैलाई थी कि वो प्रेग्नेंट है और जब 9 महीने हुए तब उसने सदर अस्पताल में रेकी कर नवजात बच्चे के अपहरण की पूरी स्क्रिप्ट लिखी और आखिरकार वह नवजात के चोरी में सफल भी हो गई।



### अपहरण के लिए रिश्तेदार को अंधविश्वास के सहारे झांसे में लिया

गिरफ्तार आरोपी महिला पुतुल उरांव रांची के नरकोपी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वर्तमान में वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में रह रही थी। वह लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी और बच्चे की चाहत रखती थी। इस चाहत ने उसे आरोपी बना दिया। बच्चों की चाहत की वजह से उसने पहले सदर अस्पताल में घूम-घूम कर रेकी की और जब 14 फरवरी को बच्चों का जन्म हुआ, तब नवजात के अपहरण के लिए अंधविश्वास के जाल में बच्चे के रिश्तेदार को फंसाया। फिर अपहरण कर बच्चे को लेकर फरार हो गई थी।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी महिला की तस्वीर

17 फरवरी की रात बच्चा मौसी की गोद में दिखा था और उसके साथ एक और महिला सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई थी। जब इस नवजात को बरामद किया गया। तब आरोपी से पूछताछ में सारी कहानी सामने आई। वहीं नवजात की मौसी के साथ पुलिस लगातार बच्चे की तलाश के लिए छानबीन कर रही थी। एसएसपी ने बताया कि आरोपी ने बच्चे की मौसी को अंधविश्वास में झांसे में लिया और बच्चे का अपहरण किया। दरअसल मां बनने के बाद मां का दूध नहीं उतर रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही आरोपी महिला ने पूजा-पाठ और जादू-टोना के जरिए दूध उतारने का दावा करते हुए मौसी को झांसे में लिया और फिर अंधविश्वास का खेल शुरू हुआ। जब मौसी को काली पट्टी बांधकर आरोपी घूम रही थी। तब उसने कहा था कि वह पीछे मुड़कर ना देखें। मौसी बच्चे को गोद में लेकर आंख में पट्टी बांधे आगे आगे चल रही थी और आरोपी उसके पीछे-पीछे चल रही थी। कई जगह ऑटो बदल गया।

#### पुलिस ने की कड़ी मेहनत, दो सौ से भी ज्यादा सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा

रांची पुलिस ने बच्चे की तलाश में दो सौ से भी ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और आखिरकार आरोपी तक जा पहुंची। आरोपी महिला को नारकोपी से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से नवजात को बरामद किया गया। पुलिस ने बच्चे को 48 घंटे में उसकी मां से मिलवा दिया है। जिस पर पीड़ित मां ने रांची पुलिस को धन्यवाद दिया। वही इस पूरे मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। साथ ही इस अपहरण कांड का उद्भेदन करने वाले टीम को डीआईजी ने बधाई दी है।

### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

## झारखंडी भाषाएं ही उपेक्षित किसके लिए बना था झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर शुक्रवार को मनाया गया। यह दिन भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के महत्व की याद दिलाता है तथा दुनिया भर में संकटग्रस्त भाषाओं की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। मातृभाषा स्वयं की संस्कृति, संस्कार और संवेदना को अभिव्यक्त करने का सच्चा माध्यम है। मातृभाषा का सम्मान यानी माता का सम्मान है। मातृभाषा किसी भी व्यक्ति की सामाजिक, सांस्कृति व भाषायी पहचान होती है। जिस तरह से कबीरदास, सूरदास, तुलसीदास, जायसी ने अपनी मातृभाषा को अतंरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। लेकिन झारखंड में मातृभाषा को बचने के लिए और नई पीढ़ी को उनकी मातृभाषा से वंचित होने से बचने के लिए क्या किया जा रहा है। आज की तारीख में झारखंड के लिए यह सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है की आखिर झारखंड जब अपने अस्तित्व को हासिल करने के लिए अलग हुआ था तो इन 25 वर्षों में अपनी ही भाषा के अस्तित्व को क्यों नहीं हासिल कर पाया।


डॉ.उमेश


डॉ.हरि उरांव



हालांकि कई संगठनों द्वारा झारखंडी भाषाओं को बढ़ावा दिलाने के लिए कई धरने और आन्दोलन किए गए हैं। डॉ उमेश नंद तिवारी जो की पिछले 36 वर्षों से जनजातीय क्षेत्रीय भाषा के नागपुरी के एचओडी ने कहा झारखंड में झारखंड की 9 भाषाएं जिसमें नागपुरी, मुंडारी, पंचपरगना, कुरमाली, कुडूख, खड़िया, हो, संथाली, खोरठा शामिल है। इन क्षेत्रीय भाषाओं को जो महत्व मिलनी चाहिए वो इन 25 वर्षों में राज्य स्तर पर नहीं मिल सकी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषाओं के लिए कुछ बेहतर होता नजर आ रहा है।

**आरयू में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग में पर्याप्त शिक्षक नहीं**

रांची विश्वविद्यालय में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के लिए विभाग तो है बच्चें भी जाते हैं लेकिन जितनी बच्चों की संख्या होनी चाहिए नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण शिक्षकों का पर्याप्त ना होना है। डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा डिपार्टमेंट में 9 भाषाओं के लिए पर्याप्त शिक्षक नहीं है जिसके कारण बच्चों की पढाई में बाधा आती है। सरकार की उदासीनता और विभाग की अनदेखी की वजह से क्षेत्रीय भाषाओं की उचित शिक्षा छात्रों को नहीं मिल पा रही है। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय में नागपुरी- 1, मुंडारी- 4, पंपर्गानिया- 0, कुरमाली- 2, कुडुक- 2, खड़िया- 2, हो- 0, संथाली- 2, खोरठा- 2 हैं। **भाषा की पढाई करने में भी परेशानी, कर लेने के बाद भी परेशानी : छात्र**

आरयू के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के छात्रों ने नाम ना बताने की शर्त पर कहा- अपनी क्षेत्रीय भाषा को समझने और पढ़ने की जितनी चाहत हम में है उतनी ही सरकार और विभाग में भी होनी चाहिए भाषाओं की समझ से छात्रों को अवगत करवाने की। लेकिन यहां का दृश्य ही अलग है ना ही यहां शिक्षक है पर्याप्त और ना ही अपनी भाषा की पढ़ाई करने के बाद रोजगार का कोई रास्ता है। उन्होंने कहा झारखंड की नई पीढ़ी भाषाओं से वंचित होती जा रही है इसके लिए सरकार और विभाग को दोषी कहा जा सकता है। सरकार को क्षेत्रीय भाषा की पढाई के बाद इसमें रोजगार के लिए मार्ग बनाना चाहिए। आरयू में विभाग की खली पदों पर होनी चाहिए नियुक्ति- हरी उरांव, रिटायर्ड एचओडी जनजातीय और क्षेत्रीय जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के रिटायर्ड एचओडी हरि उरांव ने कहा आरयू में पर्याप्त शिक्षक नहीं है। शिक्षकों के नहीं होने से छात्रों को कई तरह की परेशानी भी होती है और होती आई है। उन्होंने कहा जितने पद हैं विभाग में शिक्षकों की उन पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति होना चाहिए। साथ ही उन्होंने झारखंड वासियों को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की शुभकामनाएं दी।

सांसद व विधायक ने पतंजलि चिकित्सालय सह मॉल का किया उद्घाटन

# आयुर्वेद की दुनिया में पतंजलि का विशेष स्थान : सांसद

नवनी मेल संवाददाता

बरही : हजारीबाग रोड में पतंजलि चिकित्सालय सह स्टोर्स उर्फ मॉल का शुभारंभ हुआ. जिसका शुभारंभ स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल और स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर बरही सहित आस पास के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे. सांसद और विधायक ने इस चिकित्सालय सह स्टोर्स को क्षेत्र के लिए विशेष उपलब्धि बताते हुए संचालक दोनो भाई अनिल केसरी व आशीष केसरी को शुभकामनाएं व बधाई दिया. उपस्थित लोगो ने पतंजलि के इस मॉल और चिकित्सालय उद्घाटन पर हर्ष जताया. इस अवसर पर



उपस्थित लोगो ने संचालक के पिता स्व श्यामदेव केसरी को भी याद किया और उनके दोनो पुत्रों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी. दोनो भाईयो ने आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया. दोनो ने बताया कि अब लोगो को पतंजलि के लिए बाहर नही जाना होगा. बरही में ही सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगे. चिकित्सालय में पतंजलि के वैद्य उपस्थित रहेंगे. जो मरीजों को उचित ईलाज और परामर्श देंगे. इसके साथ ही स्टोर्स में एफएमसीजी सहित पतंजलि की आयुर्वेदिक दवाइयां और सभी उत्पाद उपलब्ध होंगे. यह स्टोर्स पूर्णतः ऑनलाइन होगा. कार्यक्रम में पतंजलि के वैद्य, अधिकारी सहित जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, मुखिया शमशेर आलम, केसरवानी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान केसरी, रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कपिल केसरी, मनोज कुमार सिन्हा आदि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## केजीवीभी बरकट्ठा में नामांकन हेतु आवेदन की तिथि बढ़ाई गई

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा में वर्ग छः में नामांकन हेतु आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। इस निमित जानकारी देते हुए विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका अंजू बाला केरकेट्टा ने कहा कि सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड के प्रधानाध्यापकों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025-26 के लिए नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 निर्धारित थी। जिसे विस्तारित करते हुए 27 फरवरी 2025 किया गया है। कक्षा 6 में नामांकन के लिए इच्छुक छात्राएं नामांकन के लिए जल्द आवेदन लेकर तथा भरकर विद्यालय में जमा करें।



# आयकर विभाग हजारीबाग में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

- रक्तदान शिविर में 17 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** आयकर विभाग, आयकर भवन, रविंद्र पथ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण पहल में आरोग्यम अस्पताल ब्लड बैंक का विशेष सहयोग रहा। शिविर में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 17 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन तुषार धवल सिंह, प्रधान आयकर आयुक्त (नि.इ.)- एक, हजारीबाग द्वारा किया गया। उनके साथ आयकर अधिकारी (मुख्य) शशि भूषण प्रसाद एवं अन्य अधिकारियों ने भी रक्तदान कर इस महान कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर तुषार धवल सिंह ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित




करते हुए कहा की नियमित रक्तदान न केवल ज़रूरतमंदों की जान बचाने में मदद करता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शशि भूषण प्रसाद, आयकर अधिकारी एवं लेखक-निर्देशक द्वारा प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक रक्तदान से मानवता" का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से बताया गया कि रक्तदान को महादान इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह न केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाता है बल्कि संपूर्ण मानवता की सेवा करता है। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से शशि भूषण प्रसाद, दीपक कुमार, रिक्की कुमार, अनमोल कुमार चौधरी एवं रवि कुमार शामिल रहे।

# सीसीएल वाटर प्लांट में लूट को अंजाम देने घुसे लुटेरे

### 30-35 संख्या में पहुंचे थे, सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू थाना क्षेत्र में स्थित सीसीएल वाटर प्लांट में गुरूवार की देर रात 30-35 की संख्या में अपराधियों ने धावा बोलकर लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। अपराधियों ने वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट भी किया। सीसीएल के फिल्टर प्लांट में गुरूवार की रात 30 से 35 की संख्या में लुटेरे लूट की घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे और पहले गेट में लगे ग्रिल को खोल दिया और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट किया। इसके बाद




लुटेरे फिल्टर प्लांट के अंदर घुसे और कीमती सामान को काटने लगे में जुट गए। इस दौरान कुछ सुरक्षाकर्मियों ने अपने अधिकारियों को फोन किया। इसके बाद अधिकारियों ने पतरातू पुलिस को फोन किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीसीएल के अन्य सुरक्षाकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। देर रात हुई वारदात में पुलिस अब तक सीसीएलकर्मियों द्वारा दिए जाने वाले आवेदन का इंतजार कर रही है ताकि आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई किया जा सके।

## पशुधन सहायको ने विभागीय निदेशक को लिख पत्र

**बरही।** अपने विभिन्न मांगो को लेकर राज्य के पशुधन सहायको ने विभागीय निदेशक को पत्र लिखा है. पत्र में यह जानकारी दी गई है कि राज्य में पशुधन सहायक के कुल 577 के विरुद्ध वर्तमान में उल 85 पद ही कार्यरत है. झारखंड गठन के बाद पशुधन सहायक, पशुधन पर्यवेक्षक और सहायक चार पदाधिकारी के पद रिक्त है. साथ ही राज्य के पशुधन सहायको की नियुक्ति नियमावली, एसीपी/एमएसपी की प्रोन्नति का लाभ अब तक नही मिला है. 2003-04 और 2008-09 के बाद पशुधन सहायको का एक वर्षीय प्रशिक्षण नही हुआ है. जबकि पशु प्रशिक्षण विद्यालय गौरिया करमा में चार प्रशिक्षक पदस्थापित है। प्रशिक्षण के अभाव में पुष्पेंद्र सहायकों को सेवा संपुष्टि और एसीपी/एमएसपी का लाभ नहीं मिल रहा है. जिससे आर्थिक छाती का सामना करना पड़ रहा है. पशुधन सहायको ने निदेशक से मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कारवाई की मांग किया है।

कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल के द्वारा लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है : डॉ प्रवीण

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन शुक्रवार को सदर प्रखण्ड के बैहरी पंचायत भवन पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 52 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, दांत एंव आरबीएस सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड



होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया।

मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है। शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कईं जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। मौके पर बैहरी मुखिया पवन यादव उर्फ पप्पू ने कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया। मौके पर डॉ कृष्णा राज, डॉ सौम्या राज एवं पीआरओ राजकुमार दास सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## रांची रोड में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रामगढ़।** रांची रोड रेलवे ओवरब्रिज से लेकर नईसराय की ओर जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से रामगढ़ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार, रामगढ़ अंचल के अंचलाधिकारी सुदीप कुमार एक्का के निर्देशन में 11 बजे जैसे हीं उक्त अधिकारी अपने अभियान टीम, जेसीबी मशीन, नगर परिषद के ट्रैक्टर आदि लेकर रांची रोड पहुंचे, सड़क के दोनों ओर स्थित झुग्गी--झोपड़ियों, गुमटियों तथा सड़क के किनारे सब्जी बेच रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। सभी लोग अपने-अपने सामान को समेटने, खोलने व उतारने लगे। अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमित भूमि पर स्थित दुकानों को जेसीबी तथा परिषद कर्मियों द्वारा हटाया गया। अभियान के दौरान एक वाहन पर लगे चोंगे के माध्यम से सड़क के किनारे स्थित दुकानदारों को अपने सामान को स्वयं हटा लेने अन्यथा कार्रवाई के दौरान उसे जब्त कर लेने की चेतावनी दी जा रही थी।

## सांसद अन्नपूर्णा देवी का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बंडासिंघा में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का भव्य स्वागत हुआ। वहीं बरकट्ठा के भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो ने पुष्प कुछ देकर स्वागत किया तथा भाजपा नेता कुलदीप पांडेय ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर समाजसेवी सुनील पांडेय के द्वारा शिलाड़ीह रोड का निर्माण तथा कालीमंडा में विवाह भवन की मांग के साथ लग्नवां में यज्ञ में शामिल होने का आग्रह किया। वहीं मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव के द्वारा शिलाडीह से लेबड़ा तक रोड की मांग के लिए मांग पत्र दिया गया व बेडोकला में नल जल योजना में घोर आनियमितता को बताया गया।

## 25 फरवरी को होगा शतचंडी महायज्ञ का झंडारोपण




नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** आगामी 4 मार्च से भगवती मंदिर परिसर में 14वीं नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शत चंडी महायज्ञ दिवसीय महायज्ञ शुभारंभ होना है। जिसका झंडा रोपण 25 फरवरी दिन मंगलवार को अपराह्न 1.00 बजे किया जायेगा।

उक्त जानकारी महायज्ञ समिति के वरिष्ठ संरक्षक सुरेंद्र रजक ने दी। इस पावन अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओ की उपस्थिति का अनुरोध किया है। विद्युत की मां भगवती सेवा संस्थान ट्रस्ट पिछले 14 वर्षों से शतचंडी महायज्ञ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से करते आ रही है।

इस अवसर पर भव्य मेला, रामलीला और प्रवचन आदि जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिसे देखने के लिए सुदूर क्षेत्रों से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी होती है। 4 मार्च को महायज्ञ के लिए कलश यात्रा निकाली जायेगी। शांति और सफलता पूर्वक महायज्ञ संपन्न करवाने को लेकर समिति पूरी तरह से सक्रिय है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यशाला का आयोजन

# महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का करें व्यापक प्रचार-प्रसार : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित कार्यशाला के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत जिले में हो रही गतिविधियों आदि के संबंध में सभी को बताया गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिलाओं के खिलाफ हो रहे हिंसा के रोकथाम हेतु महिला हेल्पलाइन 181, महिलाओं को एक ही छत के नीचे विधिक सहित अन्य सहायताएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों को आपस में समन्वय करते हुए महिला हेल्पलाइन, सखी वन स्टॉप सेंटर का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त में आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, थाना, पंचायत



भवनों, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संबंधित स्लोगन, पोस्टर, बैनर लगाते हुए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। कार्यशाला के दौरान संरक्षण पदाधिकारी दुखहरण महतो के द्वारा रामगढ़ जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई वहीं बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने बाल श्रम संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए इस दिशा में कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल

**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के मेन रोड गुरूद्वारा के समीप शुक्रवार को सड़क दुघर्टना में बाइक पर सवार महिला-पुरूष घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर दोनों को रेफर कर दिया गया। बताया जारा है की जवाहरनगर निवासी रामाश्रय यादव सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में इलाज कराने गए थे। वापस लौटने के क्रम में अस्पताल से परीचित महिला मिराजुल खातून को अपने बाइक पर साथ लेकर भुरकुंडा की ओर लौट रहे थे। उसी दौरान गुरूद्वारा के निकट पीछे से आते एक अज्ञात ऑटो ने उन्हें चकमा दे दिया। जिससे रामाश्रय यादव और मिराजुल खातून बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बताया गया कि महिला को सिर समेत और कमर में काफी चोट लगी है। वहीं, रामाश्रय यादव के चेहरे पर चोट लगी है। जबकि दूसरी दुर्घटना बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत हेहल के अंबाटांड़ में हुई । जहां रामगढ़ जाने के क्रम में बाइक सवार देवाशीष घोस, बिरसा चौक, भुरकुंडा निवासी एक मवेशी से टकरा गये । जिससे बाइक समेत सड़क पर गिरकर देवाशीष घोष घायल हो गए। भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया गया की दुर्घटना में उनका दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया है।

# ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिले : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रामगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



**क्या है मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना**

झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रवाधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रवाधान शुरू किया है। अगर आप अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग में आते हैं और आपको कोविड हुआ है या हुआ था या आप होम आइसोलेशन में थे, तो सरकार आपको 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी वहीं अब इस योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना कर दिया गया है।

**1500 से 25,000 रुपये तक का सहायता देगी सरकार**

योजना के तहत लाभ दो वर्गों में दिया जाता है। पहला–18 से अधिक उम्र वालों को और दूसरा 18 से कम उम्र वालों को। 18 से अधिक उम्र वालों को बीमारी के 7 दिन से अधिक होने पर 3000 से 5000 रुपये, कोविड के लिए 5000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये की सहायता और कैंसर होने पर लगभग 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी वहीं 18 से कम उम्र वालों को सरकार बीमारी के 7 दिन से अधिक होने पर 1500 से लेकर 2500 रुपये, कोविड होने पर 2500 से लेकर 5000 रुपये और कैंसर होने पर 15000 रुपये की सहातया राशि देगी।

लाभ लेने के लिए लाभुक के पास इन दस्तावेजों का होना अनिवार्य है लाभुक के पास राशन कार्ड होना अनिवार्य है।

जाति प्रमाण पत्र।

बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र।

आधार कार्ड।

बैंक खाता नंबर (पासबुक)।

10वीं बोर्ड की पेपर लीक पर राकेश गुप्ता ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की

# बोर्ड का प्रश्न पत्र लीक होना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है : राकेश गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा 10वीं बोर्ड का हिंदी एवं साइंस पेपर लीक के बाद परिक्षा रद्द कर दिया गया है। 10वीं बोर्ड का पेपर लीक के बाद समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने झारखंड सरकार की विफलता पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त कर नाराजगी जताया। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया। प्रतियोगी परिक्षा के बाद 10वीं बोर्ड का परिक्षा प्रपत्र लीक होने कर कड़ी आलोचना की। झारखंड सरकार में पेपर एवं लॉ एंड ऑर्डर ध्वस्त होने का भी आरोप



लगाया है।

मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने 10वीं बोर्ड का परिक्षा प्रपत्र लीक होने पर कहा कि झारखंड सरकार हर तरह से विफल नजर आ रही है। जेपीएससी सीजीएल का पेपर लीक होने का विषय सुलझा भी नही। अब 10वीं बोर्ड का परिक्षा का प्रपत्र लीक होना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे हमारे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। हेमंत सरकार से राज्य संभलने में असक्षम है। उन्होंने कहा कि झारखंड में युवाओं को छला जा रहा है। भविष्य के साथ खिलवाड़ कर अंधकार में धकेला जा रहा है। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने 10वीं बोर्ड पेपर लीक मामले को उच्च स्तरीय जांच की मांग किया, मामला में संलिप्त दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

## दिसोम बहा मिलन समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को किया गया आमंत्रित



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी के लाल मैदान खैरियो में दिसोम बहा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मिलन समारोह कार्यक्रम में भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के सदस्यों ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। इस दौरान अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, महेंद्र मुर्मू, रामू मरांडी, मनोज टुडू, कन्हैया बेसरा, प्रदीप कोल समेत अन्य लोग मौजूद थे। अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा कि 30 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 6बजे तक दिसोम बहा मिलन समारोह कार्यक्रम किया जाएगा।

## राज्य सरकार के आदेश को मुंह चिढ़ाता बरही चौक पर लगा पान मशाला का बड़ा हॉर्डिंग

**बरही।** भारत के मशहूर चौक पर कमला पसंद नामक पान मसाला का लगा बड़ा हॉर्डिंग राज्य सरकार के गुटका से संबंधित प्रतिबंध के आदेश को मुंह चिढ़ा रहा है. विदित हो कि बीते दिन राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए राज्य में सादे मशाला सहित गुटका के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है. स्वास्थ्य विभाग ने भी मामले के संबंध में नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसे बेचने और उपयोग रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं. बाबजूद बरही चौक पर लगे इस बड़े विज्ञापन वाले होर्डिंग को अब तक नही हटाया जाना, सरकार के आदेश का खानापूर्ति प्रतीत होता है. यही कारण है कि अभी भी कई दुकानों में गुटके की बेखौफ बिक्री बदस्तूर जारी है. जो सामने से तो नहीं पर मांगे जाने पर दुकान में रखे डब्बे से तत्काल आपूर्ति की जाती है. प्रबुद्ध जनों की माने तो सरकार का फैसला स्वागत योग्य है, परंतु इसके लिए स्थानीय प्रशासन को इस दिशा में विशेष अभियान चलाने की आवश्यता है

### ग्रामीण विकास विभाग से संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# मनरेगा से संबंधित अभिलेख की जांच करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 -25 में प्रधानमंत्री आवास के लिए लाभुक का सर्वे, आवास निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति, आवास योजना के लाभुकों की राशि की स्थिति सहित अन्य की विस्तृत समीक्षा किया गया।इसके अलावा मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जो प्रखंड लक्ष्य के अनुरूप लेबर इंगेज करते हुए मानव दिवस सृजन को बढ़ाते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में ई- मास्टर रोल निर्गत की समीक्षा किया गया। लक्ष्य के अनुरूप की मास्टर रोल इशू करने का निर्देश दिया गया। जो कार्य संचालित है उसी का ई- मास्टर रोल इशू करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने 81-99 दिन रोजगार करने लोगों को 100 पूर्ण कराने की बात कहीं। उन्होंने पंचायत भवन का निरीक्षण कर मनरेगा से संबंधित अभिलेख की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं का रिकॉर्ड कीपिंग करने का निर्देश दिया। दीदी बगिया योजना की समीक्षा किया गया। आगामी एक सप्ताह के अंदर संचालित दीदी बगिया योजना का प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्वयं निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बकाया राशि की भुगतान करने का निर्देश दिया। दीदी बाड़ी योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नये लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया। प्रखंड वार संचालित आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति की समीक्षा किया गया। सभी योजनाओं को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत जिस लागू को गया मिल गया है। उसे यथाशीघ्र गौशाला से आच्छादित करने का निर्देश दिया। तथा सभी निर्माणाधीन गौशाला की भौतिक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की खुदाई, पटाई एवं भौतिक रूप से पूर्ण योजना की विस्तृत समीक्षा किया गया। जहां-जहां पत्थर गिर चुका है और पटाई का कार्य जा रहा है। उसमें लाभुक को राशि का भुगतान कराने का निर्देश दिया गया। शॉक पिट में लक्ष्य के अनुरूप सभी योजनाओं को ओंगोइंग करते हुए निमार्ण कार्य को पूर्ण करने की बात कहीं। वित्तीय वर्ष 2024 -25 मिट्टी मोरम पथ निर्माण हेतु प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप प्रखंडवार पथ का चयन कर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिये। इसके अलावा उपायुक्त ने लेबर इंगेज, एंट्री ऑफ ई-एमबी , जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, एबीपीएस, वीर सहिद फोटो हो खेल विकास योजना, एरिया ऑफिसर एप, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, एन.आर.एम. एक्सपेंडिचर, अमृत सरोवर योजना, सोशल ऑडिट, जिओ मनरेगा आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, बीपीओ, एईई, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित थे।



## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना की उपायुक्त ने की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

● योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 -25 के लिए लाभुकों के चयन एवं ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत राज्यादेश 22 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु नए गो आउट तालाब निर्माण के लिए 11 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें छः योग्य लाभुकों का चयन किया गया। साथ ही उन्होंने बताया राज्यादेश 22 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं राज्यादेश 29 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु बायोफ्लॉक तालाब निर्माण एक-एक लाभुक का चयन किया गया है। वहीं राज्यादेश 29 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु मिनी आर0ए0एस0 निमार्ण एक लघु का चयन किया है। सभी प्राप्त आवेदन की समीक्षा के उपरांत सर्वसम्मति से योग्य लाभुकों का चयन कर स्वीकृति दी गई तथा उपायुक्त ने सभी चयनित लाभुकों से यथाशीघ्र योजनाओं को पूर्ण करवाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में महिलाओं ने की बजट पर परिचर्चा

**कोलेबिरा।** जिला के कोलेबिरा विधानसभा में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी की अध्यक्षता में बजट पर परिचर्चा किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रवक्ता पिंकी मार्केट बा उपस्थित हो कर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पहली बार लाखों महिलाएं,किसानो मजदूरों,नौकरी पेशा,व्यापारियों तथा सभी वर्ग के लिए विचार कर यह बजट तैयार किया गया है। जिसमे गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाओं को टर्म लोन की सुविधा दी जाएगी और यह लोन बिना गारंटी के आसान शर्तों पर दिया जाएगा। जिसके जरिए वे अपने छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसाय शुरू कर सकें ।यही नहीं व्यवसाय सम्बन्धी अनेकों प्रकार की प्रशिक्षण,बाजार उपलब्ध तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने की भी व्यवस्था भी की गई है ।इससे ना केवल सूक्ष्म, छोटे तथा मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा बल्कि उन्हें अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने में भी काफी हद तक मदद देने के लिए इस बजट में किसानो को कैसे लाभ प्राप्त कर सके इसकी भी पूरी तैयारी की गई हैं।

### शिवरात्रि त्यौहार को लेकर बोलबा थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**बोलबा।** बोलबा थाना में शिवरात्रि त्यौहार को लेकर शान्ति समिति की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक ने किया साथ ही उन्होंने बोलबा प्रखंड क्षेत्र में शिवरात्रि के मौक़े आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी लिया ।साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने का निर्देश दिया ।थाना प्रभारी सोनू पाठक ने कहा कि किसी तरह कि कोई अफवाह पर ध्यान नहीं दे ।उन्होंने साइबर क्राइम कि ठगी से बचने के लिए जागरूक किया एवं सडक दुर्घटना नियंत्रण पर कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। इस मौक़े पर कई समाज सेवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कुरडेग थाना परिसर में महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**कुरडेग।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कुरडेग थाना परिसर में शुक्रवार को थाना प्रभारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य,जनप्रतिनिधि गण एवं शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिरों में शिवरात्रि पर्व मनाने को लेकर चर्चा की गई और शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ नैमन कुजूर,सीओ किरण डांग,पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार प्रजापति एसआई धनंजय कुमार,मुकुन्द राम,सुमन सिंह,संजीत जयसवाल,आदि उपस्थित थे।

### तोरपा विधायक के सहयोग से कानारावां पंचायत के बांडीपा ग्राम में लगा नया ट्रांसफार्मर

**बानो।** बानो प्रखंड के कानारावां पंचायत अंतर्गत बांडीपा ग्राम में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन पंचायत के उप मुखिया अमित डांग ने किया ।झामुमो संयोजक सदस्य सह पंचायत प्रभारी मोहम्मद तनवीर हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि विगत 6 महीने पूर्व से ट्रांसफार्मर खराब था जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे ।बिजली बाधित रहने से बच्चों के पढ़ाई पर भी असर हो रहा था,किसानों के फसलों में सिंचाई में समस्या आ रही थी और भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के सहयोग से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया ।जिसका उद्घाटन पंचायत के उप मुखिया अमित डांग ने किया ।गांव के सुनिल लुगुन,खातिरन समद,अनिल तोपनो,अनमोल सुरीन एवं स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा तोरपा विधायक को सूचना दिया गया ।सूचना के उपरांत ही विधायक ने उसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए विभाग को सूचित कर ट्रांसफार्मर दिलाने का सहयोग किया तथा शुक्रवार को पंचायत के उप मुखिया अमित डांग के द्वारा ट्रांसफार्मर पर दीप प्रज्वलित कर रीबन काटकर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया।

### तोरपा विधायक से ग्रामीणों ने डालियामार्चा में पक्की सड़क निर्माण की मांग की



**बानो।** प्रखंड अंतर्गत रामजोल और बेड़ाइरगी गांव का संयुक्त टोला डालियामार्चा गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के आवास जाकर उनसे मुलाकात की ।सर्वप्रथम ग्रामीणों ने विधायक को प्रचंड जीत के लिए बधाई दी। ग्रामीणों ने विधायक को अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया ।उन्होंने बताया कि डालियामार्चा टोला में 55-60 परिवार रहते हैं ।आवागमन के लिए यहां पर कच्ची सड़क मुरूम पथ है,जिस पर चार पहिया वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से नहीं हो पता है ।पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां अनेक घाटियां हैं ।ग्रामीणों को लगभग तीन-चार किलोमीटर पैदल तथा सामान ढोकर चलना पड़ता है ।सड़क खराब होने के कारण एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती है,एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण बिमार होने पर और विशेषकर गंभीर बिमारी और गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।ग्रामीणों ने विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन विधायक को सौंपा जिस पर विधायक ने यथाशीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

### पोसोर में एक घर से बरामद किया गया एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव

**बानो।** बानो थाना के पोसोर में एक घर से पुलिस ने एक व्यक्ति का सडा गला शव बरमाद किया है। मृतक व्यक्ति की पहचान गुलाब सिंह 45 वर्षीय के रूप में किया गया। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार एक घर से सड़ने की बू आ रही थी। इसके बाद ग्रामीणों ने सडने की वजह जानने का प्रयास किया तथा घटना के बारे पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस घटना स्थल पहुंची तथा पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच कर रही है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि घटना के कारणों के बारे पता लगाया जा रहा है ।व्यक्ति की मौत कुछ दिन पुर्व मे हुआ तथा शव सड गल गया ।जांच के बाद ही घटना के बारे में जानकारी हो पायेगा।

### फाइलेरिया से संबंधित जागरूकता अभियान आयोजित हुआ

**सिमडेगा ।** कल्याण गुरुकुल बीरू में शुक्रवार को पीरामल फाउंडेशन के द्वारा फाइलेरिया बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही साथ सभी बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाया गया , मौके पर कल्याण गुरुकुल के प्रधानाचार्य भूपेंद्र शर्मा, स्वास्थ्य विभाग की और से सीएचओ रेजिना सोरेन,एएनएम- प्रतिमा कुमारी ,पीरामल फाउंडेशन से विक्की कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे ।

## अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले सप्ताह दिनांक-13.02.25 से 19.02.25 तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में 1. सिमडेगा थाना के सुन्दरपुर, तामड़ा चिकसुरा, 2. टी0टांगर थाना के जोराम- कुम्हारटोली, पतराटोली, 3. जलडेगा थाना के भितबुना, केलुगा, लम्बोई, परबा लम्बोई बजारटोली, 4. महाबुआंग थाना के बिंजामार्चा, 5. कुरडेग थाना के परकला, करमडीह, कालोमुण्डा, 6. केरसई थाना के रूसू, गोरारजोर, 7. बोलबा थाना के बोलबा बस्ती, मालसाड़ा डांड़टोली, टकबहाल, अवगा तुरीटोली, 8. पाकरटांड़ थाना के पाकरटांड़ टांगरटोली, पतराटोली, सिकरियाटांड़, 9. मुफस्सिल थाना के बानाबीरा कुम्हारटोली, सेवई बजारटांड़, बानाबीरा बजार, 10. बांसजोर ओ0पी0 के बांसजोर उपरटोली, बरडेगा, 11. ओड़गा ओ0पी के पहारटोली, रामजड़ी, 12. गिरदा ओ0पी0 के ईंदडीपा, गेनमेर में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नौ सौ अड़तालिस (948) किलोग्राम जावा महुवा विनष्ट किए गए और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया ।पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने सिमडेगा की जनता से अनुरोध किया है कि, अवैध शराब की रोकथाम एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सिमडेगा पुलिस का सहयोग करें। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के मोबाईल पर निश्चित रूप से दें।

## ईंट के लिए कुरडेग वासियों को नहीं पड़ेगा भटकना : जोसिमा खाखा

**सिमडेगा।** कुरडेग के गड़ियाजोर पंचायत के भलमंडा में जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने आशीष हार्डवेयर नामक व्यवसायक संस्थान का उद्घाटन किया। मौके संचालक द्वारा बताया गया कि यहां पर फ्लाई आस्क ब्रिक्स एवं फेवर ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। जोसिमा खाखा ने संचालक को बधाई देते हुए कहा कि कुरडेग में अब कहीं भी लाल ईंट अथवा फ्लाई आस्क ब्रिक्स निर्माण नहीं होता था। इस कारण प्रखंड के लोगों को काफी परेशानी होती थी। अब भलमंडा में फ्लाई आस्क ब्रिक्स निर्माण होने से प्रखंड के लोगों की परेशानी दूर होंगी। लोगों को ईंट के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। मौके पर जोसिमा खाखा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरुरी है। आज बड़ी संख्या में अंधाधूंध पेड़ों की कटाई हो रही है।

### होली स्पीरिट स्कूल सामटोली को सीआईएससीई बोर्ड से मिली मान्यता

## उद्घोषणा दिवस कार्यक्रम आयोजन कर विद्यालय परिवार ने मनाया उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** होली स्पीरिट स्कूल सामटोली, सिमडेगा को सीआईएससीई बोर्ड नई दिल्ली से प्रस्वीकृति प्राप्त होने पर स्कूल परिसर में उद्घोषणा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपायुक्त अजय कुमार सिंह, बिशप -सह- स्कूल के चेयररमैन बिंसेंट बरवा उपस्थित रहे। इसके अलावा अतिथि के रुप में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर उपायुक्त सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। फा शैलेश ने बताया कि स्कूल की स्थापना सन 2008 ई को स्व फा फीटर पौल सोरेंग ने काफी संघर्षों के बीच किया था। स्कूल की पहली प्रधानाध्यापिका सिस्टर हेलेन लुगून थी। उस समय हॉली स्पीरिट स्कूल शहर का पहला इंग्लिश मीडियम स्कूल था। उन्होंने बताया कि स्कूल को सीआईएससीई बोर्ड नई दिल्ली से स्वीकृति दिलाने को लेकर स्कूल प्रबंधक द्वारा काफी लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था। जो लंबे समय बाद इस पर सफलता मिली है।इस कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने संबोधित करते हुए उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बच्चों को शिक्षा की मुल उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य तीन चीज हैं जिसके लिए आप सभी बच्चें यहां बैठे हैं इस विद्यालय में अध्यनरत है। पहला ये कि शिक्षा नॉलेज को एक पाठ करता है, नॉलेज प्रदान करता है यह ज्ञान देते है। दूसरा स्कील/कौशल हुनर प्रदान करना और तीसरा उद्देश्य है चरीत्र का निर्माण करना। ये तीन उद्देश्य पर ही आधारित प्राचीनकाल से शिक्षा की व्यवस्था रही है। स्ट्रक्चर व्यवस्था है जहां विद्यार्थी, शिक्षक होते है। ज्ञान प्रदान किया जाता है।

## कोलेबिरा में चलाया गया छापामारी अभियान, 200 किलो महुआ जावा जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के लचरागढ़ पंचायत अंतर्गत कोम्बाकेरा में अवैध महुआ शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग के एसआई राजीव नयन और कोलेबिरा थाना के एएसआई हिंदु उरांव के नेतृत्व में संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में 200 केजी महुआ जावा जब्त कर विनष्ट किया गया ।उत्पाद विभाग के एसआई राजीव नयन और कोलेबिरा थाना के एएसआई हिंदु उरांव ने महुआ शराब विक्रेताओं को शराब नहीं बनाने की हिदायत दी ।साथ ही दोबारा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अवैध देशी शराब सेहत के लिए हानिकारक है। वहीं शराब के सेवन से घर में तनाव की स्थिति पैदा होती है ।अक्सर लोग शराब पीने के बाद लड़ाई झगड़ा करते हैं जिससे घर परिवार में अशांति का माहौल बनता है ।आगे कहा कि अवैध शराब का बिक्री छोड़कर सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं और कार्यों से जुड़कर रोजगार करें। सरकार गरीबों और आम जनता के विकास के लिए कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं उन योजनाओं का लाभ लें और स्वरोजगार से जुड़ें ।अभियान को सफल बनाने में उत्पाद विभाग के कर्मी और पुलिस के जवानों ने भी सहयोग किया।

## नवनियुक्त कांग्रेस प्रभारी का विधायक ने किया स्वागत

**सिमडेगा।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी नव नियुक्त किए गए राष्ट्रीय महासचिव के राजू के रांची पहुंचने पर विधायक भूषण बाड़ा ने अंग वस्त्र देकर उनका जोरदार स्वामगत किया। मौके पर विधायक ने जिले के संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिले के विकास में सहयोग की भी अपील की। नवनियुक्त कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि उनका उद्देश्य पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा करने के साथ-साथ गांव में कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है। एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के प्रयास तेज किए जाएंगे।

## टीबी उन्मूलन अभियान के तहत हुरदा पीएचसी केंद्र मे शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** सिमडेगा जिले में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत हुरदा पीएचसी केंद्र मे शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें 157 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग एक्स-रे मशीन द्वारा की गयी ।यह अभियान भारत सरकार के 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का हिस्सा है,जिसका उद्देश्य टीबी मुक्त भारत बनाना है ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग बानो के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और लोगों को टीबी बीमारी के बारे में जागरूक किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया है और संभावित टीबी मरीजों का एक्स-रे जांच किया गया है ।इस शिविर में टीबी विभाग सिमडेगा के पीपीएम कॉर्डिनेटर अभिषेक जोसफ तिर्की, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार, एक्स रे टेक्नीशियन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्लू, सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## पर्यटन स्थल डाडिंग जलप्रपात पहुंचे जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** जिले के उपायुक्त अजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार,जिला खेल समन्वयक मनीष हेमरोम और अंचलाधिकारी बानो रवि भूषण प्रसाद ने बानो प्रखंड क्षेत्र स्थित पर्यटन स्थल डाडिंग जलप्रपात क्षेत्र का निरीक्षण कर इको टूरिज्म के विकास हेतु कंसल्टेंसी के साथ निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली। ताकि डाडींग दह जलप्रपात को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा सके। ज्ञात हो की डाडींग दह जलप्रपात अधिसूचित पर्यटन स्थल के ग्रुप डी में शामिल है ।निरीक्षण के क्रम में खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने पाया कि डाडींग दह जलप्रपात में इको टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं ।डाडींग दह जलप्रपात पर्यटन विकास समिति के साथ जिला खेल पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने पर्यटन स्थल डाडिंग तक के पहुँच पथ,जलप्रपात जाने तक के लिए सीढ़ी,गजिबो व्यूह पोइंट, सेल्फी पोइंट,जलमीनार, शौचालय,किओस्क,पगडंडियों के साथ-साथ पार्किंग स्थल और बुनियादी सुविधा उपलब्ध पर्यटकों के लिये उतरने चढ़ने के लिये सीढ़ी, शेड,व शौचालय तथा पर्यटन स्थल तक आने जाने के पर्यटकों को परेशानी न इस लिये गाँव के विकास की भी चर्चा की और ये सारी मूलभूत सुविधाएं डाडिंग दह जलप्रपात में उपलब्ध कराने की बात कही। जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने डाडिंग दह जलप्रपात प्रबंधन समिति से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली तथा उन्होंने कहा कि इको टूरिज्म के रूप में विकसित होने पर यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा ।पर्यटन क्षेत्र का विकास होगा तो काफी संख्या में दूर दराज से लोग यहां घूमने आएंगे। मौके पर सी आई विल्सन,शैलेंद्र डुंगडुंग,डाडिंग पर्यटन स्थल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीयूष टेटे,सचिव नरेंद्र सिंह व सदस्य उपस्थित थे।

## युवा खेल क्लब के गठन को लेकर विशेष बैठक का हुआ आयोजन

**बानो।** प्रखंड सभागार में जिला खेल पदाधिकारी के अध्यक्षता में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर विशेष बैठक आहूत की गई ।बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के पंचायत सचिव उपस्थित रहे ।बैठक में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के रजिस्ट्रेशन एवं प्रखंड एवं गांव स्तर पर खेल के विकास हेतु खेल से संबंधित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई ।जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें ग्राम स्तर पर सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लबों का गठन कर खेल, कला संस्कृति व पर्यटन को विकास एवं बढ़ावा देना हेतु सरकार के द्वारा एक बेहतरीन पहल है ।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक राजस्व ग्राम में सिद्धू कान्हू युवा क्लब का रजिस्ट्रेशन करें। सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के कार्यालय संचालन हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 25000 रुपया राशि दी जाएगी।

## बानो को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर तीन दिवसीय हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**




**बानो।** बानो प्रखण्ड को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर बानो को अनुमंडल बनाओ के मंच के तत्वावधान में तीन दिवसीय हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन शुक्रवार को बिरसा चौक में किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने फीता काटकर किया ।बारी-बारी से लोगों ने बानो को अनुमंडल बनाने के लिए हस्ताक्षर किया ।हस्ताक्षर अभियान में सभी राजनीतिक दल,सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्था और ग्रामीणों ने भाग लिया ।बानो अनुमंडल बनाओ मंच के अध्यक्ष बिरजो कंडुलना ने कहा कि सिमडेगा से बानो की दूरी 60 किलोमीटर है तथा बानो प्रखंड 50 किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है ।यहां के ग्रामीणों को सिमडेगा आने-जाने में काफी परेशानी होती है तथा बानो में रेलवे का नेटवर्क है ।बानो प्रखंड में दो थाना और एक ओपी है। वहीं आरपीएफ और रेलवे का जीआरपीएफ थाना है। इसके अलावा शिक्षा में डिग्री कॉलेज,मॉडल कॉलेज आईटीआई कॉलेज सभी प्रकार से बानो प्रखंड अनुमंडल बनने की अहर्ता रखता है ।इसको लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है ।इस अवसर पर बानो अनुमंडल बनाओ मंच के अध्यक्ष बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, उपाध्यक्ष मो॰ रफीक अंसारी, सचिव चूड़ामणि यादव,उप सचिव आनंद मसीह तोपनो, कोषाध्यक्ष जगदीश बागे, सलाहकार प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजित कंडुलना, बिरसा खेल समिति अध्यक्ष संतोष साहू,घनश्याम सिंह, संरक्षक बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक, प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, झामुमो संयोजक सदस्य तनवीर हुसैन, मीडिया प्रभारी महेश सिंह एवं समिति सदस्य मनीर खान, जोलेन जोजो, मो॰ तैयब अली, दिलमोहन साहू, बीस सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक, विनय साहू, सुधीर लुगुन, कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी, आह्लाद साहू,सोय मुखिया सोमवारी कैथवार, उकौली मुखिया कृपा कृपा हेमरोम, सुधीर लुगुन, पन्नालाल ओहदार, अनूप साहू, विकास मघैया, सुनित कंडुलना, खुर्सीद खान, कनारावां मुखिया मिंसी लिना तिर्की, फिरु बड़ाइक, साबिर अंसारी, समशेर खान,बबलू खान, के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

तिसरी में झामुमो का पंचायत कमिटी पुनर्गठन शुरू

## गड़कुरा में पंचायत कमिटी का हुआ पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत कमिटी पुनर्गठन की शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार को प्रखंड के गड़कुरा पंचायत के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल उपस्थित थे। बैठक में सर्वसहमति से गड़कुरा के पंचायत अध्यक्ष के रूप में एक बार फिर सोनुआ बास्के को ही चुना गया। वहीं सचिव के रूप में हकीम अंसारी को चयनित किया गया है। पंचायत कमिटी पुनर्गठन के बाद कार्यकताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, वीर शिबू जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद सरीखे नारे लगाए। बैठक में राजेश मुर्मू, दासो हांसदा, बजरंगी सोरेन, मंगरा मरांडी, रघु मरांडी,शुकरा हेमब्रम, बिसुन मुर्मू,संतोष मुर्मू, बुधन मुर्मू, चूड़की हांसदा, दुखनी मरांडी समेत कई लोग शामिल थे। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाने का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार तिसरी प्रखंड को मिले लक्ष्य को हर हाल में पुरा करेंगें। प्रखंड में 15 हजार सदस्य बनाने हैं, कहा कि प्रत्येक पंचायत से 1 हजार सदस्य को जोड़कर यह लक्ष्य पुरा करेंगे।

## सीएस ने भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों के साथ बैठक की

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सिविल सर्जन लोहरदगा डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में प्रखंड भंडरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी भंडरा प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र को जिन्होंने आईएचआईपी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य किया है उन्हें प्रोत्साहित किया गया । कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा डॉ. शंभू नाथ चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा नाजिश अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भंडारा डॉ. संजय कुमार, जिला एपिडेमोलार्जस्ट प्रशांत चौहान, आईडीएसपी डाटा मैनेजर राकेश भूषण, जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आईडीएसपी विमलेश कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। गौरतलब है कि आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आईडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है। इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करता है।

## भीम कर्ण ने 12वीं शताब्दी में खुखरागढ़ को राजधानी बनाया था : ललन



**बेड़ो।** नागवंशी शासक भीम कर्ण ने सरगुजा के रक्सेल को हराने के बाद 12वीं शताब्दी में अपनी राजधानी खुखरागढ़ स्थानांतरित कर दी थी उक्त बातें शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान विद्या सागर पब्लिक स्कूल के निदेशक ललन कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1585 में मधु कर्ण के शासनकाल के दौरान मुगलों ने अकबर के सेनापति शाहबाज खान कम्बोह के नेतृत्व में खुखरागढ़ आक्रमण किया था यहां के अंतिम शासक दुर्जन शाल थे जिन्होंने ग्वालियर जेल से लौटकर डोयसा गढ़ को अपनी राजधानी बनाई थी ।शुक्रवार को विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेडो.के कक्षा 6 से 8 के बच्चे शुक्रवार को इतिहास एवं भूगोल के प्रायोगिक कक्षा के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण पर बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक खुखरागढ़ के मुड़हर पहाड़ एवं नागवंशी शासकों की जानकारी ली। विद्यासागर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खुखरागढ़ के नागवंशी इतिहास के धरोहरों को नजदीक से देखा एवं वहां के स्थानीय ग्रामीणों से जानकारी लेकर खुखरागढ़ के ऐतिहासिक महत्व को जाना।

## पिपरवार से अगवा कोयला कारोबारी 12 घंटे बाद घायल अवस्था में मिला



**खलारी।** पिपरवार से अगवा हुआ कोयला कारोबारी आशिक अली 12 घंटे बाद घायल अवस्था में मिला। थाना क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा गांव निवासी आशिक अली का अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने गुरूवार रात अपहरण कर लिया था। घटना के बाद सूचना मिलते ही टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिए। इसके बाद आशिक अली की बरामदगी को लेकर चार जिलों की पुलिस टीम द्वारा छापेमारी अभियान शुरू किया गया। एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में चतरा, रांची, हजारीबाग व रामगढ़ की पुलिस टीम द्वारा रात भर सीमांत एरिया को सील कर ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया गया। रात में ही पिपरवार पुलिस ने शक के आधार पर कई लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस दबिश के कारण अपहरण के करीब 12 घंटे बाद अपराधियों ने शुक्रवार सुबह पिपरवार थाना क्षेत्र के जोबिया दामोदर नदी किनारे आशिक अली को घायल अवस्था में छोड़ दिया। स्थानीय पुलिस व स्वजनों ने आशिक को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक उत्तमकुमार तिवारी, थाना प्रभारी प्रशांतकुमार मिश्रा, पुअनि अंजनी कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी लिए। आषिक अली के मिलने की खबर फैलते ही बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। फिलहाल पिपरवार पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। ज्ञात हो कि कोयला कारोबारी आशिक अली का उसके न्यू मंगरदाहा स्थित घर के बाहर से नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने अगवा कर लिया था। इस दौरान बीच बचाव करने आए उसके पुत्र के साथ भी मारपीट किया था।

## हत्याकांड का खुलासा, पत्नी सहित छह गिरफ्तार

**खूंटी।** जिले के चर्चित संदीप टोप्पो हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी सहित छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी , उसका प्रेमी प्रदीप कुजूर, पवन लकड़ा, रोनित कुजूर, सुमन सागर कुजूर और प्रिया कुमारी शामिल है।सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को कर्रा थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि 18 फरवरी को अज्ञात अपराधियो ने कर्रा-लोधमा रोड पर मलगो के पास एक युवक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को संदीप टोप्पो की पत्नी खुशबू कुमारी और अन्य पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

बदलते परिवेश में मीडिया की भूमिका पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# पत्रकार प्रशासन और आम जनता के बीच की कड़ी हैं : ललन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सूचना भवन के सभागार में शुक्रवार को जिले के पत्रकारों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता, शशिंद्र कुमार बड़ाइक गुमला ने की, जबकि जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक की उपस्थिति में कार्यशाला का संचालन हुआ। कार्यशाला का मुख्य विषय 'बदलते परिवेश में मीडिया की भूमिका' था, जिस पर जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए।

कार्यशाला की शुरूआत जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं सभी वरीय पत्रकारों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। अपने उद्घाटन संबोधन में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा, पत्रकार प्रशासन और आम जनता के बीच की कड़ी हैं। निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज को सही दिशा मिलती है। पुराने और नए तजुर्बे के साथ हम एक नए उन्नत आयाम का निर्माण कर सकते हैं।

**पत्रकार सुशील कुमार ने कहा:-**
मीडिया हमेशा समाज की सेवा में रही है और अंतिम व्यक्ति तक की सूचनाएं पहुंचाने का कार्य करती रही है। पत्रकार निःस्वार्थ भाव से काम करते हैं, लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि प्रशासन को भी यह समझना चाहिए कि मीडिया कर्मी कौन हैं और उनकी भूमिका क्या है।

**पत्रकार प्रवीण कुमार ने कहा:-**
आज के समय में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यह चिंता का विषय है कि अब लोगों के घरों में अखबार पढ़ने की संस्कृति खत्म होती जा रही है। लोगों को पढ़ने और लिखने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि पत्रकारिता को एक सही दिशा दी जा सके।

**पत्रकारों ने रखे अपने विचार**

वरिष्ठ पत्रकार बलदेव शर्मा ने कहा पहले पत्रकारिता पर व्यापक चर्चा होती थी, क्योंकि अखबार ही एकमात्र संचार माध्यम था। समाज और सरकार की बातें अखबारों के माध्यम से ही जनता तक पहुंचती थीं। आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता का अहम योगदान था। पहले यह एक मिशन थी, लेकिन अब यह कमीशन का जरिया बनती जा रही है। हालांकि, यह भी सच है कि पत्रकार अपनी तकलीफें छिपाकर समाज की आवाज बनते हैं। उन्होंने आगे कहा,हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली खबरों की सटीकता की जांच करें और बिना पुष्टि किए कोई भी समाचार प्रकाशित न करें। वरिष्ठ पत्रकार केए गुप्ता ने कहा मीडिया का काम केवल खबरों को दिखाना ही नहीं, बल्कि समाज और सरकार के बीच एक मजबूत पुल का निर्माण करना भी है। वरिष्ठ पत्रकार गणपत लाल चौरसिया ने अपने संबोधन में पत्रकारिता की विशेषता पर प्रकाश डाला, साथ ही उन्होंने जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी का धन्यवाद भी किया जिन्होंने इस प्रकार के कार्यशाला का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला समय समय पर किया जाना चाहिए ताकि पत्रकारों के मन के विचारों को रखने का एक मंच एवं अवसर मिल सके। साथ ही उन्होंने कई समस्याओं को भी साझा किया तथा पत्रकारों के सम्मान के सम्बन्ध में भी एक कटाक्षता जाहिर की। 'बदलते समय में मीडिया की भूमिका' एक विस्तृत विषय है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पत्रकारिता एक आंदोलन थी। पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जनता तक आवाज पहुंचती थी। आज भी पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। जहां प्रशासन नहीं पहुंच पाता, वहां पत्रकारों की लेखनी जनता की आवाज बनती है। मौके पर मुख्य रूप से एपीआरओ नेहा पाठक, एडीएफ मीडिया एलीना दास, स्वाति तिर्की, रामलखन कुमार, दिवाकर साहू, सहित जनसंपर्क विभाग के अन्य कर्मी एवं जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद रहें।

## बाबा आम्रेश्वर धाम में 26 फरवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

**खूंटी।** झारखंड के मिनी बाबा धाम के रूप में विख्यात बाबा आम्रेश्वर धाम आंगराबारी में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यख लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव और महामंत्री मनोज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 26 फरवरी को सुबह पांच बजे से बाबा भोलेनाथ का विधि विधान से पूजन और अभिषेक होगा। सुबह नौ बजे से कीर्तन और दस बजे प्रसाद वितरण होगा। बताया गया कि शाम सात बजे से बाबा का श्रृंगार पूजन और रुद्राभिषेक होगा।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**खूंटी।** अड़की के प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने की। कार्यक्रम में एमएसएमइ के सहायक निदेशक ज्योत्सना गुड़िया ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य परंपरागत कारीगरों और हस्तशिल्पियों को योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति प्रेरित करना था। इसमें स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों पीएम विश्वकर्मा से जुड़े कारीगरों को योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और वित्तीय सहायता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सीएससी के प्रतिनिधि शशि शुक्ला, सेंट्रल बैंक, अड़की के प्रबंधक गौरवांश, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड से जिला उद्यमी समन्वयक आतेन विश्वासी तोपनो, जिला प्रबंधक प्रभात कुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक इम्मानुल मुंडा, आशीष वर्मा, पंकज कुमार शर्मा मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड), पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव तथा 60 से अधिक लाभुक आदि उपस्थित थे।

## माता-पिता का प्यार पाने नानी घर से पैदल निकल पड़े भाई-बहन, पुलिस ने पहुंचाया घर



**रामगढ़।** धरती पर मां का दर्जा ईश्वर से भी ऊपर है। ऐसा इसलिए कहा जाता है कि किसी भी बच्चे को उसकी मां से ज्यादा कोई प्यार नहीं कर सकता। रामगढ़ में भी शुक्रवार को एक ऐसा वाकया हुआ। यहां मां से मिलने दो अबोध बच्चे अपने नानी घर से पैदल निकल पड़े। यह दोनों और कोई नहीं सगे भाई बहन थे। सात वषीर्या होलिका कुमारी और चार वर्षीय आलोक कुमार बूढ़ाखुकरा गांव में अपने नानी के घर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर नानी घर से होलिका और आलोक का मन उचट गया। वे अपने माता-पिता से मिलने के लिए अपने गांव दोहाकातू पैदल ही निकल पड़े। कुछ दूर चलने के बाद रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चुट्टूपालू घाटी के गड़के मोड पर वे रास्ता भटक गए और रोने लगे। सड़क किनारे गन्ने का जूस बेच रहे व्यक्ति ने उन्हें रोका और उन्हें चुप कराया। उसी व्यक्ति ने पुलिस को दोनों बच्चों की खबर दी। पेट्रोलिंग में मौजूद सब इंस्पेक्टर जॉनी ने दोनों बच्चों को गाड़ी में बिठाया और उनकी पहचान कराने में जुट गए। धीरे-धीरे उन्हें होलिका और आलोक के घर का पता मिल गया।

# 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक मामले में कोडरमा से दो गिरफ्तार



**कोडरमा।** झारखंड 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक मामले पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मामले में जांच तेज कर दी है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मामले पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की है। जांच टीम ने पेपर लीक मामले में 12 घंटे के अंदर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि पेपर लीक मामले पर पुलिस विभाग ने अपने साइबर सेल को विशेष निर्देश देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी हर गतिविधियों निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मरकच्चो थाना में मामला दर्ज किया गया है, दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव शामिल हैं। इधर कोषागार से पेपर लीक होने की बात को उपायुक्त ने सीधे तौर पर खारिज किया है।

**कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव गिरफ्तार**

हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक कराने के मामले में पुलिस ने कोडरमा जिले के जामु निवासी स्कूल कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव को गिरफ्तार किया है। प्रशांत मरकच्चो प्रखंड के जामू में एक प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर चलाता है। प्रशांत ने पुलिस को बताया कि उसे मरकच्चो निवासी प्रिंस राणा नामक छात्र ने प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया था। प्रिंस मूक-बधिर है, जो खुद इस बार परीक्षा में शामिल होने वाला था। प्रिंस अपने पिता इंद्रदेव विश्वकर्मा और मां आरती देवी के साथ इलाज के लिए बेंगलुरू गया है। बताया जा रहा है कि बेंगलुरू से वापस आने वाली ट्रेन छूट जाने की वजह से वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया। पुलिस जब प्रिंस के घर पर दबिश दी तो वहां उसकी दादी और छोटा भाई गौतम मिला। प्रश्नपत्र एक व्हाट्सएप ग्रुप में मात्र 350 रुपए में बेचे गए थे। इस ग्रुप का एडमिन प्रिंस ही है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड एग्जामिनेशन से यह व्हाट्सएप ग्रुप हाल में बनाया गया था। इस ग्रुप से जुड़ने के लिए छात्रों को लिंक भेजे गए थे। इस ग्रुप में एक हजार से ज्यादा लोग जुड़े थे। ग्रुप से जुड़ने के बाद प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के बदले क्यूआर कोड से 350 रुपए मांगे गए थे। प्रश्नपत्र के पीडीएफ को अनलॉक करने के लिए पासवर्ड बनाया गया था। जिन लोगों ने रुपए का भुगतान किया, उन्हें पासवर्ड उपलब्ध कराया गया था।

# पत्नी की हत्या के आरोपी को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गांडेय, गिरिडीह।** संदेहास्पद स्थिति में हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में लेते हुए भेजा गिरिडीह कारावास बता दे कि अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के गजकुंडा निवासी वसीम अंसारी की पत्नी अफसाना खातून की घर में संदेहास्पद स्थिति में फंदे झूल कर जान दे दिया था। युक्त मामले को लेकर अहिल्यापूर थाना में कांड स. 03/25 धारा 80(3) /3(5) इठर के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। पुलिस ने करवाई करते हुए शुक्रवार को अभियुक्त वसीम अंसारी, गजकुंडा गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लेते हुए गिरिडीह कारावास भेज दिया गया है । थाना प्रभारी गुलाम गौस हुसम्मी ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था मामले को छानबीन कर अभियुक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक ने बालू लोड ट्रैक्टर को झाड़ियों में कुदाया



**तिसरी (गिरिडीह)।** शुक्रवार को तिसरी में अवैध बालू लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को आते देख भागने के चक्कर में आव देखा न ताव और गाड़ी को सड़क से उतारकर झाड़ियों की ओर ले जाने लगा। हालांकि इस दौरान ट्रैक्टर गड्ढे में जा फंसा जिसके बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से भाग गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्वराज ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर भंडारी से तिसरी आ रहा था तभी पुलिस की नजर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पर पड़ी। तिसरी पुलिस उक्त ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए जैसे ही आगे बढ़ी, ट्रैक्टर ड्राइवर बालू लदे ट्रैक्टर को सूर्यवंशी होटल के बगल के झाड़ियों में कूदाकर ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर तिसरी थाना ले आई और आगे की कारवाई में जुट गई है। बता दें कि तिसरी प्रखंड के भंडारी, गादी और मंझलाडीह नदी से इन दिनों अवैध बालू का खनन लगातार जारी है। इन नदियों से बालू का उठाव कर धड़ल्ले से परिवहन किया जाता है। हालांकि तिसरी पुलिस के द्वारा लगातार कारवाई भी की जा रही है लेकिन बालू खनन करने वाले लोग बाज नहीं आ रहे है।

## महाकुंभ स्नान को गए श्रद्धालु की हुई मौत, शव पहुंचा गांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के चालमो बरमसिया निवासी का शव शुक्रवार को प्रयागराज से गांव पहुंचा। शव के पहुंचते ही परिजनों के रूदन चित्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया था। बताया जाता है कि बरमसिया निवासी बासुदेव ठाकुर (50) अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ 16 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ गया था जहां से वह बिछड़ गया था।18 फरवरी को कासगंज थाना से उसकी मौत की सूचना आने पर पंचायत के मुखिया सुबोध यादव व मृतक के परिवार के सदस्य कासगंज थाना गए और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करके अपने खर्च पर एंबुलेंस से शव को बरमसिया लेकर आये।मुखिया ने बासुदेव ठाकुर की मौत की जांच की मांग करते हुए उसके परिवार के सदस्यों को 25 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग यूपी सरकार से की है।

## शीतलटोला में हो रहे श्री रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए विधायक नागेंद्र महतो

**बिरनी गिरिडीह। बिरनी।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शीतल टोला गोरडीह में आयोजित श्री श्री 1008 श्री हवनात्मक श्री रुद्र महायज्ञ में शुक्रवार को बगोदर विधायक नागेंद्र महतो शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने यज्ञ देवता के समक्ष माथा टेककर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख,शांति और समृद्धि की कामना किया और प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, जिला कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण दास,महामंत्री बिरेंद्र यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रत्न पांडेय, मुकेश पासवान,भोला यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिरा

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा के समीप गुरुवार को देर शाम स्कूटी सवार एक युवक गिर कर घायल हो गया.वही दुर्घटना में घायल युवक का पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी निवासी चमरू उरांव का पुत्र राजकुमार उरांव के रूप में किया गया. जानकारी के अनुसार बताया जात है. कि युवक अपने घर से सरस्वती विद्या मंदिर की ओर जा रहा था.उसी दौरान बक्सीडीपा के समीप सड़क पर बकरी अचानक सड़क पर दौड़ गया. जिससे बचने के चलते स्कूटी सवारी युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया. जिससे युवक गिर कर घायल हो गया. घायल अवस्था में युवक को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया. जहां इलाज चल रहा है. वही युवक खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## चाचा-भतिजा का सड़क दुर्घटना में मौत

**गांडेय,गिरिडीह।** गिरिडीह टुंडी मुख्यमार्ग के के बड़कीटांड के पास तेज रफ्तार बाइक पेड़ से जा टकराई, जिसमें सवार दो युवक की मौत हो गई मृतक की पहचान पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पालगंज निवासी दयानंद सिंह के 15 वर्षीय पुत्र मुरारी सिंह,ओर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर मोड़ निवासी 15 वर्षीय प्रियांशु कुमार के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रियांशु कुमार सिंह और मुरारी सिंह दोनों शुक्रवार को घूमने के लिए पारसनाथ गए हुए थे वापस लौटने के क्रम में गिरिडीह टुंडी मुख्यमार्ग के बड़कीटांड़ जंगल के पास बाइक अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जा टकराई घटना की सूचना मिलने पर ताराटांड़ थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया जहां पर चिकित्सकों ने दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया गया इधर घटना की खबर परिजनों को मिलने से स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है । बता दे कि प्रियांशु और मुरारी रिश्तेदारी में चाचा भतीजा थे।

## कुडू थाना के चौकीदार का आकस्मिक निधन, शोक



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना के चौकीदार ननतिलो गांव निवासी गोपाल पासवान का गुरुवार की रात्रि निधन हो गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए चौकीदार संघ के अध्यक्ष राजु राम ने बताया कि कुछ दिनों से बीमार चल रहे गोपाल पासवान काफी शांत और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। इनके आकस्मिक निधन से समस्त चौकीदार संघ मर्माहत है। निधन कि सूचना पर कुडू सीओ मधुश्री मिश्रा और थाना प्रभारी मनोज कुमार ननतिलो पहुंच शोक प्रकट किया और परिजनों को तीन हजार रु सहायता राशी भेंट की।

# रजरप्पा से लापता हुई लड़की को लेकर बढ़ता जा रहा दो संप्रदाय में तनाव



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से लापता हुई 28 वर्षीय लड़की को लेकर दो संप्रदायों में तनाव बढ़ता जा रहा है। एक तरफ जहां लड़की के घर वाले और समाज के लोग उतावले हो रहे हैं, वहीं दूसरे समुदाय के लड़के के परिवार वाले भी दहशत में हैं। यह मुद्दा तब और ज्यादा चर्चित हुआ जब शुक्रवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने इस मामले पर टिप्पणी कर दी। उन्होंने पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि लड़की वापस नहीं आ रही है जिसे लेकर समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अगर किसी भी तरह का विवाद होता है तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर की एक लड़की खुशबू (काल्पनिक नाम) मुस्लिम समुदाय के एक लड़के मो गालिब उर्फ राजा पिता मुख्तार खान के साथ चली गई थी। खुशबू के परिजनों ने इस मामले में नौ फरवरी को ही लड़की के लापता होने की सूचना थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला कि यह मामला गुमशुदगी का नहीं, बल्कि प्रेम प्रसंग का है। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने इस मामले की सूचना लड़की के परिजनों को दी। साथ ही फोन पर बात भी कराई। पुलिस ने बताया कि लड़की अपने परिवार वालों के साथ संपर्क में है। आगे की कार्रवाई के लिए परिजनों की ओर से आवेदन दिया जाएगा, तो उस आधार पर भी कार्रवाई की जाएगी।

इस पूरे मामले को लेकर लड़की के परिवार और समाज के लोगों ने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी से मुलाकात की। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 23 फरवरी तक लड़की को सुपूर्द करने का अल्टीमेटम पुलिस को दिया है। उन्होंने कहा कि लड़की को लाए नहीं तो माहौल बिगड़ा तो इसकी जिम्मेवार सरकार और यहां की पुलिस प्रशासन होगी। उन्होंने कहा कि मामला काफी उलझा हुआ है, जिससे लोगों में आक्रोश है। अभी तक पुलिस की ओर से भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। चूंकि हमलोगों को यह मामला सुलझाना भी है और बिगड़ेगा तो हमलोग आपस में ही उलझेंगे। उन्होंने एसपी से भी बात की और कहा कि किसी भी हाल में 23 तारीख तक लड़की को सुपुर्द करें। लड़की हमारे समाज की है। नहीं तो हमलोग दबाव बनाएंगे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

भगवत्प्राप्ति के बिना आप स्वतंत्र नहीं हैं। आपकां जीवन आवेगों, मानसिक उतार-चढ़ाव, मनोवृत्तियों, आदतों और वातावरण के अधीन है। एक सद्गुरु के उपदेश का पालन और उनके अनुशासन को स्वीकार कर आप इंद्रियों की दासता से धीरे-धीरे छुटकारा पा लेंगे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# दिल्ली की गूंज बिहार से भी आगे

बिहार और पूर्वांचल के वोट बैंक के उलट हरियाणा मूल की रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबको चौंका दिया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की कट्टर स्वयंसेवक और वह भी महिला, विकसित दिल्ली की कमान संभाल सकती है। एक महिला को दिल्ली की सत्ता की कमान सौंपने से भाजपा की आगामी रणनीतियों का भी पता चलता है, जिसे वह राष्ट्रीय स्तर पर भुनाने का प्रयास करेगी। यह वंशवाद की राजनीति करने वाली विपक्षी पार्टियों पर सीधा प्रहार है। भाजपा ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के उस कथन को सही साबित किया है, 'भाजपा एक अलग पार्टी है।' आडवाणी की बात से सीख लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को चुनौती दी है कि उसने कब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या दलित परिवार को सम्मान दिया, जबकि एक ही परिवार से मां, बेटा और बेटी सांसद बनी हुई हैं। दिल्ली में मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का चयन समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल पर भी सीधा प्रहार है। प्रधानमंत्री मोदी इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा के चुनाव के दौरान अपने इस निर्णय को भुनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी की ओर महिलाओं को आकर्षित करने के लिए और उन्हें सशक्त बनाने के लिए रेखा गुप्ता को एक उदाहरण के तौर पर उद्धृत किया जाएगा। इसके साथ ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी यह संदेश देते आए हैं कि विकसित भारत के सपने को साकार करने और राजनीति से भ्रष्टाचार व वंशवाद को खत्म करने के लिए युवाओं का राजनीति में आना जरूरी है। इसके साथ ही आरएसएस के शताब्दी वर्ष के समारोह में रेखा गुप्ता का दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर चयन भाजपा का आरएसएस को रिटर्न गिफ्ट भी है। यह भी संयोग ही है कि जिस दिन दिल्ली की मुख्यमंत्री के लिए रेखा गुप्ता के नाम का एलान किया गया, उसी दिन दिल्ली में आरएसएस के बहुमंजिला मुख्यालय का भी उद्घाटन हो रहा था। झंडेवालान स्थित आरएसएस मुख्यालय केशव कुंज में हुए कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी भी मौजूद थे। अब दिल्ली विधानसभा की परिकल्पना करें, तो उसमें महिलाओं का बोलबाला होगा। सत्ताधारी दल की कमान एक महिला को सौंपी जा चुकी है। उम्मीद है कि आतिशी नेता प्रतिपक्ष के पद की शोभा बढ़ाएंगी, जो इससे पहले मुख्यमंत्री थीं। मतलब साफ है कि विधानसभा में रेखा बनाम आतिशी की टक्कर होगी। भाजपा से दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं रेखा गुप्ता की पृष्ठभूमि को देखें, तो पहली बात यह कि उनके परिवार से अन्य कोई सदस्य सक्रिय राजनीति में नहीं है। दूसरी बात रेखा गुप्ता बीते करीब 32 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी हुई हैं। वह सुषमा स्वराज के बाद मजबूत महिला चेहरा बनकर उभरी हैं। उनका संबंध हरियाणा के जींद जिले से है और आरएसएस की समर्पित स्वयंसेवक रही हैं।

*अब दिल्ली विधानसभा की परिकल्पना करें, तो उसमें महिलाओं का बोलबाला होगा।*

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक हैं महाकुंभ

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे. जो प्रातः स्नान करते समय 'गंगे चयमुने चैवगोदावरीसरस्वती । नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् संनिधि कुरु॥' का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां माँ की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकरशांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों कीगोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भीसहायक मानी जाती हैं। यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है।

कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य काहीमहापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यहमहापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है 'मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या तदा योगः कुंभख्यस्तीर्थनायके ।।' अर्थात 'जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।' कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं- मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है।


कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसीसंदेह की आवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभमेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया? विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से कीथी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोक कल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजनकल्याण होता है। कुंभका इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में हीरहकरसर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते औरसभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धनइस अवसर पर अपनी दान शीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्वमुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट् हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर परदानकर दिया। जब दानके लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार करदे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अबतक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।

कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को साकार करता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलती है। विदेशी पर्यटक यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने आते हैं। कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह केवल पवित्र स्नान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने, आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर भी है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा।



आज की बात



**गजेंद्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दिमागी गंदगी की सड़ांध

कुछ लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेंट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफ़ी मांग लेते हैं। सवाल यह है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफ़ी मांग लेना काफ़ी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पर 'आपत्तिजनक' टिप्पणियों की निंदा की। ऐसे लोगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, अगर जनता गंदगी परोसने वाले ऐसे चैनलों और मंचों का बहिष्कार करना शुरू कर दे तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। गंदगी परोसने वाले ऐसे सारे कार्यक्रम जो ओटीटी, टीवी आदि पर हैं, सब बंद होना चाहिए। ऐसा वल्गर कंटेंट हमारे देश की संस्कृति को तबाह कर देगी। यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए ग़लत भी। ऐसे लोग सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे हैं। ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले लोगों को देखना व सुनना, आज के समाज का भी कसूर है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने रणवीर इलाहाबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे "उनके दिमाग़ की गंदगी" कहा। इलाहाबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, इलाहाबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से "पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा।" यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निर्माताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है। समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफ़ी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं होगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि 'मजाक' के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रियंका सौरभ**

# निष्पक्ष चुनाव आयोग, संविधान और लोकतंत्र का प्रथम प्रहरी

भारत लोकतांत्रिक देश है, इसमें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता ही जनता के विश्वास, लोकतंत्र की मजबूती और संविधान के सुरक्षा की गारंटी है। इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में लंबित चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा मामला केवल कानूनी विवाद नहीं है। लोकतंत्र की नींव और संविधान के मूल अधिकारों से जुड़ा अहम प्रश्न है। सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में आदेश दिया था। जब तक संसद कोई नया कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयोग के सदस्यों आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश की समिति द्वारा की जाएगी। इस फैसले के बाद केंद्र सरकार ने ताबड़तोड़ तरीके से 2023 में नया कानून बनाकर मुख्य न्यायाधीश को इस प्रक्रिया से बाहर कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के स्थान पर प्रधान मंत्री द्वारा नियुक्त एक केंद्रीय मंत्री को नियुक्त करने का प्रावधान कर कानून बना दिया। इससे समिति में सत्ता पक्ष को 2-1 का बहुमत मिल गया। यह कानून संसद से बिना किसी विचार विमर्श के बहुमत के आधार पर पास कर लिया गया। जिस समय यह कानून पास कराया गया, उस समय विपक्ष के सांसदों को बड़ी संख्या में लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित किया गया था। जिससे चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए बनाए गए कानून और नियुक्ति प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए। 2023 में जैसे ही कानून पास हुआ था, उसके बाद से ही सुप्रीम कोर्ट में यह मामला लंबित पड़ा हुआ है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट नहीं कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज इस सुनवाई से बचना चाहते हैं, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपने आप को अलग कर लिया। जिस खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई के लिए भेजा वह भी टालमटोल कर रही है। सरकार भी इस मामले की सुनवाई नहीं होने देना चाहती है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का यह रवैया चिंता का विषय है। स्वतंत्र चुनाव आयोग भारतीय संविधान और लोकतंत्र की आत्मा है। निष्पक्ष चुनाव आयोग की जरूरत बार-बार महसूस की जा रही है। लोकसभा तथा पिछले विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह की शिकायतें चुनाव आयोग को लेकर की गई हैं यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है। चुनाव आयोग के कार्य में परिदृश्यता नहीं है। चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। सत्ताधारी दल के खिलाफ की गई शिकायतों पर कोई कार्यवाही चुनाव आयोग द्वारा नहीं की गई। चुनाव की निष्पक्षता को लेकर भी चुनाव आयोग पर विपक्षी राजनीतिक दल निशाना साध रहे हैं। तब सर्वोच्च न्यायालय का मामले को टालते रहना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए शुभ संकेत नहीं है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने का दायित्व न्यायपालिका का है। प्रशांत भूषण जैसे वरिष्ठ वकील जब यह तर्क देते हैं, इस मामले का सीधा संबंध देश की 140 करोड़ जनता के मौलिक अधिकारों और भविष्य से जुडा हुआ है। तब इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट को प्राथमिकता से करनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि उनके पास सुनवाई के लिए समय नहीं है। यह न्यायिक सक्रियता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। इस घटनाक्रम से यह स्पष्ट है, कि सरकार का प्रभाव केवल चुनाव आयोग नहीं, बल्कि न्याय पालिका पर भी स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार का सभी संवैधानिक संस्थानों पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट जब इतने महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई को टाल रहा है, सुप्रीम कोर्ट के जज जब सुनवाई से अलग होना चाहते हैं। यह स्थिति विपक्ष एवं आम जनता के लिए आत्ममंथन का समय है। लोकतंत्र को बचाए रखना है, तो सभी विपक्षी दलों को जनता के बीच में जन जागरण चला कर जनता को एकजुट करके निष्पक्ष चुनाव आयोग की लड़ाई को लड़ना होगा। न्यायपालिका के ऊपर भी अब कोई भरोसा नहीं किया जा सकता है। सरकार के डर एवं भय से संविधान प्रदत्त संस्थागत निष्पक्षता की रक्षा करने देशव्यापी आंदोलन खड़ा करना होगा। इसमें वकीलों का साथ भी लेना होगा। देशभर के अधिवक्ताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**सनत जैन**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

सुबह, शाम जो कुछ मिले, वही धुनों में गाए।
भाटों को फरमान है, और न ज्यादा गाए।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# गांधी संग बलिदान की अमर स्वर्ण-ज्योति

**22 फरवरी : कस्तूरबा गांधी 'बा' की पुण्यतिथि**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा एक ऐसी तेजस्वी महागाथा है, जिसमें असंख्य शूरवीरों और वीरांगनाओं ने अपने प्राणों की बलिवेदी पर आहुति चढ़ाई। किंतु, कुछ ऐसी महान आत्माएं उभरीं, जिनका बलिदान और समर्पण किसी एक घटना या आंदोलन की परिधि में बंधकर नहीं रहा। ऐसी ही एक अनुपम, अलौकिक विभूति थीं कस्तूरबा गांधी, जिन्हें संपूर्ण भारत 'बा' कहकर श्रद्धा और प्रेम से संबोधित करता है। उनकी पुण्यतिथि (22 फरवरी) पर राष्ट्र उनके तपस्वी त्याग, अडिग संकल्प और अमर बलिदान को कृतज्ञतापूर्वक नमन करता है। वे केवल महात्मा गांधी की जीवनसंगिनी ही नहीं थीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की एक अद्वितीय, प्रचंड क्रांतिकारी शक्ति भी थीं। उनका जीवन त्याग, निर्भीकता और अनवरत संकल्प का ऐसा ओजस्वी महाकाव्य है, जो प्रत्येक भारतीय के हृदय में प्रेरणा का अखंड दीप प्रज्ज्वलित करता है। सामाजिक कुप्रथाओं के विरुद्ध उनकी अदम्य संग्रामशीलता और नारी शक्ति को स्वावलंबी बनाने का उनका अथक संकल्प उन्हें एक सच्ची योद्धा के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

11 अप्रैल 1869 को गुजरात के पोरबंदर में अवतरित कस्तूरबा का बाल्यकाल एक परंपरागत परिवार की शीतल छांव में बीता। औपचारिक शिक्षा का प्रकाश उन तक न पहुंच सका, परंतु उनके संस्कारों की गहनता और जीवन की कठोर तपस्या ने उन्हें एक अडिग, तेजस्वी व्यक्तित्व का स्वामित्व प्रदान किया। मात्र 13 वसंतों की कोमल आयु में उनका विवाह मोहनदास करमचंद गांधी से संपन्न हुआ। यह विवाह केवल पारिवारिक बंधन का सूत्र नहीं था, अपितु दो प्रबल आत्माओं का ऐसा संगम था, जिसने भारत के इतिहास में अमिट स्वर्णाक्षर अंकित किए। विवाह के प्रारंभिक क्षण सौम्य और साधारण थे, किंतु जैसे-जैसे गांधीजी के जीवन का परम ध्येय प्रकाशमान हुआ, कस्तूरबा भी उनके पथ पर एक अविचल सहचरी बनकर चल पड़ीं। प्रत्येक संकट में उन्होंने अपने अदम्य साहस और असीम धैर्य का परिचय दिया, और संघर्ष की प्रचंड अग्नि में स्वयं को खरे स्वर्ण-सा परिष्कृत कर दिखाया। जब दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी ने भारतीयों के अधिकारों के लिए सत्याग्रह का शंखनाद किया, तब कस्तूरबा इस महासंग्राम की अटल शक्ति-स्तंभ बनकर प्रखर हुईं। रंगभेद और अत्याचार के विरुद्ध उनकी तेजस्वी हुंकार आकाश को चीरती गूंजी। वे न केवल इस आंदोलन में सहभागी बनीं, बल्कि बारंबार कारागार की सलाखों के पीछे भी निर्भीकता से कदम रखा। नारी शक्ति को अन्याय के सामने अडिग खड़े होने और अपने अधिकारों के लिए प्रचंड संग्राम करने की प्रबल प्रेरणा प्रदान की। उनका ओजपूर्ण स्वभाव और सिद्धांतों पर अविचल निष्ठा दक्षिण अफ्रीका के संघर्ष में एक प्रदीप्त प्रकाश-पुंज बनकर दमक उठा। कारागार की अमानुषिक यातनाएं भी उनके संकल्प को विचलित न कर सकीं, और वे अपने प्रण पर अटूट रहीं। भारत की पावन धरती पर लौटते ही कस्तूरबा ने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी भागीदारी को और भी प्रखर कर दिया। असहयोग आंदोलन के दौरान उन्होंने नारियों को विदेशी वस्तुओं का परित्याग कर स्वदेशी को अंगीकार करने का ओजस्वी आह्वान किया। गली-गली, गांव-गांव घूमकर उन्होंने नारी शक्ति को एकजुट किया, खादी को जीवन का प्राण-तत्व बनाने की प्रेरणा प्रदान की, और स्वच्छता व शिक्षा के अमर मूल्यों का दीप प्रज्ज्वलित किया। उनका अडिग विश्वास था कि भारत की सच्ची स्वाधीनता तब तक अधूरी रहेगी, जब तक देश की आधी प्राण-शक्ति-महिलाएं-इस संग्राम में कंधे से कंधा मिलाकर न चलें। उन्होंने यह सप्रमाण स्थापित किया कि स्वतंत्रता का यह महायज्ञ केवल पुरुषों का एकमात्र कर्तव्य नहीं, बल्कि नारी शक्ति का भी उतना ही प्रबल और अनुपम योगदान है। 1930 का दांडी मार्च और सविनय अवज्ञा आंदोलन कस्तूरबा के साहस और नेतृत्व का स्वर्णिम अध्याय बना। उन्होंने नारी शक्ति को इस महायज्ञ का प्राण बनाया, उन्हें ब्रिटिश शासन की क्रूर ज्यादतियों के विरुद्ध एक अटूट संगठित किया। ब्रिटिश दमन की क्रूरता भी उनके अदम्य हौसले को भंग न कर सकी। अहिंसा के पावन पथ को उन्होंने न केवल अंगीकार किया, बल्कि इसे अपने जीवन का प्रदीप्त तप बना लिया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में, जब गांधीजी को बंधक बना लिया गया, तब कस्तूरबा ने संग्राम की प्रबल कमान थामी। कारागार की ऊंची दीवारों के भीतर भी उनका संकल्प अविचल रहा, और उन्होंने हार को कभी स्वीकार नहीं किया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



## महाकुंभ
# महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान की तैयारी में जुटी योगी सरकार

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 26 फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुंभ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानी शनिवार और रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। सोशल मीडिया पर महाकुंभ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अब तक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पवित्र मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम तट पर आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में अब तक करीब 59 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली है। 13 जनवरी 2025 से शुरू हुआ महाकुंभ अब अपने अंतिम चरण में है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर आखिरी महत्वपूर्ण स्नान का आयोजन होना है, जिसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने कमर कस ली है। महाकुंभ में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। इनमें सनातन धर्म की विभिन्न शाखाओं, मत-संप्रदाय से जुड़े साधु-संतों सहित देश के हर कोने से आस्थावान सनातनी संगम में स्नान की कामना लेकर प्रयागराज पहुंचे। इसके अलावा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, भूटान नरेश, विदेशी राजनयिकों, देश के दिग्गज उद्योगपतियों समेत फिल्मी दुनिया के नामचीन सितारों ने भी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है।

## महाकुंभ ने साबित कर दिया कि सनातन ही विश्व का भविष्य है : हिमंता बिस्वा सरमा



**महाकुम्भ नगर (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा परिवार सहित शुक्रवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे और संगम में डुबकी लगाई। इस अवसर पर डॉ. सरमा ने कहा कि कुम्भ में स्नान करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। परमात्मा को बहुत-बहुत आभार कि उन्होंने हमें स्नान करने का मौका दिया। कुशलता के साथ मेला प्रबंधन किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूरे प्रशासन को वे धन्यवाद देते हैं। डॉ. सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फिर एक बार भारत की सनातन सभ्यता एवं संस्कृति उभर कर विश्व के सामने आई है। ये महाकुम्भ ने साबित कर दिया है कि सनातन ही अतीत है, सनातन ही वर्तमान है और सनातन ही विश्व का भविष्य है।

## प्रयागराज : संगम में स्नान के बाद लोग पहुंचते हैं भोले गिरी मंदिर, इतिहास बरसों पुराना



**महाकुंभ नगर** । शिवरात्रि पर पड़ने वाले आखिरी मुख्य स्नान से पहले महाकुंभ नगर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा है। प्रयागराज के कटघर स्थित भोले गिरी मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। यह मंदिर शंकरगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप ने सैकड़ों साल पहले बनवाया गया था। कुंभ और माघ मेले के दौरान इस मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालु इस मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लेते हैं। मान्यता है कि महाकुंभ से आने के बाद इस मंदिर में दर्शन मात्र से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि हम महाकुंभ से फौरन यहां पर आए। हमें बहुत अच्छा लगा। हमें विश्वास है कि हमारी सभी मनोकामना पूरी होंगी। आईएएनएस से कुछ श्रद्धालुओं ने बातचीत की। सरिता केसरवानी ने बताया कि हम लोग बहुत उत्साहित हैं। हमें यहां आकर दैवीय आनंद की अनुभूति होती है। श्रद्धालु ने पीएम मोदी और सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ऐसे ही बने रहें। उन्हें कोई न हटाएं। भोले बाबा भी उन्हें न हटाएं। यह हमारी प्रार्थना है।

## महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक : सीआर पाटिल



**महाकुंभ नगर (हि.स.)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शुक्रवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी। उन्होंने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का पूजन किया। इस अवसर पर पाटिल ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यहां आकर भारतीय संस्कृति की दिव्यता और भव्यता का साक्षात दर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक मंच पर भव्य प्रदर्शन हो रहा है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व बंधुत्व और भारतीयता का अमिट प्रतीक भी है। सनातन संस्कृति के इस महासंगम में लाखों श्रद्धालु अपनी आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्वरूप है। यह भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और सनातन संस्कृति की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है। यह आयोजन विश्वबंधुत्व, आध्यात्मिक उत्थान और सनातन मूल्यों के प्रचार-प्रसार का माध्यम बनकर भारत की अमिट पहचान को और मजबूत करता है।

## पीएम मोदी 24 फरवरी को 9.80 करोड़ किसानों के खातों में डालेंगे 22 हजार करोड़ रुपए : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के खाते में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 19वीं किस्त के रूप में 22 हजार करोड़ रुपए की राशि अंतरित करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' ने छोटे किसानों की जिंदगी बदली है। ऐसे किसान जो लघु और सीमांत है विशेषकर उनकी खाद-बीज की जो आवश्यकता होती थी। उसे पूरा करके उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से लगभग 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के रूप में 22 हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे।

# सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव 'विकसित भारत' की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम : मोदी

- **स्वामी विवेकानंद जी ने एक बार कहा था कि मुझे 100 ऊर्जावान युवा पुरुष और महिलाएं दीजिए, और मैं भारत को बदल दूंगा**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 'सोल' को विकसित भारत की यात्रा के लिए अहम माना। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों में नेताओं का विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है। सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव की स्थापना 'विकसित भारत' की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बहुत जल्द सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव का बड़ा परिसर तैयार हो जाएगा। कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, जो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का यह कार्यक्रम सोल भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, जन से जगत हमारा लक्ष्य है। किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन नेतृत्व का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने एक बार कहा था कि मुझे 100 ऊर्जावान युवा पुरुष और महिलाएं दीजिए, और मैं भारत को बदल दूंगा। स्वामी जी ने गुलामी से मुक्त और परिवर्तित भारत की कल्पना की थी। उनका मानना था कि मजबूत नेताओं का पोषण करके वह न केवल भारत को स्वतंत्र करा सकते हैं बल्कि इसे दुनिया में नंबर एक स्थान पर भी पहुंचा सकते हैं। हमें इस दृष्टिकोण को अपनाना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने साथ लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

आज हर भारतीय 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि प्रगति का लक्ष्य रखने वाले किसी भी देश को न केवल प्राकृतिक संसाधनों बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है। 21वीं सदी में हमें ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार और कौशल को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। हर क्षेत्र में कौशल की आवश्यकता होती है और नेतृत्व विकास कोई अपवाद नहीं है। यह नई क्षमताओं की मांग करता है। हमें वैज्ञानिक रूप से नेतृत्व विकास में तेजी लानी चाहिए और सोल इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस विकास को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। सोल संस्थान इस परिवर्तन में गेम-चेंजर हो सकते हैं। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता हैं।

इससे पहले भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरे बड़े भाई, जब भी मुझे आपसे मिलने का अवसर मिलता है, मैं खुशी से अभिभूत हो जाता हूं। जब भी मैं आपसे मिलता हूं, मुझे एक लोक सेवक के रूप में और भी अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है।

## 24 फरवरी से दिल्ली सरकार ने बुलाया विशेष विधानसभा सत्र
### कैग रिपोर्ट होगी पेश



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने 24 फरवरी से तीन दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाया है। इस सत्र में सभी नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे, जबकि पांच साल से लंबित कैग की 14 रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। कथित शराब घोटाले पर भी रिपोर्ट पटल पर रखी जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद दिल्ली में नई भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक गुरुवार को सीएम रेखा गुप्ता की अगुवाई में हुई। बैठक में सीएजी की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। अगले सप्ताह दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र होगा और इस सत्र में 14 सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएंगी। इसके साथ ही कैबिनेट ने आयुष्मान भारत योजना को भी मंजूरी दी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत के बाद पीएम मोदी ने 8 फरवरी को भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने पिछली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का संकेत दिया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ये 'आपदा' लोग अपने घोटालों को छिपाने के लिए हर दिन नई साजिश रचते थे, लेकिन अब दिल्ली का जनादेश मिल गया है। मैं गारंटी देता हूं कि सीएजी रिपोर्ट पहले ही विधानसभा सत्र में पेश की जाएगी। भ्रष्टाचार के हर तार की जांच होगी और जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान भाजपा लगातार इन रिपोर्ट को विधानसभा में रखने की मांग करती रही। भाजपा विधायकों ने कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया, जिस पर आप सरकार को फटकार सुननी पड़ी थी। इस बीच चुनाव आ गए और रिपोर्ट पेश नहीं हो सकी। तीन दिवसीय विशेष सत्र में इन रिपोर्ट्स को पेश किया जा सकता है। 24, 25 और 27 फरवरी को सत्र बुलाया गया है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का अवकाश है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## बिहार के भोजपुर में प्रयागराज से लौट रहे तीर्थयात्रियों की कार ट्रक से टकराई, छह की मौत

**पटना (हि.स.)।** बिहार के भोजपुर जिले में प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे कार सवार छह तीर्थयात्रियों की आज सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों में दंपति और उनके दो बच्चे भी हैं। यह हादसा राजधानी पटना से 40 किलोमीटर पहले आरा–मोहनिया नेशनल हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। तीर्थयात्रियों की कार ने खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। कार सवार परिवार पटना के जक्कनपुर का रहने वाला था। मृतकों में चार महिलाएं और दो पुरुष हैं। इनकी पहचान जक्कनपुर स्थित सुदामा कॉलोनी निवासी स्वर्गीय विशुन देव प्रसाद के बेटे संजय कुमार (62), पत्नी करुणा देवी (58), बेटे लाल बाबू सिंह (25), बेटी प्रियम कुमारी (20) और पटना के कुम्हरार निवासी आनंद सिंह की बेटी आशा किरण (28), चंद्रभूषण प्रसाद की बेटी जूही रानी (25) शामिल हैं।

## एमपी में लैपटॉप मिलने से छात्र गदगद




**भोपाल (आईएएनएस)** । मध्य प्रदेश में हायर सेकेंडरी (12वीं) की परीक्षा में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने वाले छात्रों को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लैपटॉप प्रदान किए। लैपटॉप मिलने से छात्र गदगद हैं और उनका कहना है कि इससे उनकी पढ़ाई और आसान हो जाएगी। राजधानी के आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में शुक्रवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री यादव ने प्रतीक स्वरूप लैपटॉप प्रदान किए, वहीं अन्य छात्रों के खातों में सीधे राशि अंतरित की गई।

# शहद और घी एक साथ खाना जहर समान, कुछ उपाय से बन सकता है काम

- **चरक संहिता में इन दोनों को किसी तीसरे पदार्थ से मिलाकर प्रयोग करने की दी गई है सलाह**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



बड़े बुजुर्गों से सुनते आए हैं- शहद और घी एक साथ खाना है जहर समान। हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति भी यही कहती है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये दोनों मिलकर शरीर में टॉक्सिन्स पैदा करते हैं, जो सेहत पर नेगेटिव असर डालते हैं। शहद और घी के गुण जब सही मात्रा और सही परिस्थितियों में इस्तेमाल किए जाएं, तो ये शरीर के लिए अमृत समान होते हैं। लेकिन अगर इन्हें समान मात्रा में एक साथ सेवन किया जाए, तो विष समान हो सकते हैं। चरक संहिता और सुश्रुत संहिता में इसका वर्णन है। प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, समान मात्रा में या अनुचित समय पर इन्हें लिया जाए, तो शरीर में 'आमा' यानी अपचित तत्वों का निर्माण करते हैं, जो बहुत सी बीमारियों का कारण बनते हैं। चरक संहिता के मुताबिक, शहद और घी दोनों ही अत्यधिक पोषक तत्वों से भरपूर हैं, किन्तु जब इन्हें समान मात्रा में मिलाया जाता है, तो वे एक-दूसरे के गुणों को संतुलित करने के बजाय विपरीत प्रभाव पैदा कर सकते हैं। इस मिश्रण का सेवन खाली पेट या अत्यधिक मात्रा में करने से पाचन तंत्र में गड़बड़ी, सुस्ती, वजन बढ़ना और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं।

चरक संहिता में इन दोनों को किसी तीसरे पदार्थ से मिलाकर प्रयोग करने की सलाह दी गई है। सुश्रुत संहिता में भी शहद और घी के मिश्रण के संदर्भ में यही चेतावनी दी गई है। आयुर्वेद में इन दोनों के मेल को अमृत की तरह प्रशंसित भी किया जाता है, जब इसे उचित मात्रा में और सही समय पर लिया जाए। उदाहरण के तौर पर, यदि शहद और घी का मिश्रण गर्म या उबलते दूध, चाय, मांस-मछली, मूली जैसी चीजों के साथ मिलाकर लिया जाता है, तो यह शरीर के लिए विषाक्त सिद्ध हो सकता है। अगर शहद को नींबू, दालचीनी, अदरक, लहसुन या गुनगुने पानी के साथ मिलाकर सेवन किया जाए, तो यह शरीर के लिए कई रोगों से सुरक्षा प्रदान करने वाला, पाचन को सुधारने वाला और शरीर की डिटॉक्सिफिकेशन में सहायक बन सकता है।

अगर घी को हल्दी, तुलसी, कपूर या दालचीनी जैसे औषधीय गुणों से भरपूर जड़ी-बूटियों के साथ किया जाए।

## श्रेया घोषाल ने कहा, 'नमो शंकरा' महज गीत नहीं, यह एक यात्रा है

**मुंबई (आईएएनएस)**




प्रसिद्ध गायिका श्रेया घोषाल का नया ट्रैक 'नमो शंकरा' रिलीज हो गया है। उन्होंने कहा कि यह महज एक गीत नहीं है, बल्कि एक यात्रा है, जो शंभो शिव की ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ती है। महाशिवरात्रि से पहले घोषाल ने भक्ति भाव से जुड़ा "नमो शंकरा" गीत प्रस्तुत किया है। किंजल चटर्जी और श्रेया घोषाल के संगीत से सजा तथा श्रद्धा पंडित के लिखे गीत में भगवान शिव का आह्वान किया गया है। श्रेया ने कहा, "इंतजार खत्म हुआ। नमो शंकरा अब रिलीज हो गया है। भगवान शिव को समर्पित इस आत्मा को झकझोर देने वाले गीत की गूंज आपके भर के महादेव को जगाएगी। उन्होंने कहा, "यह महज एक गीत नहीं है, यह एक हृदयस्पर्शी यात्रा है, जो आपको शम्भो शिव की ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जोड़ती है। डमरू की थाप, संस्कृत मंत्रों और श्रेया के स्वरों से, इस ट्रैक में वह शक्ति है, जो भक्ति को जागृत करती है और श्रोताओं का महादेव की ब्रह्मांडीय ऊर्जा से साक्षात्कार कराती है। उन्होंने पहले भी अपने इंस्टाग्राम पर "नमो शंकरा" की घोषणा की थी। "हर हर महादेव! इस महाशिवरात्रि पर भक्ति को अपने ऊपर हावी होने दें क्योंकि हम नमो शंकरा प्रस्तुत कर रहे हैं।



# शमी जब भी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो अलग गेंदबाज बन जाते हैं : पीयूष

**दुबई (आईएएनएस)**



भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने मोहम्मद शमी की आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रभावशाली वापसी की सराहना की। उनके प्रदर्शन के दम पर मेन इन ब्लू टीम की बांग्लादेश पर चैंपियंस ट्रॉफी गेम में शानदार जीत हुई। चावला ने कहा कि जब भी शमी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं। शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश पर भारतीय टीम की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई थी और पांच विकेट हासिल किए थे। शमी ने बेहतर प्रदर्शन किया और 5-53 के आंकड़े के साथ भारत को गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दिलाई। दुबई में पांच विकेट चटकाने के साथ ही शमी आईसीसी वनडे मुकाबलों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने जहीर खान (59 विकेट) को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 60 विकेट तक पहुंचा दी है। इस प्रक्रिया में उन्होंने 200 विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बनने की महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की है। अब उनके वनडे में 202 विकेट हो गए हैं।

पीयूष चावला ने आगे कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट और मोहम्मद शमी का एक शानदार मिलाप है। जब भी वह आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं। वह चोट से वापस आ रहे हैं और हाल ही में द्विपक्षीय श्रृंखला में वह थोड़े खराब दिखे, लेकिन सकारात्मक संकेत यह था कि वह अपने ओवरों को पूरा कर रहे थे। आज वह काफी बेहतर दिखे। 34 वर्षीय शमी 200 पुरुष वनडे विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज भी बन गए, जहां उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर और सकलैन मुश्ताक के साथ बराबरी कर ली, जिन्होंने 104 मैच खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। इस सूची में सबसे आगे ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क हैं, जिन्होंने 102 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा, वह गेंद फेंकने के मामले में पुरुषों की एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज भी हैं, जो 5126 गेंदों पर है, जबकि स्टार्क 5240 गेंदों पर 200 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज हैं। चावला ने कहा, “हमें अभी भी शमी का 100 प्रतिशत फॉर्म देखने को नहीं मिला है, लेकिन पांच विकेट लेने से निश्चित रूप से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिस्थितियों का आकलन करना महत्वपूर्ण है और शमी अपनी सीधी सीम के साथ अच्छी तरह से जानते हैं कि गेंद को कहां पिच करना है। चावला ने जियोहॉटस्टार पर कहा, “शमी को पिच से मूवमेंट मिल पाया। यही कारण है कि वह सफल रहे और नई गेंद से शुरुआती विकेट चटकाए। उन्हें विविधताओं का उपयोग करते हुए देखना भी शानदार था, जिसमें अच्छी तरह से छिपी हुई धीमी गेंदें भी शामिल थीं।

## शमी 200 वनडे विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज गेंदबाज बने

**दुबई (आईएएनएस)** । अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ 2025 चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में 5-53 विकेट लेकर पुरुष वनडे में 200 विकेट लेने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बन गए। मैच से पहले, कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दो मैचों में शमी द्वारा सिर्फ एक वनडे विकेट लेने से परेशान नहीं हैं और उन्होंने बड़े मौके पर टीम के लिए उनके प्रदर्शन पर भरोसा जताया। रोहित के शब्दों को शमी ने सच कर दिखाया जब उन्होंने 43वें ओवर में जैकर अली के रूप में अपना 200वां वनडे विकेट लिया, जिन्होंने लॉन्ग-ऑन पर एक वाइड स्लोअर बॉल पर स्लॉग को टो-एंड किया। इसका मतलब यह हुआ कि शमी ने 104 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और मौजूदा मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के 133 मैचों में 200 विकेट लेने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 34 वर्षीय शमी 200 पुरुष वनडे विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज भी हैं, जहां वह पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर और मुख्य कोच सकलैन मुश्ताक के साथ बराबरी पर हैं। इस सूची में सबसे आगे ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क हैं, जिन्होंने 102 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी।



### रिकेल्टन के शतक के बाद गेंदबाजों का जलवा

# साउथ अफ्रीका की बड़ी जीत अफगानिस्तान पस्त

चैम्पियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीकी टीम ने जीत के साथ शुरुआत की है. कराची में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रनों से हराया। मुकाबले में टेम्बा बावुमा साउथ अफ्रीकी टीम की कप्तानी कर रहे थे। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मैच नंबर-3 में साउथ अफ्रीका का सामना अफगानिस्तान से हुआ। 21 फरवरी (शुक्रवार) को कराची के नेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 107 रनों से जीत हासिल की। मुकाबले में अफगानिस्तान को जीत के लिए 316 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम 43.3 ओवरों में 208 रनों पर सिमट गई। टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में 22 फरवरी (शनिवार) को इंग्लैंड का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ग्रुप-बी का यह मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### रहमत शाह ने अकेले किया संघर्ष

अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने शानदार पारी खेली, लेकिन वो पर्याप्त नहीं था. रहमत ने 92 गेंदों पर 90 रन बनाए, जिसमें 9 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा. रहमत आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए. रहमत के अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर तक टिक नहीं सका. हालांकि अजमतुल्लाह उमरजई (18), राशिद खान (18), इब्राहिम जादरान (17), सेदिकुल्लाह अटल (16), गुलबदीन नायब (13) और रहमानुल्लाह गुरबाज (10) दोहरे अंकों तक पहुंचने में जरूर सफल रहे।

## विराट खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं : कुंबले



**नई दिल्ली** । भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले को लगता है कि विराट कोहली अपनी खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए “बहुत ज्यादा प्रयास” कर रहे हैं। कोहली का खराब फॉर्म चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले मुकाबले में जारी रहा जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 38 गेंदों पर 22 रनों की पारी खेली। विराट कोहली अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन का शिकार हो गए। हालांकि, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के नाबाद 101 और केएल राहुल के 41 रनों की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। कोहली की खराब फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय रही है क्योंकि पूर्व कप्तान ने 2023 विश्व कप के बाद खेली गई छह वनडे पारियों में सिर्फ 137 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

## भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल धनश्री वर्मा का तलाक हुआ



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का तलाक हो गया है। कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद दोनों ने आधिकारिक तौर पर अलग होने का फैसला किया है। एक मीडिया हाउस की रिपोर्ट के अनुसार, मामले से परिचित एक वकील ने बताया गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में अंतिम सुनवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हुईं, जिसमें दोनों सुबह 11:00 बजे से मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को काउंसलिंग सेशन में शामिल होने का निर्देश दिया, जो करीब 45 मिनट तक चला। जज के पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक चाहते हैं। बांद्रा फैमिली कोर्ट में चर्चा के बाद जज ने शाम 4:30 बजे आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी। युजवेंद्र और धनश्री की शादी 11 दिसंबर 2020 को हुई थी। दोनों 18 महीने से अलग रह रहे थे वकील ने यह भी खुलासा किया कि अंतिम फैसला लेने से पहले दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। झलक दिखला जा-11 शो में लव स्टोरी सुनाई थी धनश्री वर्मा ने झलक दिखला जा-11 के एक एपिसोड के दौरान युजवेंद्र चहल के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच में कन्कशन सब्स्टीट्यूट पर मचा बवाल

**स्पिनर की जगह ऑलराउंडर बन गया प्लेइंग 11 का हिस्सा**



**नई दिल्ली** । रणजी ट्रॉफी 2024-25 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात और केरल की टीम के बीच खेला जा रहा है। इस मुकाबले के चौथे दिन के खेल में एक बड़ा बवाल भी देखने को मिला जिसको लेकर केरल टीम की तरफ से खेल रहे अनुभवी खिलाड़ी जलज सक्सेना ने अपनी नाखुशी को भी जाहिर किया। दरअसल इस मैच में केरल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 457 रनों के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। वहीं उनकी इस पारी के दौरान गुजरात की तरफ से खेल स्पिनर रवि बिश्नोई के चेहरे पर गेंद लगने की वजह से वह चोटिल हो गए।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारतीय शेयर बाजार धड़ाम

## सेंसेक्स 424 अंक फिसला मिडकैप और स्मॉलकैप में हुई बिकवाली

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 424 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,311 और निफ्टी 117 अंक या 0.51 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,795 पर था। गिरावट का सबसे ज्यादा असर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में देखने को मिला। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 677 अंक या 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,486 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 110 अंक या 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,636 पर बंद हुआ। निफ्टी में ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में सबसे अधिक दबाव देखा गया। मेटल इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुआ है। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एलएंडटी, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, टीसीएस, नेस्ले और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे। व्यापक स्तर पर भी बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,698 शेयर हरे निशान में, 2,245 शेयर लाल निशान में और 117 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। डॉलर इंडेक्स गिरकर 106.60 पर आने के बाद भी डॉलर के मुकाबले रुपया 0.05 पैसे की कमजोरी के साथ 86.70 पर कारोबार कर रहा था।

### देश में खाद्यान्न पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

# रबी 2024 में हुआ 1,132 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन : केंद्र

**अच्छे मानसून, न्यूनतम समर्थन मूल्य और इनपुट की पर्याप्त आपूर्ति के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सपोर्ट मिल सकता है**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



देश में 2024 के रबी सीजन में 1,132 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं का उत्पादन हुआ है और देश में पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध है। सरकार द्वारा यह जानकारी दी गई। खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और जमाखोरी को रोकने के लिए केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है। गेहूं की कीमत को एक सीमा में रखने के लिए सरकार ने गेहूं के स्टॉक की सीमा को संशोधित किया है, जो कि 31 मार्च, 2025 तक लागू है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा, “गेहूं का स्टॉक रखने वाली सभी संस्थाओं को व्हीट स्टॉक लिमिट पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है और हर शुक्रवार को अपने स्टॉक की जानकारी इस पोर्टल पर अपडेट करनी होगी। अगर किसी स्थिति में स्टॉक करने वाली संस्थाओं के पास तय लिमिट से ज्यादा स्टॉक है, तो उन्हें नोटिफिकेशन के 15 दिनों के अंदर स्टॉक को तय सीमा के अनुसार करना होगा।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग देश में कीमतों को नियंत्रित करने और आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। महीने की शुरुआत में सरकार ने कहा था कि चालू सीजन में अब तक विभिन्न रबी फसलों के तहत देश में बोया गया कुल कृषि क्षेत्र पिछले वर्ष की समान अवधि के 651.42 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 661.03 लाख हेक्टेयर को पार कर गया है। गेहूं की बुवाई का रकबा पिछले वर्ष की इसी अवधि के 318.33 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 324.38 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप इस मौसम में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है।

## अदाणी ग्रुप अगले पांच वर्षों में केरल में 30,000 करोड़ करेगा निवेश: अदाणी

**कोच्चि (आईएएनएस)**



अदाणी पोर्ट्स और एसईजेड लिमिटेड के एमडी करण अदाणी ने शुक्रवार को ऐलान किया कि अदाणी ग्रुप केरल में अगले पांच वर्षों में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसके तहत विझिंजम पोर्ट एवं तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाई जाएगी और अन्य प्रोजेक्ट्स में निवेश किया जाएगा। शुक्रवार को शुरू हुई दो दिन तक चलने वाली इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट के उद्घाटन संबोधन में करण अदाणी ने कहा, “केरल एक विकास और प्रगति के एक मॉडल के रूप में उभर रहा है और अदाणी समूह इस यात्रा का हिस्सा बनकर गौरवान्वित हैं।

उन्होंने आगे कहा, “केरल की वैश्विक व्यापार विरासत सदियों पुरानी है। मुजिरिस का प्राचीन पोर्ट रोम, मिस्र और चीन को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र था, जिसने केरल को मसाले और सोने के व्यापार का केंद्र बना दिया था। आज विझिंजम इस समृद्ध परंपरा को जारी रखे हुए हैं और भारत को वैश्विक वाणिज्य के केंद्र में स्थापित करता है। विझिंजम पोर्ट के साथ हमारी यात्रा 2015 में स्वर्गीय ओमन चांडी के नेतृत्व में शुरू हुई और आज पिनाराई विजयन के नेतृत्व में यह एक वास्तविकता बन रही है। विझिंजम, दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग लेन के करीब है। इस पोर्ट के पूरी तरह से शुरू होने से पहले ही यहां पर 24,000 की क्षमता वाले सबसे बड़े कंटेनर शिप ने डॉक किया था, जो इस पोर्ट की क्षमता को दिखाता है। करण अदाणी ने कहा कि अदाणी ग्रुप 5,000 करोड़ रुपये विझिंजम में निवेश कर चुका है।

## महंगे बाजारों में शुरू हुआ भारतीय फलों का निर्यात, जीआई टैगिंग से मिली सफलता



**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । मोदी सरकार के सपोर्ट के कारण भारत के फलों को पहली बार पश्चिम के अधिक फायदा देने वाले बाजार मिले हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिली है। कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ मंत्रालय अधिकारी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, “महंगे फलों से लेकर पारंपरिक खाद्य पदार्थों तक की यह पहली खेप इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आत्मनिर्भर भारत के लिए मोदी सरकार का दृष्टिकोण भारतीय किसानों के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि भारत ने समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया में प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की पहली खेप सफलतापूर्वक भेजी है। यह कम परिवहन लागत पर थोक निर्यात को बढ़ावा देगी और ऑस्ट्रेलिया के बाजारों में भारत के ताजे फल आसानी से पहुंच सकेंगे।

## भारत के निजी क्षेत्र का आउटपुट फरवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर रहा : एचएसबीसी




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। भारत के निजी क्षेत्र का आउटपुट फरवरी में छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और इस दौरान सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में तेज वृद्धि देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुए एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई डेटा सर्वे में दी गई। डेटा में बताया गया कि कुल बिक्री में इजाफा देखने को मिला है, जिसके कारण कंपनियों के ऑपरेशंस बढ़े हैं और नियुक्तियों में वृद्धि हुई है। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स में बताया गया कि भारत के मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का संयुक्त पीएमआई फरवरी में बढ़कर 60.6 रहा है, जो कि जनवरी में 57.7 पर था। यह अगस्त 2024 के बाद निजी सेक्टर में हुई सबसे तेज वृद्धि है। रिपोर्ट में बताया गया कि वृद्धि दर की गति लंबी अवधि के औसत से अधिक रही है।

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य ने की बैठक, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव के अध्यक्षता में परिसदन,लातेहार में बैठक आयोजित किया गया। उनके द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर टू डोर सर्वे की समीक्षा किया गया। उन्होंने जाना कि जातीय जनगणना की पुष्टि किस आधार पर की जा रही है, इस बाबत अपर समाहर्ता रामा रविदास द्वारा बताया गया कि डोर टू डोर सर्वे जिला स्तरीय गठित टीम नगर पंचायत द्वारा, जाति प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, वेरिफिकेशन, वार्ड के लोगों के सहयोग से भौतिक रूप से किया जा रहा है। राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिला के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी वर्ग के लोगों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व रोजगार की स्थिति सामान्य वर्ग के वनिस्पत क्या है। इसका एक रिपोर्ट तैयार करें। समीक्षा बैठक के पूर्व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव का लातेहार के परिसदन आगमन पर अपर समाहर्त्ता रामा रविदास द्वारा पौधा देकर स्वागत किया गया। समीक्षा बैठक के उपरांत सदस्य व राज्य स्तरीय टीम द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता लातेहार रामा रविदास, सांख्यिकी विशेषज्ञ सह नोडल पदाधिकारी ट्रिपल टेस्ट संजय कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकार प्रिंस कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी अनिल पाठक, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा सभी प्रतिनियुक्त प्रगणक सहित अन्य उपस्थित थे।

# 17वीं सदी में ध्वस्त सूर्य कुंड का अखंड हरी कीर्तन कर किया जायेगा जीर्णोद्धार

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** 17वीं सदी में ध्वस्त सूर्य कुंड का जीर्णोद्धार अखंड हरी कीर्तन के साथ किया जाएगा। यह सूर्य कुंड 17वीं सदी से पूर्व राजतंत्र के दौरान बनाया गया था, लेकिन बुजुर्गों की माने तो मुगल साम्राज्य के राजा औरंगजेब के सूबेदार दाउद खां ने 17वीं सदी मे चढ़ाई कर ध्वस्त कर दिया था। इस पवित्र स्थल के जीर्णोद्धार के लिए सूर्यकुंड नवनिर्माण समिति के अध्यक्ष मनोज यादव, सचिव लवकुश गुप्ता व कोषाध्यक्ष अनुज गुप्ता के नेतृत्व में अखंड हरी कीर्तन का आयोजन 25 फरवरी प्रातः सात बजे कलश यात्रा के साथ शुरूआत की जाएगी। यह आयोजन सूर्य कुंड के पुनर्जीवन के लिए किया जा रहा है, जो महादेव मठ का महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है। आयोजन में स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य धर्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के लोग भी भाग लेंगे। यह आयोजन न केवल सूर्य कुंड के जीर्णोद्धार के लिए किया जा रहा है, बल्कि यहां के स्थानीय समुदाय के लिए भी एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा।



## प्राचीन अवशेष दे रहे हैं सूर्य कुंड होने का ऐतिहासिक सबूत

हाल ही में की गई खुदाई में प्राचीन अवशेष मिले हैं, जो यहां स्थित सूर्य मंदिर के होने का सबूत दे रहे हैं। यह अवशेष इतना प्राचीन हैं कि वह इस क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर कर रहे हैं। खुदाई के दौरान मिले अवशेषों में प्राचीन मंदिर के अवशेष, मंदिर का पिलर और अन्य प्राचीन अवशेष शामिल हैं। यह अवशेष इस बात का सबूत दे रहा है कि यहां एक समय में सूर्य मंदिर हुआ करता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां की प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने पर्यटक विभाग से सूर्यकुंड व मंदिर का जीर्णोद्धार कर महादेव मठ की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए कदम उठाने की बात कही है। स्थानीय लोगों ने कहा है कि यह प्राचीन धरोहर को समझने और संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# महाभंडारे के साथ पोलडीह जगदीशपुर में देवी माता का प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में पोलडीह जगदीशपुर गांव में आयोजित देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर महाभंडारा का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। यज्ञाचार्य ने वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन आहुति की प्रक्रिया पूरी की। महायज्ञ समिति द्वारा सभी आचार्य को सम्मानित किया गया। यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय ने कहा की यज्ञ हवन से वातावरण शुद्ध होता है। इसका अध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह,रामदास यादव, राम बुझाबन सिंह, कोमल पाल, बालसुन्दर यादव, चंद्र शेखर पाल,सुमेर सिंह, विनय सिंह, राज कुमार सिंह, जगत यादव, भगत यादव, विजय सिंह, हरिमोहन पाल, लाल मोहन प्रजापति, विश्वनाथ पासवान, सुदेश शर्मा, रामजी पासवान ,लक्ष्मण पाल, लवकुश यादव,बिमलेश पाल, जयश्री यादव, अनूप सिंह,संतोष सिंह, अंजय सिंह, रमण पाल, धीरेंद्र प्रसाद, बजरंगी लाल, सरजून राम आदि सक्रिय रहे. महायज्ञ के चौथे दिन परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन बॉलीवुड कलाकारों ने देर रात तक शमां बांधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरी संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक बॉलीवुड और स्थानिय कलाकारों ने अपनी गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा। इस दौरान सुप्रिया कुमारी एंड ग्रुप द्वारा योग पर आधारित लघु नाट्य प्रस्तुत कर योगासन, अनुलोम-विलोम और प्राणायाम के माध्यम से लोगों को स्वस्थ और निरोग रहने के लिए योग करने की सलाह दी गई। ग्रुप के कलाकार जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत सिंघानी के हैं। उसके बाद साक्षी प्रिया दुबे ने एक से बढ़कर एक भक्ति भजन एवं गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांधा। उन्होंने भक्ति भजन से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद कजरा रे कजरा रे तेरी काली काली नैना... पनिया के जहाज से पलटनिया बनीं अईहा पिया, ले लेअईहा हो पिया सेंनुरा बंगाल से... गीत गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन की। बता दें कि पहली बार महोत्सव के बड़े मंच से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने मौका मिला। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल चतरा के बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ श्री गुरु चरण सरोज रज... निज मनु मुकुर सुधार श्लोक पर वीर बजरंगबली का रूप धारण कर मंच के ऊपर और नीचे खूब उछल कूदकर धार्मिक नृत्य की प्रस्तुति दी। मानभूम सांस्कृतिक समिति सरायकेला द्वारा पाईका नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही पीपहीं की आवाज पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों को अपनी कला संस्कृति का परिचय दिया। इसके बाद रवि त्रिपाठी एंड ग्रुप मुंबई द्वारा बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बॉलीवुड सिंगर रवि त्रिपाठी ने अपनी सुरीली आवाजों से गुलाबी आंखें जो तेरी देखी शराबी आंखें यह दिल हो गया जैसे दर्जनों गाने गाकर महफिल लुटी। अंतिम में जॉली मुखर्जी के सहयोगी द्वारा हमसे सनम क्या पर्दा जैसे गाने गाकर महफिल सजा दी। देर रात जॉली मुखर्जी ने रंग बरसे भीगे चुनरवाली, सुनो हसीना काजल वाली रे आदि गाने की प्रस्तुति देकर आए सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अंत में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व सांसद सुनिल कुमार सिंह, उपायुक्त रमेश घोलप, एसपी विकाश कुमार पांडेय, जिप अध्यक्ष ममता देवी, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी आदि ने कलाकारों को मंच पर आमंत्रित कर मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# 17 एकड़ भूमि में लगे पोस्ता की फसल को पुलिस ने किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस ने शुक्रवार को एक विशेष अभियान चलाकर 17 एकड़ भूमि में लगे अवैध पोस्ता कि फसल को नष्ट किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बातया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने बारियातू थाना क्षेत्र के इंदुआ और डकादिरी के सीमावर्ती क्षेत्रों मे अमानत नदी से सटे वन भूमि मे लगभग 17 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता अफीम कि फसल को लाठी डंडो से पीटकर नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि अभियान जारी है। इस अवैध खेती में संलिप्त दोषि व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अभियान में थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## ग्राम सभा का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड द्वारी पंचायत में शुक्रवार को जीपीडीपी 2025-26 के कार्य योजना को लेकर ग्राम सभा आयोजित किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया ने किया। ग्राम सभा में पंचायत के विभिन्न गांव से कई जरूरत की योजनाएं चयन किया गया। चयन किया योजनाओं में पीसीसी पथ निर्माण,इ कूप निर्माण, डोभा, तालाब, चबूतरा,नाली निर्माण सहित अन्य योजना शामिल है। ग्राम सभा में उप मुखिया के साथ-साथ भाजपा के प्रेमचंद यादव सहित ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## संकट मोचन सेवा समिति कम दर महा प्रसाद करा रहा उपलब्ध

**इटखोरी (चतरा)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव में मां भद्रकाली पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए संकट मोचन सेवा समिति पुराना अखाड़ा कृषि फार्म इटखोरी के द्वारा पेयजल (मिनरल वाटर) व महाप्रसाद का वितरण मात्र 5 रुपए में किया जा रहा है। समिति के सदस्य देव कुमार सिंह, लखन राम, भागीरथी गुप्ता, टून्नी सिंह, जनार्दन सिंह, अरुण राय, जय सिंह, विजय सिंह, प्रकाश केशरी, राजू केशरी समेत अन्य सदस्यों के अथक प्रयास से लगातार कई वर्षों से महोत्सव समेत कई धार्मिक व सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर सहयोग करते आ रहे है। इस महोत्सव में सस्ते मूल्य पर पानी उपलब्ध होने से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिल रही है। समिति के लोग रात-दिन शिविर में रहकर पानी व महाप्रसाद का वितरण कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इसीं समिति द्वारा कृषि फार्म में संकट मोचन मंदिर का भी निर्माण कराया का रहा है।

# राम के प्रति शबरी का प्रेम अमरः लवली गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के ग्राम लोहरसी राजागोसाई में शबरी माता जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि माता शबरी का भगवान श्री राम के प्रति प्रेम दुनिया में अमर है। मां शबरी का धैर्य और त्याग हमारे जीवन में अनुकरणीय है। शबरी का जीवन हमें अटूट भक्ति और परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में सिखाता है। हाशिए पर होने के बावजूद उसने कभी भी आस्था नहीं खोई। हर एक दिन वह अपनी कुटिया को फूल से सजती थी, और भगवान राम के आने का बेसब्री से इंतजार करती थी। माता शबरी का समर्पण, प्रेम, त्याग, उदारता जीवन अच्छे कार्यों के लिए को प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन राजाराम ने किया। मौके पर समाज सेवी अनुप गुप्ता, नगिना डीलर, भोला भुइयां, विनोद पासवान, मुकेश भुइया सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# चतरा सांसद पहुंचे पांकी, आग से पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** सांसद कालीचरण सिंह शुक्रवार की दोपहर पांकी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता का हाल जाना। साथ ही पांकी प्रखंड के मुख्य बाजार रोड स्थित राजीव फैंसी मॉल में लगी आग की घटना से प्रभावित परिवार से मुलाकात की। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वह संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि पीड़ित परिवार जल्द ही इस कठिनाई से उबरे। उन्होंने बताया कि यह घटना बेहद दुःखद है। यह घटना न केवल व्यावसायिक क्षति का कारण बना, बल्कि एक परिवार के जीवन यापन पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है।

## धोती, साड़ी, लूंगी वितरण शुरू

**मोहम्मदगंज।** भजनियां में जन वितरण प्रणाली के डीलर सत्येंद्र नारायण सिंह की दुकान से शुक्रवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी और लूंगी वितरण की शुरूआत सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता नर्वदेश्वर सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामवचन बैठा और समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी मुन्ना ने की। उन्होंने वितरण की शुरूआत 20 कार्डधारकों के बीच किया। साथ ही इनका सभी योग्य कार्डधारकों में वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत डीलर सत्येंद्र नारायण सिंह को दी।

## पारा शिक्षक का आकस्मिक निधन

**चैनपुर।** सदर प्रखंड अंतर्गत के झाबर गांव के राजहरा टोला स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक मोहम्मद रियाजुद्दीन अंसारी 45 वर्ष पिता मोहम्मद जहीरूद्दीन अंसारी ग्राम झाबर निवासी के आकस्मिक निधन गुरुवार की रात्रि हो गई। मृतक सहायक शिक्षक रियाजुद्दीन अंसारी के परिजन ने बताया कि वे सामान्य दिन की तरह गुरुवार को भी संध्या 8 बजे मस्जिद में नमाज अदा कर परिवार के साथ खाना खाए और अपने कमरे में सोने चले गए। सोने के कुछ देर के बाद रात्रि 9 से 10 बजे के बीच में उन्होंने पेट व सीने में दर्द की शिकायत अपनी पत्नी से बताया। इस दौरान उन्होंने उल्टी भी किया। आनन फानन परिवार वालों ने सहायक शिक्षक को सतबरवा के तुम्बागाड़ा स्थित नवजीवन अस्पताल लेकर गए । वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सहायक शिक्षक का अचानक निधन से आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उन्हें मिलनसार बताया। मृतक सहायक शिक्षक मोहम्मद रियाजुद्दीन अंसारी अपने परिवार में सबसे बड़े बेटे थे। वह अपने पीछे मां-पिता,पत्नी व एक पुत्र एक पुत्री छोड़कर चले गए।

## सबकी योजना, सबका विकास योजना के तहत ग्रामसभा

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत के रतन बिगहा गांव में शुक्रवार को सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत ग्रामसभा हुई। इसमें उपस्थित पंचायत सेवक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इसमें ग्राम रतन बिगहा सहित पोषित टोलों पर विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कर विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज पदाधिकारी के जारी आदेश के आलोक में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने पंचायत में ग्रामवार सभा कर योजनाओं का प्रस्ताव लेने का निर्देश दिया है। मुखिया जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024 अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित ग्रामसभा में नाली, पीसीसी, मेड़बन्दी, चापाकल, शौचालय, आम बागवानी आदि योजनाओं का लिखित प्रस्ताव लिया गया है। इसके लिए सर्वसम्मति से स्थानों को भी चिन्हित किया गया है।

## पलास योजना के तहत मशरुम उत्पादन का प्रशिक्षण शुरू

**हैदरनगर।** प्रखंड के कुकही पंचायत सचिवालय में जेएसएलपीएस की पलास योजना के तहत मशरुम उत्पादन करने को लेकर पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इसमें महिलाओं को मशरुम की खेती की तकनीकी जानकारी ट्रेनर रीना देवी और अहिल्या देवी दे रही है। उन्होंने मशरुम उत्पादन की प्रक्रिया, देखभाल और विपणन की सूक्ष्मता से बताया। ट्रेनर रीना देवी ने बताया कि इसकी खेती कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है, जिससे महिलाएं अपने घर से ही अच्छी आमदनी अर्जित कर सकती हैं। इससे न केवल महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि उन्हें स्वरोजगार के नये अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का सही लाभ लेकर ग्रामीण महिलाएं अपनी आजीविका को मजबूत बना सकती हैं। इस अवसर पर रिंकी देवी, संगीता कुंवर, नीलम देवी सहित कई महिलाएं भाग लेकर प्रशिक्षण ले रही हैं।

## आस्था

# भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, समर्पण और आत्म शुद्धि की महत्ता है महाशिवरात्रि

# पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तप किया था : पं. कुंडल तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** महाशिवरात्रि सनातन धर्म का एक विशेष त्योहार है, जो जीवन में अंधकार व अज्ञानता पर नियंत्रण मानव जीवन में करने को संतुलित करता है। इस पर्व की विशेषता व महत्व पर प्रकाश डालते हुए ज्योतिष पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि भगवान शिव और शक्ति को याद करने के साथ ही उपवास, प्रार्थना करके, नैतिकता और सदगुणों जैसे इमानदारी, दूसरों को चोट न पहुंचाना, दान, क्षमा, शिव आराधना, जप, ध्यान लगाकर अपनी आराध्य के प्रति समर्पित किया जाता है। उन्होंने कहा कि फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि व्रत धूमधाम से मनाने की परंपरा रही है। माता पार्वती जी ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तप किया था। तब उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी से विवाह करना स्वीकार किया। इस तिथि फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शुभ विवाह दोनों के बीच संपन्न हुआ। इस दिन शिव शक्ति का मिलन होने से महाशिवरात्रि के रुप मे यह व्रत मनाई जाती है। भगवान शिव ने वैराग्य छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। उपवास को एक तरह से योग माना जाता है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, समर्पण, कर मन,मस्तिष्क, शरीर, और आत्मा को शुद्ध करने का साधन के रुप मे भक्तजन, सख्त, उपवास कर व्रत, त्योहार का पालन करते है।

### 26 को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा

रात्रिकालीन पूजा विशेष रुप से घर में खासकर मंदिरों में भव्यता, दिव्यता, सजावट, शिव पार्वती श्रृंगार करने का काफी महत्व है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 26 फरवरी को फाल्गुन मास कृष्ण चतुर्दशी प्रातः 11 बजकर 8 मिनट से महाशिवरात्रि का मुहूर्त शुरू होकर 27 फरवरी को प्रातः 8 बजकर 54 मिनट पर समापन होगा। महाशिवरात्रि की पूजा रात्रिकाल में विशेष माना जाता है। जिससे 26 फरवरी को ही यह पर मनाया जाना चाहिए।

## पेज एक के शेष

### विस अध्यक्ष ने...

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की गैर-मौजूदगी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे सदन के संचालन में कठिनाई होती है। विस अध्यक्ष ने कहा, गाड़ी के दो पहियों में से एक न हो तो तकलीफ होगी ही। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा को बैठक में शामिल होने के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन पार्टी के किसी भी प्रतिनिधि ने इसमें भाग नहीं लिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि तीन मार्च को बजट पेश किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आज ही प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ भी बजट सत्र के सुगारू एवं सफल संचालन एवं कार्यवाहियों के प्रकाशन व प्रसारण के लिए बैठक की।

### आदिवासी युवा को...

मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है। इस राज्य की आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। सरकार सभी के सकारात्मक सहयोग से झारखंड और आदिवासी युवा पीढ़ी को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जैक 10वीं बोर्ड...

बताया जा रहा है कि बेंगलुरु से वापस आने वाली ट्रेन छूट जाने की वजह से वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया। पुलिस ने जब प्रिंस के घर पर दबिश दी, तो वहां उसकी दादी और छोटा भाई गौतम मिला। प्रश्नपत्र एक व्हाट्सएप ग्रुप में मात्र 350 रुपए में बेचे गए थे। इस ग्रुप का एडमिन प्रिंस ही है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड एग्जामिनेशन से यह व्हाट्सएप ग्रुप हाल में ही बनाया गया था। इस ग्रुप से जुड़ने के लिए छात्रों को लिंक भेजे गए थे। इस ग्रुप में एक हजार से ज्यादा लोग जुड़े थे। ग्रुप से जुड़ने के बाद प्रश्नपत्र के बदले क्यूआर कोड से 350 रुपए मांगे गए थे। प्रश्नपत्र के पीडीएफ को अनलॉक करने के लिए पासवर्ड बनाया गया था। जिन लोगों ने रुपए का भुगतान किया, उन्हें पासवर्ड दिया गया था।उल्लेखनीय है कि जैक ने 18 फरवरी को हिंदी और 20 फरवरी को विज्ञान की परीक्षा का आयोजन किया था। दोनों पेपर के प्रश्न सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जैक द्वारा पूछे गए प्रश्नों से जब वायरल प्रश्न पत्रों का मिलान किया गया, तो कई सवाल एक समान पाए गए। जैक ने उसके बाद हिंदी और विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया था।

### दक्षिणी और मध्यवर्ती...

और तेज धूप खिली रही। इससे दोपहर में थोड़ी गर्मी का भी अहसाह हुआ। वैसे, गुरुवार को हुई हल्की बारिश से सुबह में ठंड का अहसास हुआ। वातावरण में नमी भी रही। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, शनिवार को मौसम गुरुवार की तुलना में कुछ ठीक रहेगा। लेकिन, कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही, वज्रपात की भी आशंका है। रांची में शुक्रवार को अधिकम तापमान 28.6 और न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकम तापमान 33.3 और न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस तथा मेदिनीनगर में अधिकम तापमान 34.2 और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### ईडी ने बीबीसी...

ब्रिटिश प्रसारणकर्ता के खिलाफ ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत यह आदेश जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि 100 प्रतिशत एफडीआई कंपनी बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया डिजिटल मीडिया के माध्यम से समाचार और समसामयिक विषयों को अपलोड/स्ट्रीम करने का काम करती है। लेकिन, उसने अपनी एफडीआई को घटाकर 26 प्रतिशत ह्यनहीं कियाह्न, बल्कि इसे 100 प्रतिशत पर ही रखा, जो भारत सरकार द्वारा जारी नियमों का ह्यघोर उल्लंघनह्न है। उन्होंने कहा कि उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 18 सितंबर 2019 को जारी प्रेस नोट 4 में सरकारी मंजूरी के माध्यम से डिजिटल मीडिया के लिए 26 प्रतिशत एफडीआई सीमा निर्धारित की गई है। सूत्रों ने बताया कि बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर लगाया गया कुल जुमार्ना तीन करोड़ 44 लाख 48 हजार 850 रुपए है। साथ ही ह्यफेमाह्न, 1999 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 15 अक्टूबर 2021 के बाद से अनुपालन की तारीख तक प्रत्येक दिन के हिसाब से 5,000 रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है।

### झारखंड के आईआरएस...

केरल पुलिस अधिकारियों ने अब तक झारखंड पुलिस के साथ संपर्क स्थापित कर लिया है और वे वहां से पुलिस अधिकारियों की एक टीम के आने की उम्मीद कर रहे हैं। जांच दल को संदेह है कि मां की मौत पहले हुई होगी और हो सकता है कि उनकी हत्या की गई हो। पुलिस भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थ्रिक्काकरा पुलिस ने अप्राकृतिक मौत के लिए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। संदिग्ध आत्महत्या का कारण अभी तक अज्ञात है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है। फिलहाल विस्तृत जांच चल रही है।

**जीएसटी आयुक्त कार्यालय में शीर्ष अधिकारी थे मनीष :** मनीष अग्रवाल 2011 आईआरएस बैच के थे और यहां जीएसटी आयुक्त कार्यालय में शीर्ष अधिकारी थे। उनकी बहन शालिनी पिछले कुछ महीनों से अपने भाई और मां के साथ रह रही थीं। यह परिवार पिछले डेढ़ साल से इस क्वार्टर में रह रहा था और पड़ोसियों से वे सीमित संपर्क रखते थे। पड़ोसियों ने बताया कि मनीष की मां ही कभी-कभी बाहर दिखाई देती थीं।

### यह बहुत ही...

हमें भारत में मतदान पर 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारत सरकार को बताना होगा... यह एक बड़ी सफलता है। इससे पहले, बुधवार को ट्रंप ने अमेरिकी सरकार के कार्यदक्षता विभाग (डीओजीई) के उस कदम का समर्थन किया था, जिसमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग रद्द करने का फैसला किया गया। ट्रंप ने फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो निवास पर बोलते हुए टिप्पणी की, हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। वे हमारे हिसाब से दुनिया में सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं। हम शायद ही वहां प्रवेश कर पाएं, क्योंकि उनके टैफिक अधिक हैं। मैं भारत और उनके प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर देना, वह भी भारत में, यहां के मतदान के बारे में क्या?

# खजुराहो महोत्सव शुरू

## 139 कलाकारों ने 24 घंटे नृत्य कर बनाया कीर्तिमान



**छतरपुर (आईएएनएस)।** मध्य प्रदेश की पर्यटन नगरी खजुराहो में नृत्य समारोह शुरू हुआ, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उद्घाटन किया। इस मौके पर 139 कलाकारों द्वारा लगातार 24 घंटों तक नृत्य किए जाने पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 139 कलाकारों द्वारा 24 घंटे लगातार नृत्य कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने पर कलाकारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। 24 घंटे कथकली नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए आप सभी कलाकारों को बधाई। इस नटराज नृत्य शैली को भगवान शिव और भगवान श्रीकृष्ण ने किया था। नृत्य साधना में हम सभी के पूर्वजों की कल्पनाशीलता व गतिशीलता की झलक दिखाई देती है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार नृत्य मुद्राओं को महाकाल महालोक में शिल्पकला के माध्यम से प्रदर्शित करने का कार्य करा रही है।

### कंदरिया महादेव मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत

एक हजार साल पुराना कंदरिया महादेव मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत है। नृत्य साधना व कलाओं की विधाओं के माध्यम से हमें संस्कृति की धारा को प्रवाहित करने का अद्भुत संकल्प मिलता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि खजुराहो धर्म, संस्कृति व अध्यात्म का केंद्र है।

## वाराणसी : तेज रफ्तार क्रूजर जीप खड़े ट्रक में घुसी, 4 लोगों की मौत



**एजेंसी । वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शुक्रवार को मिर्जामुराद हाईवे पर सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, क्रूजर जीप में सवार होकर श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। जीप हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए। क्रूजर जीप में चालक समेत 11 लोग सवार थे। सभी श्रद्धालु कर्नाटक के बताए जा रहे हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम और अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार, जीप की रफ्तार काफी तेज थी। ऐसी संभावना है कि जीप ड्राइवर को झपकी आ गई होगी, जिसकी वजह से ट्रक से जीप टकरा गई। हादसे के बाद चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस के साथ श्रद्धालुओं को कार से निकालने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहे। इसके बाद, क्रेन की मदद से ट्रक और जीप को अलग किया गया। क्रुजर जीप को काटकर घायलों को बाहर निकाला गया।

## जी20 : चीनी-रूसी विदेश मंत्रियों से मिले एस जयशंकर, कहा

# भू-राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाएं

- वित्त का हथियार के रूप में प्रयोग और डाटा प्रवाह में पारदर्शिता की कमी पर भी हुई बात

**जोहानिसबर्ग (आईएएनएस)**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका में चल रहे जी20 सत्र में अपने संबोधन में वैश्विक शांति, सहयोग और कूटनीति पर जोर दिया। उन्होंने रूस, चीन और अन्य साझेदार देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की और वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के समाधान के लिए बहुपक्षीय सहयोग, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित इस जी20 सत्र में डॉ. जयशंकर ने विश्व नेताओं से आग्रह किया कि केवल संकट प्रबंधन तक सीमित न रहें, बल्कि प्रमुख आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों का समाधान करने के लिए निर्णायक कदम उठाएं। उनके संबोधन में कोविड-19 महामारी के बाद के संघर्ष, आर्थिक तनाव, खाद्य सुरक्षा संबंधी समस्याओं और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का जिक्र किया गया। साथ ही उन्होंने नई चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला, जैसे कि केंद्रित आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ती चिंताएं, व्यापार और वित्त का हथियारीकरण और डाटा प्रवाह में पारदर्शिता की कमी। डॉ. जयशंकर ने उल्लेख किया कि उभरती प्रौद्योगिकियां जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इलेक्ट्रिक वाहन, अंतरिक्ष अन्वेषण, ड्रोन और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में विकास के साथ-साथ इनके भू-राजनीतिक निहितार्थों पर भी ध्यान देना आवश्यक है। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्षों पर भी उनके विचार स्पष्ट रहे। उन्होंने गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई का स्वागत किया और आतंकवाद की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान सहित एक समावेशी समाधान अपनाया जाना चाहिए, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लेबनान और सीरिया जैसी समस्याओं पर भी अपने विचार रखे और कहा कि इन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता वैश्विक सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

समुद्री सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को लेकर डॉ. जयशंकर ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने अरब सागर और अदन की खाड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सामान्य समुद्री वाणिज्य को बहाल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन अनिवार्य है।



### सभी देशों के हितों को ध्यान में रख वैश्विक शासन का स्वरूप बदलना आवश्यक

डॉ. जयशंकर ने वैश्विक शासन संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और इसकी सुरक्षा परिषद अक्सर गतिरोध के कारण संकटों का प्रभावी समाधान नहीं कर पाती। उन्होंने सुरक्षा परिषद की संरचना और कार्यपद्धति में बदलाव की अपील की, ताकि वैश्विक एजेंडा में सभी देशों के हितों को उचित स्थान मिले और निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी तथा पारदर्शी हो। उनका कहना था कि केवल कुछ शक्तिशाली देशों द्वारा लिए जाने वाले विशेष निर्णय नहीं, बल्कि सभी देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक शासन का स्वरूप बदलना आवश्यक है।

# काश पटेल बने एफबीआई निदेशक अमेरिका के दुश्मनों को दी कड़ी चेतावनी

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



भारतीय-अमेरिकी काश पटेल को अमेरिका की शीर्ष जांच एजेंसी, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) का निदेशक नियुक्त किया गया है। वह इस पद पर पहुंचने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति हैं। अपनी नियुक्ति के बाद उन्होंने अमेरिका के दुश्मनों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा, "हम इस ग्रह के हर कोने में तुम्हारा पीछा करेंगे। पटेल को अमेरिकी सीनेट ने 51-49 के मामूली बहुमत से एफबीआई निदेशक के रूप में मंजूरी दी। हालांकि, उनके नामांकन का डेमोक्रेट्स ने कड़ा विरोध किया। यहां तक कि दो रिपब्लिकन सीनेटर, लिसा मुर्कोव्स्की और सुसान कोलिन्स ने भी उनके खिलाफ वोट दिया। सीनेटर कोलिन्स ने कहा कि पटेल ने एफबीआई की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता पर संदेह होता है। पटेल ने क्रिस्टोफर रे की जगह यह पद संभाला है, जो दो साल पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। एफबीआई निदेशक का कार्यकाल 10 साल का होता है, लेकिन उनके दो पूर्ववर्तियों का कार्यकाल समय से पहले समाप्त हो गया था। इससे पहले, 2017 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेम्स कॉमी को उनके कार्यकाल के चार साल बाद ही हटा दिया था।

निदेशक पद संभालने के बाद पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी पहली पोस्ट की। उन्होंने कहा, "एफबीआई की एक महान विरासत है, लेकिन हाल के वर्षों में न्याय प्रणाली के राजनीतिकरण ने जनता का भरोसा कमजोर किया है।

## गाजा से लौटा शव शिरी बिबास का नहीं, पीएम नेत्याहू बोले- हमास को चुकानी पड़ेगी कीमत

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि हमास को बंधक शिरी बिबास के शव को समझौते के अनुसार रिहा न करने के लिए कीमत चुकानी होगी। यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया, क्योंकि फोरेंसिक जांच से पता चला है कि गुरुवार को गाजा से लौटा शव शिरी बिबास का नहीं था। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो बयान में कहा, "हम शिरी को सभी बंधकों - 'जीवित और मृत दोनों' - के साथ घर वापस लाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और बुरे उल्लंघन के लिए पूरी कीमत चुकाए। इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि सौंपे गए चार शवों में से दो की पहचान शिरी के बेटों एरियल और केफिर के रूप में हुई। एक शव ओडेड लिफशिट्ज का था।

## कतर से रिश्ते : भारत की मजबूरी और कूटनीतिक जरूरत

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उद्योगपति एलोन मस्क की वैश्विक नीति से परेशान देशों के बीच, भारत की स्थिति थोड़ी अलग है। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रम्प के अच्छे रिश्ते के बावजूद, भारत को अपनी ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कतर से मजबूत संबंध बनाए रखना आवश्यक है। कतर, जिसकी आबादी मात्र 29 लाख है, भारत को ऊर्जा, खासकर गैस और तेल, की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत ने 2022-23 में कतर से 10.74 मिलियन मेट्रिक टन एलएनजी और 5.33 मिलियन मेट्रिक टन एलपीजी आयात किया। इन व्यापारिक संबंधों के मद्देनज़र, भारत ने कतर के शेख तमीम बिन हमद अल थानी का स्वागत प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एयरपोर्ट पर किया। कतर और भारत के बीच यह मजबूत धंधे के रिश्ते भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत ने 2017 में कतर के समर्थन में कुछ कदम उठाए थे, जब कई देशों ने कतर का बहिष्कार किया था। ऐसे में कतर से अच्छे रिश्ते रखना भारत के लिए ज़रूरी है, क्योंकि कतर से तेल और गैस की आपूर्ति भारत की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाती है।

### भारत-पाकिस्तान फ्लैग मीटिंग

## संघर्ष विराम समझौते पर पर बनी सहमति

**जम्मू (आईएएनएस)**



भारत और पाकिस्तान ने हाल ही में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी की घटनाओं पर चर्चा के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग की। ब्रिगेडियर स्तर की फ्लैग मीटिंग जिले के चकन दा बाग स्थित नियंत्रण रेखा क्रॉसिंग प्वाइंट पर हुई। अधिकारियों के मुताबिक एलओसी पर हाल में हुई गोलीबारी और एक आईईडी विस्फोट की घटनाओं के मद्देनजर तनाव कम करने के लिए फ्लैग मीटिंग आयोजित की गई थी। आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन समेत दो जवानों की मौत हुई थी। अधिकारियों ने बताया, "दोनों पक्षों ने माना कि सीमाओं पर शांति और सौहार्द बनाए रखना जरूरी है। बैठक करीब 75 मिनट तक चली और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति के व्यापक हित में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमति जताई। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं ने 2021 में संघर्ष विराम की घोषणा की थी। इस संघर्ष विराम समझौते के कारण, नियंत्रण रेखा पर तनाव काफी कम हद तक कम हो गया। हालांकि पिछले दिनों कुछ चिंताजनक घटनाएं हुईं। 11 फरवरी को नियंत्रण रेखा के अखनूर सेक्टर में दो भारतीय सेना के जवानों की शहादत के अलावा पुंछ और राजौरी जिलों में नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में दो अन्य जवान घायल हो गए थे। पुंछ सेक्टर में सीमा पार से की गई गोलीबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ भी कुछ लोग हताहत हुए हैं।

सेना और सुरक्षा बल एलओसी और भीतरी इलाकों में कड़ी चौकसी बरत रहे हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी कम होने के कारण इस सर्दी में घुसपैठ के पारंपरिक रास्ते खुले रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर पर दो सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की।

## कच्छ में बस-ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, छह लोगों की मौत, 20 अन्य घायल

**कच्छ (आईएएनएस)।** गुजरात के कच्छ में शुक्रवार को बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई और करीब 20 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिसमें कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा कच्छ के केरा मुंद्रा रोड के नजदीक हुआ है। बस में 40 लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में लगभग 20 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और 108 एंबुलेंस स्टाफ मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। कहा जा रहा है कि इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, केरा-मुंद्रा रोड पर एक निजी बस और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में भीषण हादसा हुआ।




# अध्ययन ने बताया गट माइक्रोबायोम से कैसे जुड़ा है मल्टीपल स्केलेरोसिस का जोखिम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गट माइक्रोबायोम (आंत में मौजूद सूक्ष्म जीव) मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) नामक बीमारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक ऑटोइम्यून रोग है, जो हमारे सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है, जिससे यह समझने में मदद मिल सकती है कि कुछ लोगों को यह बीमारी क्यों होती है। हमारी आंत में खरबों बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्म जीव होते हैं, जिन्हें मिलाकर माइक्रोबायोम कहा जाता है। ये जीव हमारे पाचन तंत्र में रहते हैं और हमारे स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया कि एमएस के मरीजों की आंत में कुछ खास तरह के बैक्टीरिया की मात्रा सामान्य लोगों की तुलना में अलग होती है। साथ ही, इन मरीजों में "इम्युनोग्लोबुलिन ए (आईजीए)" नामक एंटीबॉडी से ढके बैक्टीरिया की संख्या भी कम पाई गई। शोध की मुख्य वैज्ञानिक, एसोसिएट प्रोफेसर एरिन लॉन्गब्रेक के अनुसार, "जब एमएस के मरीजों में आईजीए से ढके बैक्टीरिया कम होते हैं, तो यह दर्शाता है कि उनके शरीर और आंत के जीवों के बीच संतुलन बिगड़ गया है। संभव है कि पर्यावरणीय कारणों से आंत के बैक्टीरिया में बदलाव होता है, जिससे एमएस होने की संभावना बढ़ जाती है। यह अध्ययन "न्यूरोलॉजी न्यूरोइम्यूनोलॉजी एंड न्यूरोइन्फ्लेमेशन" पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इसमें 43 ऐसे लोगों को शामिल किया गया, जिन्हें हाल ही में एमएस हुआ था और उन्होंने अभी तक कोई इलाज शुरू नहीं किया था।

इनकी तुलना 42 स्वस्थ लोगों से की गई।उनके मल के नमूनों की जांच से पता चला कि एमएस (मल्टीपल स्केलेरोसिस) के मरीजों में 'फीकलिबैक्टीरियम' नामक बैक्टीरिया कम थे, जबकि बिना इलाज वाले एमएस मरीजों में 'मोनोग्लोबस' नामक बैक्टीरिया ज्यादा थे।

### कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है, जो ऑटोइम्यून बीमारियों को बढ़ाती हैं

इन 43 मरीजों में से 19 को "बी-सेल डिप्लीशन थेरेपी" नामक इलाज दिया गया, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) की उन कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है, जो ऑटोइम्यून बीमारियों को बढ़ाती हैं। इलाज के छह महीने बाद, जब दोबारा इनके मल के नमूने लिए गए, तो इनके गट माइक्रोबायोम स्वस्थ लोगों की तरह हो गए। प्रोफेसर लॉन्गब्रेक ने कहा कि इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि यह दवा एमएस के इलाज में कैसे काम करती है। इसके जरिए यह भी जाना जा सकता है कि कुछ लोगों को एमएस क्यों होता है, जबकि अन्य लोग इससे सुरक्षित रहते हैं।

